सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 08 अगस्त , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 32, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



सेंसेक्स में 456 अंकों की गिरावट

वित्तीय शेयरों में बिकवाली के दबाव में घरेलू शेयर बाजार में दो दिनों की तेजी थम गयी। सेंसेक्स 456 अंक टूट गया जबकि निफ्टी में 65 अंकों की गिरावट रही। } 10

ई-कॉमर्स मंचों से बढ़ायी जा सकती है हथकरघा उत्पादों की पहुंच

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि देश का हथकरघा क्षेत्र बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर प्रदान करता है और ई-कॉमर्स मंचों के माध्यम से इसके उत्पादों की वैश्विक पहुंच को और बढ़ाया जा सकता है। } 12

झारखंड : सरकार व छात्रों के बीच व्यापक चर्चा

प्रतिनिधिमंडल ने सौंपी अपनी मांगों की सूची

एजेंसी



रांची। भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर आंदोलन कर रहे छात्रों ने शुक्रवार को झारखंड सरकार को 10 सदस्यों वाले नए प्रतिनिधिमंडल की सूची सौंपी। यह प्रतिनिधिमंडल इस मुद्दे के समाधान के लिए सरकार के साथ बातचीत करेगा।

आंदोलन का नेतृत्व कर रहे झारखंड लोक सेवा आयोग-झारखंड कर्मचारी चयन आयोग सुधार मंच ने बताया कि सरकार की ओर से पहले भेजे गए 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल पर आपत्ति जताए जाने के बाद नयी सूची सौंपी गई है। पुराने प्रतिनिधिमंडल में एक अधिवक्ता और दो तकनीकी विशेषज्ञ शामिल थे। नए प्रतिनिधिमंडल में छात्र नेता रविंद्र पासवान, पीयूष कुमार, राजेश प्रसाद, नीतू कुजूर, अंकित राज, कार्तिक सोरेन, शालू कुमारी, रविंद्र कुमार रवि, आनंद कुमार और अंकित कुमार शामिल हैं। झारखंड में भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ जारी आंदोलन शुक्रवार को 14वें दिन में प्रवेश कर गया। इस दौरान छह प्रदर्शनकारी भूख हड़ताल पर हैं, जबकि दो छात्र संगठनों ने शुक्रवार को विधानसभा तक मार्च निकाला। छात्रों से बातचीत के ...शेष पृष्ठ 10 पर

चढ़ावा चोरी व छात्रों पर पुलिसिया कार्रवाई को लेकर संसद में गतिरोध

लोकसभा में हंगामे के बीच ही सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम विकास (संशोधन) विधेयक पारित

एजेंसी



नयी दिल्ली। अयोध्या के राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी और दिल्ली में प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस कार्वाई के मुद्दों पर विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण शुक्रवार को भी संसद की कार्यवाही बाधित रही और दोनों सदनों को एक-एक बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित कर दिया। दोनों सदनों में भारत छोड़ो आंदोलन की 84वीं वर्षगांठ पर स्वतंत्रता आंदोलन में बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

लोकसभा ने हंगामे के बीच ही सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास (संशोधन) विधेयक, 2026 को चर्चा के बिना पारित कर दिया। लोकसभा की बैठक शुरू होने पर अध्यक्ष ओम बिरला ने आगामी नौ अगस्त को भारत छोड़ो आंदोलन की 84वीं वर्षगांठ का उल्लेख किया और सदस्यों ने कुछ क्षण मौन रखकर शहीद स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी। बिरला ने भारत छोड़ो आंदोलन के संदर्भ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के योगदान का उल्लेख करते हुए विपक्षी सांसदों से उनसे प्रेरणा लेने को कहा। अध्यक्ष ने कहा, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का योगदान भारत ही नहीं, पूरी दुनिया मानती है और उनसे प्रेरणा लेती है। आप सब भी उनसे प्रेरणा लें और देश के अंदर लोकतंत्र को सशक्त और मजबूत करने के लिए संवाद करें। बिरला ने कहा बाबा साहेब आंबेडकर ने यह विचार दिया था कि देश के अंदर लोकतंत्र को सशक्त और मजबूत करना है तो चर्चा और संवाद ही इसका रास्ता है। इसके बाद विपक्षी सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया। वे अपने मुद्दे को लेकर नारे लगा रहे थे। इसके बाद अध्यक्ष ने कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी। एक बार के स्थगन के बाद बैठक शुरू होने पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास (संशोधन) विधेयक, 2026 को चर्चा और पारित करने के लिए पेश किया। इस दौरान विपक्ष का हंगामा जारी रहा। हंगामे के बीच ही सदन ने विधेयक को चर्चा के बिना पारित कर दिया। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, ये लोग आज भी सवेरे से गृह मंत्री का नाम ले-लेकर नारे लगा रहे हैं। ये लोग हंगामा करके गायब हो जाते हैं। गृह मंत्री अमित ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

सहायक पोस्टमास्टर ने किया 1.4 करोड़ गबन

संभल। जिले के बहजोई डाकघर के सहायक पोस्टमास्टर को लोगों के खातों से 1.4 करोड़ रुपये गबन करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी और कहा कि मामले में सात अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने पत्रकारों को बताया कि आरोपी दीपक कुमार पर लोगों के खाते से धनराशि गबन करने का आरोप है। 2023 में चंदौसी डाकघर से बहजोई में उसका स्थानांतरण हुआ था। आरोपी सावधि जमा और बचत खाते में पैसे जमा कराने आने वाले लोगों से रकम लेकर रसीद नहीं देता था। उन्होंने कहा कि जिन खातों में मोबाइल नंबर लिंक नहीं थे, उन्हीं को निशाना बनाकर पैसे हड़पे गए। शिकायत मिलने पर मामले की जांच की गई और सात लोगों की तहरीर के आधार पर बहजोई थाने में अलग-अलग प्राथमिकियां दर्ज हुईं। उन्होंने कहा कि अब तक 1.4 करोड़ रुपये के गबन की पुष्टि हुई है।

सिपाही हत्याकांड में दो दोषियों को उम्रकैद

सहारनपुर। जिले की एक अदालत ने सिपाही राहुल ढाका की हत्या के मामले में 13 साल बाद फैसला सुनाते हुए दो आरोपितों मेहताब और सादर को दोषी करार दिया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे) संजय कुमार ने दोनों को उम्रकैद की सजा सुनाने के साथ 75-75 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। अभियोजन के अनुसार पांच जून 2013 को सुबह करीब साढ़े नौ बजे मलिरा रोड की पुलिया के पास कुख्यात मुकिम काला गिरोह के सदस्यों के साथ पुलिस की मुठभेड़ के दौरान सीओ सदर उमेश कुमार यादव के गनर सिपाही राहुल ढाका की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों को उम्रकैद की मांग की थी।

यूपी में दंगा नहीं, अब कानून का राज : योगी

अंबेडकरनगर में 706 करोड़ रुपये की 194 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

जिला संवाददाता



आंबेडकरनगर (उप्र)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राज्य के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) पर विधानसभा सत्र नहीं चलने देने का आरोप लगाते हुए कहा कि सपा की विकास में कोई रुचि नहीं है।

उन्होंने कहा कि 2017 से पहले सपा की पूर्ववर्ती सरकार में पार्टी का झंडा लगाकर अवैध वसूली होती थी, थानों-तहसीलों पर कब्जे थे, गुंडागर्दी चरम पर थी। आदित्यनाथ ने कहा कि उस समय लोगों के मन में यह भाव आ गया था- जिस गाड़ी में सपा का झंडा-समझो उसमें होगा सपा का गुंडा। आदित्यनाथ शुक्रवार शाम आंबेडकरनगर जिले के जलालपुर, आलापुर एवं टांडा विधानसभा क्षेत्रों की 706 करोड़ रुपये की 194 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने तथा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, प्रमाण पत्र और चेक वितरित करने के बाद आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। गौरतलब है कि उप्र विधानमंडल दल का मानसून सत्र तीन अगस्त से सात अगस्त तक प्रस्तावित था, लेकिन विपक्ष के हंगामे के चलते छह अगस्त को अनुपूरक बजट पारित होने के बाद सत्र स्थगित कर दिया गया। इस सत्र में वित्तीय वर्ष 2026-27 का 59 हजार करोड़ रुपये से अधिक का अनुपूरक बजट विधानमंडल में विपक्षी दलों के शोर-शराबे और हंगामे के बीच पारित हुआ। आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में विधानसभा सत्र न चलने देने के लिए समाजवादी पार्टी को जिम्मेदार बताते हुए कहा हम लोग लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास करते हैं, लोकतंत्र की तीन महत्वपूर्ण आधारशिला विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बेहतर समन्वय से विकास के कार्यों को गति मिलती है। उन्होंने जनसभा में आये लोगों को याद दिलाते हुए कहा आपने देखा होगा अभी हाल ही में उप्र विधानमंडल का सत्र था। विधानसभा में हमने 59 हजार करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट प्रस्ताव पेश किया, हमने सोचा था कि सत्तापक्ष के विधायक और सहयोगी दलों के विधायक तो इस पर चर्चा करते ही हैं, विपक्ष के लोगों की भी इसमें रुचि होगी। आदित्यनाथ ने ...शेष पृष्ठ 10 पर

स्वदेशी आंदोलन ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम को दी नयी दिशा : सीएम योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर सभी बुनकरों, हस्तशिल्पियों, कारीगरों और उद्यमियों को शुभकामनाएं देते हुए शुक्रवार को कहा कि स्वदेशी आंदोलन ने ही भारत के स्वतंत्रता संग्राम को नयी दिशा प्रदान की थी। लखनऊ में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में उत्कृष्ट बुनकरों को संत कबीर राज्य स्तरीय हथकरघा पुरस्कार से सम्मानित करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि के बाद वस्त्र उद्योग सबसे अधिक रोजगार उपलब्ध कराने वाला क्षेत्र है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में संत कबीर के नाम पर पांच वस्त्र पार्क स्थापित करने की योजना पर काम किया जा रहा है। योगी आदित्यनाथ ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार ने हस्तशिल्पियों और कारीगरों को विशेष महत्व दिया है। उन्होंने 2017 से पहले की सरकारों, विशेष रूप से सपा सरकार पर इस वर्ग की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा यह ...शेष पृष्ठ 10 पर

हाईकोर्ट ने अलीगंज अग्निकांड में सरकार से मांगा विस्तृत जवाब

विधि संवाददाता, लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने अलीगंज अग्निकांड से संबंधित जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए प्रदेश सरकार और अन्य संबंधित अधिकारियों को विस्तृत जवाबी हलफनामे दाखिल करने का निर्देश दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि गोलमोल जवाब स्वीकार नहीं किए जाएंगे। न्यायमूर्ति राजन राय एवं न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ को प्रदेश सरकार तथा उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद की ओर से बताया गया कि अग्नि सुरक्षा मानकों और भवन निर्माण नियमों के प्रभावी अनुपालन के लिए तैयार की जा रही मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) लगभग तैयार है। इसे और जवाबी हलफनामे दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा गया।

खंडपीठ ने निर्देश दिया कि जवाबी हलफनामों में जनहित याचिका में उठाए गए सभी मुद्दों के साथ-साथ अदालत के पूर्व आदेश में व्यक्त की गई चिंताओं का भी स्पष्ट उत्तर दिया जाए। अदालत ने पूर्व में अलीगंज स्थित तीन मंजिला ...शेष पृष्ठ 10 पर

नीट पेपर लीक मामला : तीन विशेषज्ञ मुख्य आरोपी

सीबीआई ने त्वरित अदालत में दाखिल किया आरोप-पत्र

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के आरोप-पत्र में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के तीन विषय विशेषज्ञों पी. वी. कुलकर्णी (रसायन विज्ञान), मनीषा गुरुनाथ मांढरे (प्राणी विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान) और मनीषा संजय हवलदार (भौतिकी) को मुख्य आरोपी बताया गया है।

सीबीआई ने हाल में उस विशेष त्वरित अदालत के समक्ष आरोप-पत्र दाखिल किया है, जो प्रश्नपत्र लीक और सार्वजनिक परीक्षाओं में अन्य अनुचित साधनों के इस्तेमाल से जुड़े आपराधिक मामलों की सुनवाई कर रही है। आरोप-पत्र में कहा गया है, जांच में सामने आया है कि इन तीनों विशेषज्ञों को अनुवाद के दौरान लिखने के काम के लिए गोपनीय कक्ष के अंदर सादे कागज उपलब्ध कराए गए थे। आरोप-पत्र के अनुसार, आरोपी पी वी कुलकर्णी ने इन कागजों का इस्तेमाल कर छोटी पर्चियों पर रसायन विज्ञान के सभी 135 प्रश्नों और उनके उत्तर विकल्पों को संक्षेप में लिखा और उन्हें छिपाकर बाहर ले गया। कुलकर्णी को प्रश्नपत्र लीक का कथित मुख्य साजिशकर्ता बताया गया है। आरोप-पत्र में कहा गया है कि एनटीए के गोपनीय कक्ष ...शेष पृष्ठ 10 पर

फिर चर्चा के केंद्र में रही अतीक की बीवी शाइस्ता परवीन

प्रयागराज। अतीक अहमद की बीवी और उमेश पाल हत्याकांड में वांछित शाइस्ता परवीन शुक्रवार को एक बार फिर चर्चा के केंद्र में रही। सड़क हादसे में सबसे छोटे बेटे आबान की मौत के बाद हटवा गांव में उसका शव पहुंचने पर दिनभर यह चर्चा होती रही कि शाइस्ता अपने बेटे का अंतिम दीदार करने आई थी। हालांकि पुलिस और प्रशासन ने ऐसे सभी दावों को अफवाह बताते हुए खारिज कर दिया।

शुक्रवार सुबह जैसे ही आबान का शव हटवा गांव पहुंचा, अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। बड़ी संख्या में बुर्कानशीं महिलाएं भी मौजूद थीं। इसी दौरान भीड़ में शाइस्ता के होने की चर्चाएं तेज हो गईं। कई लोगों ने दावा किया कि वह गुपचुप तरीके से आई ...शेष पृष्ठ 10 पर

धामी कैबिनेट ने 15 प्रस्तावों पर लगायी मुहर

हल्द्वानी में हाईकोर्ट के लिए 30 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध कराने का निर्णय

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। राज्य में न्यायिक आधारभूत ढांचे को मजबूत करने, श्रमिकों को अधिक प्रभावी संरक्षण देने और ग्रामीण क्षेत्रों में आय के साधन बढ़ाने की दिशा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में 15 प्रस्तावों को मंजूरी मिली। फैसलों में हाईकोर्ट परिसर के लिए भूमि, श्रम कानूनों की नई व्यवस्था, पशुपालन, खेल शिक्षा, सड़क कनेक्टिविटी और जीएसटी से जुड़े अहम विषय शामिल रहे।

बैठक के फैसलों की जानकारी देते हुए महानिदेशक सूचना एवं अपर सचिव मुख्यमंत्री बंशीधर तिवारी ने बताया कि हाईकोर्ट को नैनीताल से हल्द्वानी स्थानांतरित करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए लामाचौड़ क्षेत्र में 30 हेक्टेयर भूमि हस्तांतरित किए जाने को मंजूरी दी गई है। भूमि उपलब्ध होने से हल्द्वानी में प्रस्तावित न्यायिक परिसर के निर्माण और उससे जुड़ी आधारभूत सुविधाओं के विकास की प्रक्रिया आगे बढ़ सकेगी। कैबिनेट ने श्रमिकों के वेतन और कार्य संबंधी अधिकारों को लेकर उत्तराखंड मजदूरी संहिता नियमावली-2026 को लागू करने की ...शेष पृष्ठ 10 पर



आज का मौसम

अधिकतम : 36.06 डिसे.

न्यूनतम : 26.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- कांवड़ शिविरों में सात्विक स्वाद व हाईटेक सेवा (पृष्ठ-02)
- रालोद को झटका, रामाशीष राय ने दिया इस्तीफा(पृष्ठ-02)
- रुपया मामूली बढ़त के साथ 95.20 प्रति डॉलर (पृष्ठ-10)
- झारखंड में पेश 8,399 करोड़ का बजट पेश (पृष्ठ-10)
- खाद्य प्रसंस्करण में 22 कंपनियों से मिले प्रस्ताव (पृष्ठ-10)

विशेष खबर — इंडियन ऑयल ने लॉन्च किया 'इंडेन एक्स्ट्रालाइट नाव', सिलेंडर की संख्या की कोई बाध्यता नहीं

अब मात्र तीन घंटे में मिलेगा रसोई गैस सिलेंडर

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उपभोक्ताओं की सहूलियत और त्वरित सेवा के लिए इंडियनऑयल ने इंडेन एक्स्ट्रालाइट नाव सिलेंडर की शुरूआत की है। अब इस नए विकल्प के तहत उपभोक्ताओं को बुकिंग के मात्र तीन घंटे के अंदर रसोई गैस सिलेंडर की डिलीवरी की जाएगी। यह सिलेंडर देखने में आकर्षक ट्रांसपेरेंट लुक में है और उठाने में काफी हल्का है, जिसे गृहणियां भी आसानी से संभाल सकती हैं।

इंडियनऑयल के कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख, उत्तर प्रदेश राज्य कार्यालय-1, संजय भंडारी ने इंडेन एक्स्ट्रालाइट नाव सिलेंडर की मुख्य विशेषताओं को रेखांकित करते हुए बताया कि इसमें हल्का कंपोजिट निर्माण, उन्नत सुरक्षा मानक, आधुनिक सौंदर्य लुक और आसान रखरखाव शामिल है। इसका जंग-मुक्त पॉलीमर डिजाइन रसोईघर के फर्श को एकदम साफ-सुथरा और बेदाग बनाए रखता है, जो आधुनिक मॉड्यूलर किचन के लिए विशेष रूप से उपयुक्त है। मुख्य महाप्रबंधक (एलपीजी) भोद्रो लाकरा ने बताया कि कामकाजी वर्ग, छात्रों और त्वरित सेवा चाहने वाले उपभोक्ताओं की सुविधा को देखते हुए इंडियनऑयल ने इंडेन एक्स्ट्रालाइट नाव का नया विकल्प पेश किया है। इसकी शुरूआत काशी से की गयी है, जहाँ कई उपभोक्ताओं को मौके पर ही यह सुविधा प्रदान की गई। इसके तहत बुकिंग कराने के मात्र तीन घंटे के भीतर घर पर डिलीवरी की विशेष सुविधा दी जा रही है। श्री लाकरा ने बताया कि इस सिलेंडर को लेने या रिफिल कराने के लिए किसी प्रकार की मासिक या वार्षिक सीमा नहीं है। ग्राहक अपनी आवश्यकतानुसार कभी भी इसे ले सकते हैं।

उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए यह सिलेंडर इंडेन गैस एजेंसियों में उपलब्ध कराया गया है। उपभोक्ता इसे इंडियन ऑयल वन ऐप के जरिए ऑनलाइन बुक कर सकते हैं या अपने निकटतम इंडेन डिस्ट्रीब्यूटर से संपर्क कर आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। मॉड्यूलर किचन, अपार्टमेंट्स और सोसायटियों के लिए बेहद आकर्षक और सुरक्षित है। वर्किंग प्रोफेशनल्स, ट्रांसफरबल एम्प्लॉइज, हॉस्टल्स और छोटे व्यवसायों के लिए सुविधाजनक है। प्रमुख ...शेष पृष्ठ 10 पर

शत्रु संपत्ति हेराफेरी मामले में तत्कालीन एसडीएम समेत आठ पर एफआईआर

विशेष संवाददाता

- सीजेएम ने पुलिस को 10 दिन में जांच रिपोर्ट सौंपने को कहा

लखनऊ/गोंडा। उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में शत्रु संपत्ति को कथित रूप से फर्जी तरीके से निजी व्यक्तियों के नाम दर्ज कराने के मामले में न्यायालय ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) अमित सिंह ने तत्कालीन एसडीएम समेत आठ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है।

न्यायालय ने पुलिस को मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने और 10 दिन के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। आरोपियों में शामिल तत्कालीन एसडीएम वर्तमान में सिद्धार्थनगर जिले में तैनात बताए जा रहे हैं। मामला तरबगंज तहसील क्षेत्र के गोहनी गांव का है। गांव निवासी अजय पांडेय और राजू सिंह ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि गांव की 0.138 हेक्टेयर भूमि मूल रूप से ऐसे परिवार के नाम दर्ज थी, जो वर्ष 1945 से पहले पाकिस्तान चला गया था। याचिकाकताओं के अनुसार, यह भूमि शत्रु संपत्ति के रूप में दर्ज की जानी चाहिए थी। आरोप है कि चकबंदी प्रक्रिया के दौरान राजस्व अभिलेखों में हेराफेरी कर भूमि को निजी व्यक्तियों ...शेष पृष्ठ 10 पर

हथकरघा को नयी पहचान दिला रही योगी सरकार, बुनकरों का बढ़ा उत्साह

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर संत कबीर राज्यस्तरीय पुरस्कार समारोह

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संत कबीर राज्यस्तरीय हथकरघा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में प्रदेश के बुनकरों और लाभार्थियों को सम्मानित किया। शुक्रवार को लखनऊ स्थित लोकभवन में मुख्यमंत्री ने विभिन्न श्रेणियों में चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कार और चेक प्रदान किए। कार्यक्रम में सम्मान पाने वाले बुनकरों ने इसे अपने लिए गौरव का क्षण बताते हुए योगी सरकार के प्रति आभार जताया।

बनारसी साड़ियों का काम करने वाले वाराणसी के जमालुद्दीन ने कहा कि राष्ट्रीय हथकरघा दिवस का कार्यक्रम उनके लिए गौरवान्वित करने वाला है हथकरघा क्षेत्र को और बेहतर तरीके से आगे बढ़ाने के लिए योगी सरकार प्रयासरत है। जमालुद्दीन ने बताया कि 2017 के बाद इस क्षेत्र में कई बेहतर कार्य हुए हैं और पहली बार उन्हें पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया। सीतापुर के बुनकर अकील अहमद ने कहा कि मुख्यमंत्री की ओर से सम्मानित किए जाने से उन्हें बेहद प्रसन्नता हुई है। योगी सरकार आने के बाद प्रदेश में अनेक बदलाव हुए हैं और इन्हीं बदलावों का परिणाम है कि बुनकर बेहतर तरीके से अपना काम आगे बढ़ा पा रहे हैं। वाराणसी के साड़ी बुनकर प्यारेलाल ने कहा कि सीएम योगी बुनकर समाज के लिए लगातार काम कर रहे हैं। रोजगार और कारोबार को आगे बढ़ाने के प्रयासों से उन्हें लाभ मिल रहा है। समय पर आर्थिक सहायता मिलने से काम को आगे बढ़ाने में मदद मिल रही है और सम्मान मिलने से उनका मनोबल भी बढ़ा है। ललितपुर की मीराबाई ने कार्यक्रम में बुलाकर सम्मानित करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। इटावा की बिनाई कारीगर सोनी ने कहा कि सरकार महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है, जिसका सकारात्मक असर उनके काम और तरक्की पर दिखाई दे रहा है। हाथरस के रूप किशोर ने कहा कि सीएम योगी का विजन बुनकरों और हस्तशिल्प से जुड़े लोगों को आगे बढ़ाने में मददगार साबित हो रहा है। 2017 के बाद हस्तशिल्प और हथकरघा क्षेत्र की उन्नति के लिए बेहतर प्रयास किए जा रहे हैं। टांडा के शाहनवाज अहमद ने बताया कि वे गमछा, साड़ी और दुपट्टा बनाने का काम करते हैं। हस्तशिल्पकारों के लिए किए जा रहे प्रयासों से काम को मजबूती मिल रही है। वहीं सम्मान मिलने पर मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में बुनकरों को आगे बढ़ने का भरोसा और मजबूती मिल रही है।

संगठन की मजबूती व जनभागीदारी से मिलेगी जीत

मंत्री ने विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू जनजाति आयोग के गठन पर मुख्यमंत्री का निषाद समाज की ओर से जताया आभार

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। निषाद पार्टी अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद की अध्यक्षता में शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर लखनऊ मंडल के पार्टी पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. संजय कुमार निषाद ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव संगठन की एकजुटता, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और जनता के विश्वास का चुनाव होगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा पार्टी की नीतियों को मछुआ समाज के घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करें।

उन्होंने कहा कि निषाद पार्टी सामाजिक न्याय, समान भागीदारी और वंचित, शोषित एवं पिछड़े समाज के अधिकारों की लड़ाई निरंतर लड़ती रही है। प्रदेश सरकार द्वारा समाज के सर्वांगीण विकास एवं अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए किए जा रहे कार्यों को जनता के बीच प्रभावी ढंग से रखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि संगठन की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। आगामी चुनाव को देखते हुए प्रत्येक पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में नियमित जनसंपर्क अभियान चलाए, नए कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़े तथा बूथ और सेक्टर स्तर पर संगठनात्मक संरचना को पूर्ण रूप से सुदृढ़ करें। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से पूर्ण समर्पण, अनुशासन और टीम भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में संगठन की आगामी रणनीति, सदस्यता अभियान, बूथ सशक्तिकरण, जनसंपर्क कार्यक्रमों तथा विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी विधानसभा चुनाव में उत्कृष्ट प्रदर्शन का संकल्प लिया।

विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू जनजाति आयोग पर डॉ. संजय कुमार निषाद ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू जनजाति आयोग के गठन के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक एवं सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने कहा कि विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू जनजातियों को उनका सम्मान और अधिकार दिलाने का संघर्ष आज का नहीं, बल्कि दशकों पुराना है। उन्होंने स्वयं भी लंबे समय से इन समाजों को उनका संवैधानिक एवं सामाजिक अधिकार दिलाने के लिए निरंतर आवाज उठाई है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू समुदायों की लगभग 193 जातियां निवास करती हैं।

डॉ. संजय कुमार निषाद ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू जनजाति आयोग के गठन का निर्णय इन समुदायों के सम्मान, अधिकारों और समग्र विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने जिन समुदायों की उपेक्षा की, आज उन्हें सम्मान और अधिकार दिलाने का कार्य वर्तमान सरकार कर रही है। इसके लिए निषाद समाज सहित सभी विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू समुदाय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करते हैं।

कांवड़ शिविरों में सात्विक स्वाद के साथ हाईटेक सेवा

बिना प्याज-लहसुन के देसी से लेकर चाइनीज व्यंजन तक मिल रहे

विशेष संवाददाता (vol)



मेरठ। श्रावण मास की कांवड़ यात्रा में इस बार सेवा, स्वच्छता और आधुनिक व्यवस्थाओं का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। मेरठ में कांवड़ मार्ग पर लगाए गए शिविरों में शिवभक्तों के स्वागत के लिए ऐसी व्यवस्थाएं की गई हैं, जो किसी बड़े आयोजन से कम नहीं हैं।

सात्विक परंपरा को बनाए रखते हुए श्रद्धालुओं को बिना प्याज-लहसुन के देसी व्यंजनों के साथ आधुनिक स्वाद भी परोसे जा रहे हैं। शिविरों में पास्ता, पिज्जा, नूडल्स, मोमोज और मंचूरियन जैसे व्यंजन भी कांवड़ियों के लिए उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निदेर्शों के तहत प्रशासनिक अधिकारी लगातार शिविरों का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं।

कांवड़ियों के लिए पूरे दिन के भोजन की विशेष व्यवस्था की गई है। सुबह चाय, बिस्किट, पोहा और जलेबी से दिन की शुरूआत होती है। नाश्ते में समोसा, कचौड़ी, ब्रेड पकौड़ा, वेज हक्का नूडल्स और हनी चिली पोटैटो जैसे व्यंजन परोसे जा रहे हैं। दोपहर के भोजन में शाही पनीर, कढ़ाई पनीर, पनीर लबाबदार, दाल मखनी, मिक्स वेज, चूरचूर नान, बटर नान, जीरा राइस और ताजी रोटियों के साथ रबड़ी-जलेबी, रसमलाई, रसगुल्ला और गुलाब जामुन की व्यवस्था है। शाम को स्प्रिंग रोल, चिली पनीर, मंचूरियन, पास्ता, वेज पिज्जा, मोमोज, मैकरोनी, सूप और बर्गर जैसे व्यंजन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। रात में छोले-पूड़ी, मटर पनीर, पुलाव, दाल और रोटियों के साथ खीर, हलवा, फ्रूट कस्टर्ड और मिठाइयां परोसी जा रही हैं। कंकरखेड़ा व्यापार संघ के शिविर में तकनीक का इस्तेमाल कर सेवा व्यवस्था को और बेहतर बनाया गया है। शिविर संयोजक नीरज मित्तल और व्यवस्था संचालक राजेश खन्ना के अनुसार यहां 20 किलो आटा गूंधने वाली मशीन और ऑटोमैटिक रोटी मशीन लगाई गई है। यह मशीन एक मिनट में करीब 16 और एक घंटे में लगभग 900 रोटियां तैयार कर रही है। शिविर में प्रतिदिन छह से सात हजार रोटियां बनाई जा रही हैं। सब्जियां काटने और मसाले तैयार करने के लिए भी आधुनिक मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। मोदीपुरम स्थित शिविर में उपवास रखने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष फलाहार की व्यवस्था की गई है। कुट्टू और सिंघाड़े के आटे से बने व्यंजन, आलू की सब्जी, मौसमी फल और अन्य व्रत सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। लंबी यात्रा के बाद शिवभक्तों को ऊर्जा देने के लिए कुल्हड़ में केसर युक्त गर्म दूध भी पिलाया जा रहा है।

शिक्षण संस्थानों के 500 मीटर दायरे में नशे पर नकेल

हॉस्टल-कैंटीन की होगी नियमित जांच, विवि व कॉलेजों में चलेगा व्यापक नशामुक्ति अभियान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'नशामुक्त भारत' के आह्वान को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से योगी सरकार प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में व्यापक नशामुक्ति अभियान शुरू करेगी। इस अभियान के तहत विद्यार्थियों को प्रतिदिन दो मिनट की नशामुक्ति शपथ दिलाई जाएगी और शैक्षणिक परिसरों को नशामुक्त बनाने के लिए विशेष निगरानी व्यवस्था लागू की जाएगी।

यह निर्णय विधानसभा परिसर में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित प्रदेश के सभी राजकीय विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों और परीक्षा नियंत्रकों की बैठक में लिया गया। बैठक में अभियान को प्रभावी, सतत और परिणामोन्मुख बनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना को मंजूरी दी गई। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि युवा शक्ति विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत है और उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों को केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण का आधार बनाया जा रहा है।

नई व्यवस्था के तहत प्रदेश के सभी राजकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में प्रत्येक कार्यदिवस की शुरूआत से पहले विद्यार्थियों को दो मिनट की नशामुक्ति शपथ दिलाई जाएगी। इसके अलावा 'रन फॉर नशामुक्ति', मैराथन, पथ संचलन, भाषण, निबंध, चित्रकला, नाटक और नुक्कड़ नाटक जैसी जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक शिक्षक सप्ताह में एक बार अपने पीरियड के अंतिम दस मिनट नशामुक्ति विषय पर विद्यार्थियों से संवाद करेंगे। सरकार ने सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के 500 मीटर दायरे में किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों की बिक्री पर कड़ी रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। हॉस्टलों, कैंटीनों और परिसर का नियमित निरीक्षण किया जाएगा। वहीं ऑनलाइन डिलीवरी और कूरियर से आने वाली सामग्रियों की प्रवेश द्वार पर ही जांच सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में यह भी तय किया गया कि नशे की प्रवृत्ति वाले विद्यार्थियों की पहचान कर उनकी काउंसलिंग कराई जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर अभिभावकों को बुलाकर संवाद स्थापित किया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों को नशे की लत से बाहर निकालने में परिवार की भी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। अभियान की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए पूरे प्रदेश को पांच जोनों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक जोन में वरिष्ठ अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया जाएगा। विश्वविद्यालय स्तर पर वरिष्ठ नोडल अधिकारी, महाविद्यालय स्तर पर प्राचार्य और प्रत्येक संकाय में अलग नोडल अधिकारी अभियान की नियमित निगरानी करेंगे।

रवींद्रनाथ टैगोर और स्व.मानसी दत्ता को दी श्रद्धांजलि

लखनऊ। बंगे नागरिक समाज द्वारा राष्ट्रगान 'जन गण मन' के रचयिता, नोबेल पुरस्कार विजेता एवं भारतीय साहित्य के युगपुरुष गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम में रालोद व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने लखनऊ स्थित गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके साहित्य, शिक्षा, मानवता और राष्ट्र के प्रति अमूल्य योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर बंगे नागरिक समाज की महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की अनुयायी स्वर्गीय मानसी दत्ता की पुण्यतिथि पर भी श्रद्धासुमन अर्पित किए गए और उनके सामाजिक योगदान को याद किया गया।

भरवारा आरओबी निर्माण का रास्ता साफ भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया फिर से होगी

विधि संवाददाता, लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने गोमतीनगर स्थित भरवारा रेलवे क्रॉसिंग पर लंबे समय से प्रस्तावित रेल उपरिगामी सेतु (आरओबी) के निर्माण का रास्ता साफ करते हुए राज्य सरकार को भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया के अहम चरण दोबारा शुरू करने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने माना कि भूमि अधिग्रहण, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 के तहत अधिग्रहण प्रक्रिया में गंभीर प्रक्रियागत खामियां बरती गई हैं।

न्यायमूर्ति राजन राय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने कहा कि अधिनियम की धारा-11 के तहत जारी प्रारंभिक अधिसूचना में यह उल्लेख किया गया कि भूमि अधिग्रहण से किसी परिवार का विस्थापन नहीं होगा, जबकि सामाजिक प्रभाव आकलन (सोशल इम्पैक्ट असेसमेंट) रिपोर्ट इससे अलग स्थिति दशार्ती है। अदालत ने इसे बिना समुचित विचार किए लिया गया निर्णय माना और कहा कि इसी कारण धारा-19 की अधिसूचना सहित बाद की समस्त अधिग्रहण कार्रवाई विधिसम्मत नहीं ठहराई जा सकती। खंडपीठ ने कहा कि एक ओर आरओबी का शीघ्र निर्माण जनहित में आवश्यक है, वहीं दूसरी ओर प्रभावित भूमि स्वामियों के वैधानिक अधिकारों की भी अनदेखी नहीं की जा सकती। इसी संतुलन को बनाए रखने के लिए अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह आदेश की प्रमाणित प्रति प्राप्त होने के दो सप्ताह के भीतर धारा-11 की अधिसूचना में संशोधन (कोरिजेंडम) जारी करे या फिर नई अधिसूचना जारी कर कानून के अनुसार पूरी अधिग्रहण प्रक्रिया दोबारा शुरू करें। अदालत ने अधिकारियों को छह माह के भीतर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया है।

साथ ही, आरओबी परियोजना की प्रगति पर निगरानी के लिए स्वतः संज्ञान (सुओ मोटू) जनहित याचिका दर्ज करने का आदेश देते हुए संबंधित अधिकारियों से समय-समय पर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को भी कहा है।

यूपी में 45 हजार करोड़ से अधिक का निवेश

एचसीएल-फॉक्सकॉन, अवाडा समेत 8 बड़ी कंपनियां गौतमबुद्ध नगर में लगायेंगी औद्योगिक इकाइयां

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तेजी से देश के प्रमुख औद्योगिक और निवेश केंद्र के रूप में उभर रहा है। प्रदेश में 8 बड़ी कंपनियां 45 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने जा रही हैं। इन परियोजनाओं से 25 हजार से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

एचसीएल-फॉक्सकॉन, अवाडा इलेक्ट्रो, एंबर एंटरप्राइजेज, एसएईएल सोलर, ओरियाना पावर, सीईएससी ग्रीन पावर, आईबी सोलर और एसेंट के सर्किट जैसी कंपनियां गौतमबुद्ध नगर में नई औद्योगिक इकाइयां स्थापित करने या अपने निवेश का विस्तार करेंगी। प्रदेश सरकार का कहना है कि उद्योग-अनुकूल नीतियों, पारदर्शी शासन, बेहतर कानून व्यवस्था, विश्वस्तरीय आधारभूत ढांचे और निवेशकों को समयबद्ध सुविधाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था से उत्तर प्रदेश देश-विदेश की कंपनियों की पसंद बन रहा है।

हरित ऊर्जा क्षेत्र में अवाडा इलेक्ट्रो लिमिटेड 16,139 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इससे करीब 7,400 रोजगार के अवसर पैदा होंगे। वहीं एसएईएल सोलर प्राइवेट लिमिटेड 8,000 करोड़ रुपये का निवेश कर लगभग 7,760 लोगों को रोजगार देने की योजना बना रही है। ओरियाना पावर लिमिटेड 4,500 करोड़ रुपये और सीईएससी ग्रीन पावर लिमिटेड 3,805 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। प्रदेश में हाईटेक मैन्युफैक्चरिंग को भी नई गति मिल रही है। एचसीएल-फॉक्सकॉन (इंडिया चिप प्रा. लि.) सेमीकंडक्टर नीति के तहत 3,706 करोड़ रुपये का निवेश करेगी, जिससे करीब 3,000 रोजगार सृजित होंगे। एसेंट के सर्किट द्वारा 3,250 करोड़ रुपये के निवेश से इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। इसके अलावा एंबर एंटरप्राइजेज इंडिया लिमिटेड 3,232 करोड़ रुपये और आईबी सोलर 3,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। इन परियोजनाओं से प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ने के साथ ही एमएसएमई क्षेत्र, स्थानीय आपूर्ति श्रृंखला और औद्योगिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का है, जिसके लिए बड़े निवेशों को अहम माना जा रहा है।

अखिलेश से मिले अभ्यर्थी, अतिरिक्त अवसर देने की उठायी मांग



लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीसीएस, आरओ/एआरओ एवं बीईओ परीक्षा की तैयारी कर रहे उन अभ्यर्थियों से मुलाकात की, जो कोरोना काल, पाठ्यक्रम में बदलाव और नई सेवा भर्ती नियमावली के कारण आयु सीमा पार कर चुके हैं।

इन युवाओं की मांग है कि उनके साथ न्याय करते हुए पीसीएस परीक्षा में दो अतिरिक्त अवसर तथा आरओ/एआरओ और बीईओ में एक अतिरिक्त अवसर प्रदान किया जाए। युवाओं ने ज्ञापन देकर कहा कि कोरोना काल (2019-21) में पढ़ाई और परीक्षाओं की तैयारियां प्रभावित हुईं। इसके बाद पीसीएस के पाठ्यक्रम में व्यापक बदलाव (2023-25) हुआ, जिससे अभ्यर्थियों को नए सिरे से तैयारी करनी पड़ी। अब नई सेवा भर्ती नियमावली 2026 का लाभ भी आयु सीमा पार कर चुके इन अभ्यर्थियों को नहीं मिल पा रहा है। युवाओं के वर्षों के परिश्रम और उनके भविष्य को देखते हुए उनकी मांगों को पूरा करे सरकार। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार बनने पर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। युवाओं के संघर्ष में सपा उनके साथ खड़ी है।

रालोद को झटका, प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने दिया इस्तीफा

लखनऊ। प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी को बड़ा झटका लगा है। रालोद के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व एमएलसी रामाशीष राय ने शुक्रवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। वहीं, रालोद के शीर्ष नेतृत्व ने नये प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर ऐश्वर्य राज सिंह को नियुक्त किया है।

फिलहाल श्री राय ने इस्तीफे में अपनी ही पार्टी की नीतियों पर इशारों में कई आरोप लगाये हैं। किसानों और नौजवानों की बात कहते हुए उनकी समस्याओं को उठाया है। जय प्रकाश नारायण और अटल बिहारी वाजपेयी के अह्वानों की चर्चा करते हुए लिखा कि आज संविधान, लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं पर हो रहे प्रहार से लोकतंत्र खतरे में है। रामाशीष राय इससे पहले भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहे हैं। चर्चा है कि वह सपा में जा सकते हैं। अगला विधानसभा चुनाव भी लड़ने की तैयारी है। रामाशीष ने अपने इस्तीफे में लिखा है कि मैं राजनीति में लोकनायक जयप्रकाश नारायण के के संपूर्ण क्रांति आंदोलन से प्रेरित होकर जुड़ा था। उस समय भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी, लोकतांत्रिक संस्थाओं का क्षरण और शासन-प्रशासन की जवाबदेही जैसे प्रश्न राष्ट्रीय चिंता के विषय थे। लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने संपूर्ण क्रांति का आह्वान करते हुए व्यवस्था परिवर्तन का जो सपना देश के सामने रखा था, वह आज भी अधूरा प्रतीत होता है।

- **ऐश्वर्य राज सिंह बने रालोद के नये प्रदेश अध्यक्ष**

देवरिया से चुनाव लड़ने की चर्चा : कुछ दिनों पहले ही जयंत चौधरी ने अनुपम मिश्रा को रालोद का कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया था। तभी से माना जा रहा था कि डा. राय पार्टी छोड़ सकते हैं। उनके सपा में जाने की अटकलें लगाई जा रही हैं। कहा जा रहा है कि देवरिया से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव भी लड़ चुके हैं। ऐसे में कांग्रेस में भी जाने की चर्चा है। हालांकि उन्होंने अभी इस पर कोई भी जानकारी साझा नहीं की है।

4677 नये ट्रांसफार्मरों से बदलेगी 19 जिलों की बिजली व्यवस्था

बार-बार ट्रांसफार्मर फुंकने की समस्या होगी कम, लेसा समेत मध्यांचल के सभी जिलों में जल्द लगेंगे

समरेश पति त्रिपाठी



लखनऊ। गर्मी और ओवरलोडिंग के दौरान बार-बार ट्रांसफार्मर फुंकने से जूझ रहे बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत की खबर है। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (एमवीवीएनएल) ने लेसा के चारों जोन सहित 19 जिलों की विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कुल 4677 नए वितरण ट्रांसफार्मर लगाने की तैयारी पूरी कर ली है। ट्रांसफार्मरों की खरीद के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जल्द ही इनकी आपूर्ति शुरू होने के साथ संबंधित जिलों में स्थापना कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा। विभाग का मानना है कि नए ट्रांसफार्मर लगने से ओवरलोडिंग की समस्या में कमी आएगी, ट्रांसफार्मर फुंकने की घटनाएं घटेंगी और उपभोक्ताओं को अधिक भरोसेमंद बिजली आपूर्ति मिल सकेगी। योजना के तहत सबसे अधिक ध्यान छोटे क्षमता वाले वितरण ट्रांसफार्मरों पर दिया गया है, ताकि तेजी से बढ़ रहे बिजली भार को संतुलित किया जा सके। वर्तमान में कई शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पुराने अथवा क्षमता से अधिक लोड वाले ट्रांसफार्मरों के कारण बार-बार बिजली बाधित होती है। नए ट्रांसफार्मर लगने से इन क्षेत्रों में निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। लेसा के सेंट्रल, अमौसी, जानकीपुरम और गोमतीनगर जोन में कुल 1015 ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। इनमें 250 केवीए क्षमता के 441, 100 केवीए क्षमता के 404 तथा 63 केवीए क्षमता के 170 ट्रांसफार्मर शामिल हैं। इन ट्रांसफार्मरों की स्थापना उन इलाकों में प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी जहां लगातार ओवरलोडिंग और फाल्ट की शिकायतें मिल रही हैं। वहीं, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के अन्य 19 जिलों में 3662 ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। इनमें 250 केवीए क्षमता के 1039, 100 केवीए क्षमता के 1161 तथा 63 केवीए क्षमता के 1462 ट्रांसफार्मर शामिल हैं। इन ट्रांसफार्मरों के माध्यम से ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में भी बिजली व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा, जिससे फाल्ट की संख्या कम होने के साथ बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार होगा। बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार ट्रांसफार्मरों की आपूर्ति मिलते ही सभी वितरण खंडों के जूनियर इंजीनियर (जेई) और तकनीकी टीमें स्थापना कार्य शुरू कर देंगी। प्राथमिकता उन क्षेत्रों को दी जाएगी जहां ट्रांसफार्मर बार-बार खराब हो रहे हैं या उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ने से मौजूदा ट्रांसफार्मर क्षमता से अधिक लोड वहन कर रहे हैं। ऊर्जा विशेषज्ञों का कहना है कि वितरण नेटवर्क को मजबूत करने की यह पहल भविष्य में बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने में भी सहायक होगी। नए ट्रांसफार्मरों की स्थापना से बिजली आपूर्ति अधिक स्थिर होगी, लाइन लॉस और तकनीकी बाधाओं में कमी आएगी तथा लाखों उपभोक्ताओं को बेहतर और निर्बाध विद्युत सेवा का लाभ मिलेगा।

आरटीआई में भ्रामक सूचना और दो साल की देरी पड़ी भारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सूचना आयोग ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत सूचना उपलब्ध कराने में अनावश्यक विलंब और भ्रामक सूचना देने के मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। आयोग ने कानपुर देहात के तत्कालीन जन सूचना अधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक को अपीलकर्ता को 20 हजार रुपये क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया है। राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता ने यह आदेश पारित किया। यह मामला सीमा सिंह बनाम जन सूचना अधिकारी, कार्यालय अपर पुलिस अधीक्षक, कानपुर देहात से संबंधित है। आयोग के अनुसार, अपीलकर्ता ने 4 अक्टूबर 2023 को सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत आवेदन देकर थाना रूरा में दर्ज एक आपराधिक प्रकरण से संबंधित चार बिंदुओं पर जानकारी मांगी थी। इसमें लेखपाल अशोक कुमार की गिरफ्तारी, गिरफ्तारी से जुड़े अभिलेख और एक वाहन से संबंधित सूचनाएं शामिल थीं। हालांकि, जन सूचना अधिकारी ने 1 नवंबर 2023 को जवाब देते हुए सूचना को आरटीआई अधिनियम की धारा 8(1)(जे) और धारा 11 के तहत देने से इनकार कर दिया। इसके बाद अपीलकर्ता ने प्रथम और फिर द्वितीय अपील सूचना आयोग में दायर की। सुनवाई के दौरान आयोग ने पाया कि मांगी गई सूचनाओं से संबंधित अभिलेख विभाग के पास उपलब्ध थे और नियमानुसार उपलब्ध कराए जा सकते थे। आयोग ने माना कि प्रारंभिक स्तर पर दी गई सूचना भ्रामक थी, जिससे अपीलकर्ता को यह आभास हुआ कि जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जा सकती। बाद की प्रक्रिया में वही सूचना उपलब्ध कराई गई, जिससे स्पष्ट हुआ कि प्रारंभिक जवाब उचित नहीं था। आयोग ने अपने आदेश में कहा कि सूचना उपलब्ध कराने में लगभग दो वर्ष का अनावश्यक विलंब हुआ, जिससे अपीलकर्ता को नुकसान पहुंचा। इसी आधार पर आयोग ने 20 हजार रुपये की क्षतिपूर्ति देने का निर्देश दिया।

संक्षेप

ढुकान में चोरी को लेकर दी तहरीर

प्रतापगढ़। चोरी की घटना को लेकर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। उदयपुर थाना क्षेत्र के रेहुआ लालगंज निवासी नितेश अग्रहरि पुत्र लल्लू प्रसाद अग्रहरि ने शुक्रवार को पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सत्रह जुलाई की शाम अज्ञात चोर दुकान के काउण्टर में रखा करीब तीन हजार की नकदी चुरा ले गये। प्रभारी निरीक्षक दीप नारायण का कहना है कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

पति पर मारपीट का आरोप, दी तहरीर

प्रतापगढ़। महिला ने पुलिस को तहरीर देकर पति पर मारपीट का आरोप लगाया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के मुल्तानीपुर गांव की संगीता ने शुक्रवार को पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती गुरूवार की रात उसके पति ने पड़ोस के एक व्यक्ति के साथ मिलकर कमरे में बंद कर उसे जमकर मारापीटा। आरोपियो ने अगले दिन शुक्रवार को भी उसकी पिटाई की। सूचना पर डॉयल एक सौ बारह पुलिस मौके पर पहुंची और घटना को लेकर जांच की। प्रभारी निरीक्षक अमला सिंह का कहना है कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

चोरी की घटनाओं का हुआ खुलासा, दो बदमाश गिरफ्तार

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने चोरी की विभिन्न घटनाओं का खुलासा करने में कामयाबी हासिल की है। मामले में दो बदमाशों की गिरफ्तारी के साथ ही चोरी के सामानों की बरामदगी की गयी है। पुलिस ने गिरफ्तार किये गये बदमाशों को शुक्रवार को जेल भेज दिया। लालगंज कोतवाली के दरोगा मिथलेश चौरसिया बीती गुरूवार की रात पुलिस बल के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर खानापटटी के तकिया निवासी मो0 सदीक पुत्र मो0 बशीर एवं मो0 कैफ पुत्र मो0 बशीर को सराय जगत सिंह प्राथमिक विद्यालय के पास से धर दबोचा। पुलिस ने बदमाशों की निशानदेही पर चोरी का एक जनरेटर, सबमर्सिबल मोटर, चोरी के जेवरात विक्रय के बाद प्राप्त नकदी तथा घटना में प्रयुक्त मैजिक डाला की बरामदगी की है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार ने बताया कि पूछतांछ के दौरान बदमाशो के एक साथी दाउद उर्फ अरबाज निवासी महिमापुर का नाम भी प्रकाश मे आया है। शीघ्र ही उसकी भी गिरफ्तारी की जाएगी। पकड़े गये दोनों आरोपियो को जेल भेज दिया गया है।

कोर्ट के आदेश पर सामूहिक दुष्कर्म का केस दर्ज

प्रतापगढ़। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़ित मां ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा कि उसकी बीस वर्षीया पुत्री आठ माह पूर्व जिला अस्पताल से दवा लेकर घर लौट रही थी। मोहनगंज में एक कार पर बैठे छः युवक अंशू वर्मा पुत्र सुंदर वर्मा, संदीप वर्मा पुत्र दूधनाथ वर्मा निवासी सराय दलपत, उमापुर लालगंज निवासी राहुल वर्मा पुत्र रमेश वर्मा तथा तीन अज्ञात युवकों ने घर तक छोड़ देने की बात कहकर उसे कार में बैठा लिया। आरोप है कि आरोपियों ने जेठवारा थाना के नौबस्ता ले जाकर एक कमरे जबरन सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को लेकर पीडिता ने सांगीपुर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई लेकिन कार्रवाई नही हुई। इसके बाद पीड़ित मां ने कोर्ट में वाद दायर किया। एसओ गौरव त्रिवेदी का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर शुक्रवार को आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का केस दर्ज किया गया है। शीघ्र ही आरोपियो को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

चोरी के दो आरोपी पकड़े गये

प्रतापगढ़। उदयपुर थाने के उप निरीक्षक राजेश कुमार शुक्ल व संजय यादव पुलिस बल के साथ शुक्रवार की सुबह गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर पूरे नेवली रेहुआ लालगंज निवासी सोनू सिंह उर्फ अमरेश पुत्र अर्जुन सिंह व शिवम सिंह पुत्र भोला सिंह को चोरी के जेवरात व नकदी के साथ गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक दीप नारायण ने बताया कि पकड़े गये आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

ग्राम चौपाल में सुनीं जनसमस्या

पिपरौली के नगवा और बड़गहन में आयोजित हुई चौपाल



गीडा, गोरखपुर। पिपरौली ब्लॉक के नगवा और बड़गहन गांव में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों की पेंशन, स्वास्थ्य और कृषि से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को सुना गया और कई मामलों का मौके पर ही त्वरित निस्तारण किया गया। नगवा गांव में आयोजित चौपाल की अध्यक्षता ग्राम प्रधान भगवान सिंह ने की जबकि कार्यक्रम का संचालन ग्राम सचिव अजय कुमार जायसवाल ने किया। चौपाल में जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया वहीं अन्य समस्याओं को सुनकर उपस्थित अधिकारियों ने उनके जल्द से जल्द निस्तारण का ठोस आश्वासन दिया। नगवा गांव के चौपाल में विधवा व वृद्धा पेंशन के 6, आयुष्मान भारत योजना के 15 तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के 8 मामलों को सुनते हुए उनका समाधान कराने का आश्वासन दिया गया। वहीं बड़गहन गांव में आयोजित ग्राम चौपाल की अध्यक्षता ग्राम प्रधान बरसाती देवी और संचालन ग्राम सचिव अजीत पासवान द्वारा किया गया। इस दौरान पशुपालन विभाग, कृषि विभाग के प्रतिनिधि, आशा बहुएं तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी समूह की महिलाएं विशेष रूप से मौजूद रहीं। आयोजित चौपाल में तेरस, जवाहिर पाल, श्यामकरन, तारा गुप्ता, शीला देवी, रीता देवी, गुंजा देवी, संगीता, और रंभा देवी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

अतीक के बेटे अबान के जनाजे में शामिल होने के लिए भाइयों को मिली पेरोल

प्रयागराज। माफिया और पूर्व सांसद दिवंगत अतीक अहमद के सबसे छोटे बेटे अबान अहमद के जनाजे में शामिल होने के लिए उसके दो भाइयों झांसी जेल में बंद अली और लखनऊजेल में कैद उमर को शुक्रवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से पेरोल मिल गई। अबान के भाइयों के प्रयागराज पहुंचने के बाद शनिवार सुबह शव को कसारी मसारी कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। न्यायमूर्ति अजय भनोट और न्यायमूर्ति दिवेश चंद्र सामंत ने अतीक अहमद की बहन परवीन कुरैशी की याचिका पर सुनवाई करते हुए उमर और अहमद को अबान के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए पेरोल दी। पीठ द्वारा यह पूछे जाने पर कि अंतिम संस्कार कब होगा, परवीन कुरैशी ने बताया कि शनिवार सुबह शव दफनाया जाएगा। झांसी जिले में बृहस्पतिवार को एक सड़क हादसे में अबान और उसके दोस्त सोनू की मौत हो गयी थी, जबकि कार सवार तीन अन्य लोग घायल हो गये थे जिन्हें कल रात झांसी के अस्पताल से लाकर प्रयागराज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार सुबह अबान का शव हटवा गांव स्थित उनकी बुआ परवीन कुरैशी के घर लाया गया। अबान की कब्र भी अतीक की कब्र के पास तैयार की गई है। इसी कब्रिस्तान में अतीक के भाई अशरफ और बेटे असद की कब्र है। सड़क दुर्घटना का शिकार हुए अबान और उनके एक साथी के शव लेकर देर रात उनके परिजन प्रयागराज के लिए रवाना हुए थे और शुक्रवार सुबह यहां पहुंचे।

झांसी में बृहस्पतिवार की सुबह हुई दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद अतीक के बेटे अजहम और अन्य घायलों के परिजन देर शाम झांसी पहुंचे थे। इसके बाद उसका पोस्टमार्टम किया गया।

अबान अहमद अपने कुछ साथियों के साथ झांसी जेल में बंद भाई से मिलने जा रहा था, तभी रास्ते में पुंछ थाना क्षेत्र में झांसी-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर उसकी तेज रफ्तार एसयूवी कार बेकाबू होने के कारण एक डिवाइडर से टकराकर पलट गयी। इस हादसे में अबान अहमद (21) और उसके दोस्त सोनू (25) की मौत हो गई। इसके अलावा कार सवार आजम, मोहम्मद जावेद और उमर घायल हुए। अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की 15 अप्रैल 2023 को प्रयागराज के एक अस्पताल के बाहर पत्रकार बनकर पहुंचे तीन लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत




प्रतापगढ़। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के बाद पहली बार गृह जनपद आगमन पर डॉ0 रोहित मिश्र का जगह जगह जोरदार स्वागत हुआ। लालगंज स्थित अपने आवास पर एमएलसी उमेश द्विवेदी ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। वहीं लालगंज के इन्दिरा चौक पर युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने जेसीबी से माला पहनाकर रोहित मिश्र का जोरदार स्वागत हुआ। यहां भाजपा नेता ओमप्रकाश पाण्डेय गुडडू, विद्युत मिश्र, जगत पासी, सुधीर तिवारी, देवदत्त शुक्ल, शुभम सिंह आदि ने स्वागत किया। सरस्वती विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी महाविद्यालय पर उप प्रबंधक इं. पूर्णांशु ओझा श्यामू ने शिक्षकों के साथ प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। इससे पूर्व रानीगंज कैथौला में भाजपा नेता नागेश प्रताप सिंह, पूर्व प्रमुख रमेश प्रताप सिंह, दिनेश सिंह, गनेश सोनी आदि ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इसी क्रम में धधुआ गाजन, सगरा सुन्दरपुर, लीलापुर, अजगरा में भी भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष का युवाओं ने जोरदार स्वागत किया।

एसडीएम बांसी ने अस्पताल, नालों व नगर क्षेत्र का किया निरीक्षण



बांसी (सिद्धार्थनगर)। उपजिलाधिकारी (एसडीएम) बांसी विश्वामित्र सिंह ने नगर क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण कर जनसुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने 50 शैयायुक्त संयुक्त चिकित्सालय, नगर पालिका परिषद के विभिन्न स्थानों तथा जनहित से जुड़े नालों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने साफ-सफाई, जल निकासी एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने के लिए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बांसी जय प्रकाश यादव सहित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जनहित से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने तथा समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस दौरान तहसीलदार बांसी पीयूष कुमार श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, कोतवाल बांसी मृत्युंजय पाठक सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। एसडीएम ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

डुमरियागंज में स्वच्छता व्यवस्था पर ईओ सचिन कुमार सख्त



डुमरियागंज (सिद्धार्थनगर)। नगर पंचायत डुमरियागंज के अधिशासी अधिकारी (ईओ) सचिन कुमार ने नगर की स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने सफाई नायकों एवं सफाई कर्मियों को नियमित सफाई, कूड़ा निस्तारण और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ईओ ने स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया। नगरवासियों ने ईओ सचिन कुमार की कार्यशैली, व्यवहार और जनहित के प्रति सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में नगर पंचायत स्वच्छता और जनसेवा के प्रति पूरी मुस्तैदी से कार्य कर रहे है।

एसएसपी ने रिक्रूट आरक्षियों को पुलिस सेवा के मूल सिद्धांतों का कराया बोध



सिद्धार्थनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के साथ गोष्ठी कर उन्हें पुलिस सेवा के मूल सिद्धांतों, कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने आरक्षियों को प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जनता के प्रति शालीन, अनुशासित और संवेदनशील व्यवहार अपनाने के निर्देश दिए। एसएसपी ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान अर्जित ज्ञान और कौशल को फील्ड में ईमानदारी व निष्ठा के साथ लागू करें, ताकि कानून-व्यवस्था सुदृढ़ होने के साथ पुलिस की सकारात्मक छवि भी मजबूत हो। गोष्ठी में प्रशिक्षण अधिकारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

डीएम ने बच्चों के साथ बैठकर चखा मिड-डे मील



सिद्धार्थनगर। विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था एवं मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेने के क्रम में सिद्धार्थनगर के जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय सूपा राजा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। जांच में विद्यालय में एक अध्यापक एवं दो अनुदेशक कार्यरत पाए गए। इस दौरान प्रधानाध्यापिका निर्मला शुक्ला ने विद्यालय में विज्ञान एवं गणित विषय के अध्यापक की तैनाती किए जाने का अनुरोध किया, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। जिलाधिकारी ने मिड-डे मील की गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया और बच्चों के साथ बैठकर भोजन ग्रहण कर उसकी गुणवत्ता परखी। उन्होंने भोजन व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए आवश्यक मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर की साफ-सफाई का भी जायजा लिया। जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाए रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं विद्यालय प्रशासन को दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को स्वच्छ एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर कार्यशाला सम्पन्न

श्रावस्ती। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत जिले में 1 से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों और किशोर-किशोरियों को पेट के कीड़ों से बचाव के लिए एल्बेंडाजॉल की कृमिनाशक दवा निःशुल्क खिलाई जाएगी। यह जानकारी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के.के.गुप्ता ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। इस अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि यह अभियान सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों पर चलाया जाएगा। जो बच्चे स्कूल नहीं जाते हैं, उन्हें भी उनके नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र पर दवा उपलब्ध कराई जाएगी। अभियान के लिए सभी केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में दवा, लाभार्थियों का विवरण दर्ज करने की व्यवस्था और स्वच्छ पेयजल की सुविधा सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि बच्चों को उनकी आयु के अनुसार दवा दी जाएगी। 1 से 2 वर्ष के बच्चों को आधी गोली पीसकर पानी में मिलाकर, 2 से 3 वर्ष के बच्चों को एक पूरी गोली पीसकर पानी के साथ तथा 3 से 19 वर्ष तक के बच्चों को एक पूरी गोली अच्छी तरह चबाकर खिलाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया कि बुखार, खांसी, सांस लेने में तकलीफ या किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चों को उस समय दवा नहीं दी जाएगी। ऐसे बच्चों को स्वस्थ होने के बाद कृमिनाशक दवा खिलाई जाएगी। बच्चों को जबरदस्ती दवा न देने के भी निर्देश दिए गए हैं।

- 1 से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को निःशुल्क खिलायी जायेगी कृमिनाशक दवा



अधिकारियों ने बताया कि दवा खाने के बाद यदि किसी बच्चे को हल्की उल्टी, पेट दर्द, दस्त, जी मिचलाना या थकान जैसी शिकायत हो तो घबराने की जरूरत नहीं है। ऐसे बच्चों को आराम कराया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर 104 स्वास्थ्य हेल्पलाइन या 108 एम्बुलेंस सेवा की मदद ली जा सकती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को इस अभियान में अवश्य शामिल कराएं। नियमित कृमिनाशक दवा बच्चों को पेट के कीड़ों से बचाने के साथ उनके बेहतर स्वास्थ्य, पोषण तथा शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस अवसर पर जिला कम्युनिटी प्रोसेस प्रबंधक राकेश गुप्ता, आरबीएसके समन्वयक बबिता वाजपेयी, डीआईसी मैनेजर प्रतीक शाक्य, मनीष बिसारिया सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन, समस्याओं के शीघ्र समाधान की उठायी मांग



श्रावस्ती। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, श्रावस्ती के जिलाध्यक्ष विनय कुमार पांडेय के नेतृत्व में शुक्रवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आकांक्षा रावत को परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के त्वरित एवं व्यावहारिक समाधान की मांग को लेकर विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संघ ने ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली को लेकर शिक्षकों पर अनावश्यक दबाव न बनाने की मांग करते हुए कहा कि जनपद में शिक्षकों की कमी, एकल एवं शिक्षक-विहीन विद्यालयों की स्थिति के कारण विद्यार्थियों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराना व्यवहारिक रूप से संभव नहीं है। संघ ने अपार आईडी से संबंधित कार्य के लिए 1345 विद्यालयों को जारी नोटिस तत्काल निरस्त करने की मांग करते हुए कहा कि यह कार्य शिक्षकों के स्थान पर ब्लॉक एवं जनपद स्तर के कार्मिकों से कराया जाए, ताकि शिक्षण कार्य प्रभावित न हो। मध्यान्ह भोजन (एमडीएम) व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के लिए कन्वर्जन कॉस्ट एवं खाद्यान्न की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा बाराबंकी और सुल्तानपुर की तर्ज पर विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी) के माध्यम से एमडीएम संचालन की व्यवस्था लागू करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। ज्ञापन में 15000 बीटीसी एवं उर्दू शिक्षक भर्ती के अंतर्गत 10 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षकों का चयन वेतनमान स्वीकृत करने तथा 12460 शिक्षक भर्ती के शिक्षकों का सत्यापन शीघ्र पूर्ण कर उनका लंबित एरियर भुगतान कराने की मांग भी की गई। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार एवं विभाग के मध्य एमओयू हस्ताक्षरित होने के उपरांत सभी कार्मिकों के वेतन खाते संबंधित अधिकृत बैंकों एसबीआई एवं पीएनबी में स्थानांतरित किए जाने की मांग भी संघ ने उठाई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आकांक्षा रावत ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि ज्ञापन में उल्लिखित सभी मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए नियमानुसार उचित निर्णय लिया जाएगा। इस अवसर पर जिला मंत्री सत्य प्रकाश वर्मा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह, जिला कोषाध्यक्ष सुनील दत्त शुक्ला, जिला संयुक्त मंत्री अंकित श्रीवास्तव, ब्लॉक मंत्री (गिलौला) हरीश कुमार, ब्लॉक मंत्री (सिरसिया) गंगाराम यादव, ब्लॉक कोषाध्यक्ष (गिलौला) दिवाकर प्रताप सिंह, राम मिलन यादव, ब्लॉक कोषाध्यक्ष (हरिहरपुर रानी) आनन्द त्रिपाठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष (गिलौला) अनूप वर्मा, शिक्षक राकेश श्रीवास्तव तथा ब्लॉक संरक्षक (गिलौला) सहित संघ के अन्य पदाधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

कार की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो लोगों की मौत

बलरामपुर। जिले के पचपेड़वा थाना क्षेत्र में तुलसीपुर-बढ़नी राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो लोगों की मौत हो गई। पचपेड़वा थाना प्रभारी ओम प्रकाश चौहान ने बताया कि बृहस्पतिवार देर रात बलरामपुर नगर के टेढ़ी बाजार निवासी राजन सैनी (25) और जय प्रकाश सैनी (40) मोटरसाइकिल से बढ़नी की ओर से लौट रहे थे। रामनगर गांव के पास सामने से आ रही एक कार से उनकी मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों मोटरसाइकिल सवार सड़क किनारे झाड़ियों में जा गिरे, जबकि कार पलट गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जय प्रकाश सैनी को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं, राजन सैनी की मौके पर ही मौत हो गई थी।

सरकार के पास फिर भेजा गया अलीगढ़ का नाम हरिगढ़ करने का प्रस्ताव

अलीगढ़। अलीगढ़ के महापौर प्रशांत सिंघल ने कहा है कि शहर का नाम बदलकर हरिगढ़ करने का प्रस्ताव एक बार फिर राज्य सरकार को भेजा गया है। भाजपा नेता सिंघल ने बृहस्पतिवार को पत्रकारों से कहा कि प्रस्ताव से जुड़े सभी दस्तावेज इस सप्ताह की शुरुआत में राज्य सरकार को भेज दिए गए हैं। महापौर ने बताया कि 2023 में महापौर चुने जाने के तुरंत बाद अलीगढ़ नगर निगम ने एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार से अलीगढ़ का नाम बदलकर संत स्वामी हरिदास के नाम पर हरिगढ़ करने की मांग की गई थी। अलीगढ़ का नाम बदलने की दिशा में पहला आधिकारिक कदम अगस्त 2021 में उठाया गया था। उस समय नवनिर्वाचित अलीगढ़ जिला परिषद अध्यक्ष विजय सिंह ने राज्य सरकार के पास इस संबंध में प्रस्ताव भेजा था। यह मांग अलीगढ़ छत्री परिषद की ओर से एक ज्ञापन सौंपने के बाद उठी थी। उस समय के महापौर मोहम्मद फुरकान (बसपा) ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आग्रह किया था कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के पूर्व छात्र समुदाय की भावनाओं को देखते हुए इस मामले को फिलहाल टाल दिया जाए, क्योंकि उनका इस शहर से गहरा भावनात्मक जुड़ाव है। अगस्त 2025 में उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य ने शहर के दौरे के दौरान एक बार फिर यह मुद्दा उठाया था। हालांकि, एक इतिहासकार का कहना है कि इस बात के बहुत कम प्रमाण हैं कि अलीगढ़ का कभी स्वामी हरिदास से कोई संबंध रहा हो। एएमयू के इतिहास विभाग के प्रोफेसर और मध्यकालीन भारतीय इतिहास के विशेषज्ञ प्रोफेसर मनवेंद्र कुमार पुंढीर ने कहा कि इतिहास के किसी भी दौर में इस शहर का हरिगढ़ या उससे मिलता-जुलता कोई नाम नहीं रहा। उन्होंने बताया कि 1803 में कोल नाम से जाने जाने वाले इस क्षेत्र पर लॉर्ड लेक के नेतृत्व में ब्रिटिश सेना ने कब्जा कर लिया था। इसके बाद पूरे इलाके को एक जिला बनाया गया, जिसका नाम अलीगढ़ रखा गया। पुढीर ने कहा कि अलीगढ़ नाम शहर के उत्तर में स्थित एक छोटे युद्धक किले के नाम से पड़ा।

उन्होंने बताया कि यह रणनीतिक किला लोदी काल में बनाया गया था। बाद में सबित खान द्वारा इसकी मरम्मत कराए जाने के बाद इसका नाम सबितगढ़ रखा गया। मराठा शासन के दौरान भी 18वीं सदी के अंत तक यही नाम चलता रहा। बाद में अवध के नवाब के प्रभाव में इसका नाम बदलकर अलीगढ़ किला कर दिया गया। जाटों के शासन में संक्षिप्त समय के लिए इसका नाम रामगढ़ किला रखा गया था। इसके अलावा यह किला अलीगढ़ नाम से ही जाना जाता रहा।

नाबालिग छात्रा से यौन शोषण का आरोपित गिरफ्तार

शाहजहांपुर। जिले में दसवीं कक्षा की छात्रा का नहाते समय वीडियो बनाने और ब्लैकमेल करके यौन शोषण करने के आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया।

पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने प्राथमिकी का हवाला देते हुए बताया कि तिलहर थानाक्षेत्र के एक गांव में रहने वाली छात्रा अपने घर में बने कच्चे स्नानगृह में स्नान कर रही थी, तभी गांव में रहने वाला अजय सिंह उसके घर आया और स्नान करते समय वीडियो बना लिया। आरोपी का पीड़िता के घर पर आना-जाना था। इसके बाद आरोपी ने उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया तथा उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। दीक्षित ने कहा कि इसकी वजह से पीड़िता परेशान हो गई और 27 जुलाई को उसने घर में दुपट्टे से फंदा लगा लिया। इस बीच पीड़िता की मां घर पर आ गई और उनकी चीख-पुकार सुनकर आए लोगों ने लड़की को नीचे उतार लिया।

एसपी ने बताया कि परिजन उसे अस्पताल ले गए, लेकिन हालत गंभीर होने की वजह से उसे बरेली भेज दिया गया। इसके बाद परिजन ने बुधवार को पुलिस को जानकारी देते हुए शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने आरापित अजय सिंह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

विश्व हिंदी परिषद के गोरखपुर शैक्षिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बने देवेंद्र मणि पाण्डेय



लखनऊ। डॉलीगंज, त्रिवेणी नगर निवासी ,श्री देवेंद्र मणि पाण्डेय को हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार एवं उसके व्यापक संवर्धन में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए विश्व हिंदी परिषद के शैक्षिक प्रकोष्ठ, गोरखपुर का अध्यक्ष नामित किया गया है। इस संबंध में परिषद के राष्ट्रीय महासचिव एवं भारत सरकार की हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. विपिन कुमार ने आधिकारिक पत्र जारी कर उन्हें नियुक्ति की सूचना दी। विश्व हिंदी परिषद भारतीय क्षेत्रीय भाषाओं के साथ समन्वय स्थापित करते हुए हिंदी को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित करने तथा भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से निरंतर कार्य कर रही है। परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व राज्यसभा सदस्य, पद्मश्री एवं पद्म भूषण से सम्मानित आचार्य यार्लगड्डा लक्ष्मी प्रसाद हैं, जबकि वरिष्ठ प्रचारक इन्द्रेश कुमार मुख्य संरक्षक और राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा राष्ट्रीय संयोजक के रूप में परिषद का मार्गदर्शन कर रहे हैं। देवेंद्र मणि पाण्डेय साहित्य एवं शिक्षा जगत में भी एक प्रतिष्ठित नाम हैं। उनकी अनेक कविताएं और लेख देश की विभिन्न राष्ट्रीय पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। वे एम.फिल. सहित चार विषयों में स्नातकोत्तर उपाधि सहित अन्य शैक्षिक योग्यता प्राप्त कर चुके हैं। उनकी चर्चित रचना 'विश्व गुरु भारत' को हाल ही में वैदिक प्रकाशन द्वारा उत्कृष्ट लेखक सम्मान से सम्मानित किया गया। उनकी रचनाओं का प्रमुख विषय सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय चेतना और मानवीय मूल्यों का संवर्धन रहा है। श्री पाण्डेय वर्तमान में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर में पुस्तकालयाध्यक्ष पद पर कार्यरत है। पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में भी देवेंद्र मणि पाण्डेय का योगदान उल्लेखनीय रहा है। उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें कई बार 'बेस्ट लाइब्रेरियन' पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जा चुका है। विश्व हिंदी परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. देवी प्रसाद मिश्रा एवं राष्ट्रीय संपर्क समन्वयक डॉ. नन्दकिशोर साह सहित समस्त पदाधिकारियों ने श्री पाण्डेय को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

संक्षेप

आज लगेगा निःशुल्क स्वास्थ परामर्श शिविर

गीडा, गोरखपुर। सहजनवा तहसील क्षेत्रवासियों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वैष्णवी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल भीटी रावत द्वारा एस्ट्रोमेडिक्स हॉस्पिटल बेतियाहाता के सहयोग से शनिवार को दोपहर 1:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक अस्पताल परिसर में एक निःशुल्क विशेषज्ञ परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में हृदय रोग, मस्तिष्क एवं न्यूरो संबंधी रोग, जनरल मेडिसिन, जनरल सर्जरी तथा शिशु एवं बाल रोग से संबंधित समस्याओं का अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा। जिसमें हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल यादव (डीएम कार्डियॉलजी), मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. ऋत्विक राणा सिंह (डीएम मेडिसिन), न्यूरो सर्जन डॉ. राकेश कुमार, लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन डॉ. अंजनी कुमार त्रिपाठी तथा शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सैय्यद मो. वासिम मरीजों का परीक्षण करेंगे। वैष्णवी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के एमडी डॉ अंजनी कुमार त्रिपाठी ने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि वे इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि अस्पताल में जनरल मेडिसिन, जनरल सर्जरी, ऑथोर्पेडिक्स, यूरोलॉजी, गायनी, आईसीयू, इमरजेंसी एवं ट्रॉमा, प्लास्टिक सर्जरी, डिजिटल एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड डॉप्लर तथा अत्याधुनिक पैथोलॉजी लैब जैसी सभी आधुनिक सुविधाएं भी नियमित रूप से उपलब्ध हैं।

अधिवक्ता सम्मान समारोह में आत्मीय जनसंवाद चर्चा का आयोजन



पाटन, उन्नाव। भाजपा नेता जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह ने तहसील बीघापुर के राव राम बख्श सिंह सभागार मे अधिवक्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित कर आत्मीय जनसंवाद कर चर्चा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन आशुतोष सिंह एडवोकेट ने किया। भाजपा नेता एवं जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह ने कहा का अधिवक्ता समाज को न्याय दिलाने का काम करते है। अधिवक्ता समाज को आइना दिखाने का काम करते है। राजनीति मे अधिवक्ता समाज की बड़ी भूमिका रहती है। आप सबके आशीर्वाद से अक्टूबर माह मे विश्व प्रसिद्ध शिव पुराण कथा वाचक पं प्रदीप जी महाराज की कथा अपने क्षेत्र के गौरी बीघापुर मे 30 अक्टूबर से 5 नवम्बर तक होगी। उन्होंने अधिवक्ताओं को अंग वस्त व प्रतीक देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आप सब कथा के जजमान है। उन्होंने तहसील स्थित बार भवन की मरम्मत के लिए एक लाख रुपए अपने निजी स्रोत से देने की घोषणा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन आशुतोष सिंह एडवोकेट ने सहभागिता कर वरिष्ठएवं अग्रज अधिवक्ताओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर कृष्ण पाल सिंह एडवोकेट अध्यक्ष, बीघापुर बार एसोसिएशन, विनय कुमार शुक्ला अध्यक्ष सेंट्रल बार एसोसिएशन, अरविंद प्रताप सिंह अध्यक्ष बैसवारा बार एसोसिएशन, सुरेश पटेल मंत्री बीघापुर बार एसोसिएशन प्रभात सिंह, श्यामू सिंह, निर्मल कुमार, रणविजय सिंह, विजय सिंह, मुनेश शुक्ला, सुरेश, रमेश वर्मा अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर युवक की मौत

पुरवा (वीओएल)। बिहार थाना क्षेत्र अंतर्गत पकराबुजूर्ग पनहन में ट्रक लोड करते समय ऊपर से हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से ट्रक ड्राइवर निरंजन पुत्र रजोल उम्र 45 वर्ष ग्राम ओसियां बीघापुर को करंट लगने से वह नीचे गिर गए और नीचे काम कर रहे पिंकू पुत्र सज्जन उम्र 25वर्ष को भी करेंट लगने से दोनों व्यक्ति घायल हो गए। वहा मौजूद लोगों ने तुरंत एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुरवा ले आए जहां डॉक्टर ने बताया कि पिंकू की मौत हो गई है। वहीं साथ आए ड्राइवर को जिला अस्पताल उन्नाव में रेफर कर दिया गया। पिंकू पकराबुजूर्ग, पनहन के रहने वाले थे वह मजदूरी कर अपना व परीवार का पेट भरते थे। पिंकू के मृत्यु से भाई मोहित, बहन, माता, पिता का रो रोकर बुरा हाल है।

आस्था व विश्वास का केंद्र है भिटहा का शिव मंदिर

सावन मास में रुद्राभिषेक कराने के लिए श्रद्धालुओं की लगती है भीड़



राजेश पाण्डेय

बनवारपार, गोरखपुर। विकास खण्ड गोला के ग्राम पंचायत खोपापार के भिटहा गांव में स्थित प्राचीन ठाकुर जी मंदिर व शिव मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आस्था व विश्वास के रूप में प्रसिद्ध है। इस प्राचीन शिव मंदिर पर वैसे तो हर समय श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है, लेकिन सावन मास में यहां भगवान के दर्शन-पूजन, जलाभिषेक व रूद्राभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है।

भिटहा गांव में स्थित श्री ठाकुर जी मंदिर व शिव मंदिर बहुत प्राचीन है। जो सैकड़ों वर्षो का इतिहास समेटे हुए है। इस शिवमंदिर पर लोगों की अपार आस्था है। इस प्राचीन शिव मंदिर में क्षेत्रीय श्रद्धालुजन ही नही वरन दूर-दराज के श्रद्धालुजन भगवान के दर्शन-पूजन, जलाभिषेक व रूद्राभिषेक के लिए आते है। जन श्रुतियों के मुताबिक इस मंदिर में भक्तो द्वारा मांगी गई मुरादें पूरी होती है। मुरादें पूरी होने पर श्रद्धालुजन सपरिवार आकर यहा पर कथा कड़ाही आदि चढ़ा कर इस मंदिर मे अपनी श्रद्धा निवेदित करते है। मंदिर की देख रेख करने वाले पुजारी राजेश उर्फ डब्लू मिश्र ने बताया कि शिव मंदिर की महिमा अपरम्पार है, यहां सच्चे मन से मांगी गयी हर मुराद भगवान भोलेनाथ पूरी करते है।इस मंदिर मे भगवान शिव के साथ ही साथ राम सीता हनुमान सहित ठाकुर जी की प्राण प्रतिष्ठित मूर्ति स्थापित है। तो वही जगन्नाथपुर गांव निवासी 60 वर्षीय राजनरायन तिवारी व पडौली गाव निवासी 70 वर्षीय राम प्रसाद चौहान, भिटहां गांव निवासी छोटेलाल विश्वकर्मा व तरयापार गाव निवासी राजकुमार लाल श्रीवास्तव व संजय लाल श्रीवास्तव व सडसडा निवासी अमित आदि सहित क्षेत्र के तमाम लोगो ने बताया कि मंदिर बहुत प्राचीन है। पहले यह मंदिर खपरैल भवन में स्थित था, बाद में जन सहयोग से इस प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया। उन्होंने मंदिर के बारे में बताया कि सबसे पहले यहा एक संत जो मंदिर पर रहते थे। वह भिक्षाटन करके उस जमाने में गुजर बसर करते थे। आज से पहले यहा पर भव्य रमणीक रामलीला होता था।

मुंजेश्वरनाथ धाम में भक्तों की पूरी होती है हर मनोकामना

यजुगेंद्र श्रीवास्तव

गीडा, गोरखपुर। पिपरौली ब्लॉक के ग्राम पंचायत भौवापार स्थित ऐतिहासिक एवं प्राचीन शिव मंदिर बाबा मुंजेश्वर नाथ धाम में सावन मास के पावन अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है। सुबह की पहली किरण के साथ ही पूरा मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान हो उठता है। दूर-दराज और आसपास के ग्रामीण इलाकों से भारी संख्या में पहुंचे कांवड़िये और शिव भक्त कतारबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार करते हैं। भक्तजन बाबा मुंजेश्वर नाथ को दूध, जल, बेलपत्र, धतूरा, भांग और पुष्प अर्पित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर रहे हैं। सावन मास में हर वर्ष लगभग 80 से 90 हजार श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। भोर में दिव्य महाआरती के पश्चात मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाते हैं। धार्मिक मान्यताओं और



जनश्रुतियों के अनुसार लगभग पांच हजार वर्ष पूर्व यह क्षेत्र सतासी नरेश राजा मुंज की छावनी हुआ करता था। ?एक दिन जब मजदूर खेत की जुताई और खुदाई कर रहे थे तभी एक मजदूर का फावड़ा जमीन में दबे एक विशाल शिवलिंग से टकरा गया। फावड़ा टकराते ही उस स्थान से अचानक दूध की धारा बहने लगी जिसे देखकर राजा और मजदूर स्तब्ध रह गए। ?राजा मुंज ने उस दिव्य शिवलिंग को किसी अन्य स्थान पर स्थापित करने का प्रयास किया लेकिन शिवलिंग अपनी जगह से टस से मस नहीं हुआ। उसी रात भगवान शिव ने राजा मुंज को स्वप्न में दर्शन देकर उसी स्थान पर मंदिर और तालाब निर्माण का निर्देश दिया। राजा ने भोलेनाथ के आदेशानुसार भव्य मंदिर व विशाल तालाब बनवाया और आसपास की भूमि मंदिर को समर्पित कर दी। राजा मुंज के नाम पर ही इस धाम का नाम बाबा मुंजेश्वर नाथ पड़ा। मंदिर के महंत पराग गिरी ने बताया कि पूरे सावन मास विशेषकर सावन के सोमवार को यहाँ भक्तों का भारी सैलाब उमड़ता है। मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से बाबा मुंजेश्वर नाथ का जलाभिषेक करता है भोलेनाथ उसकी सभी मनोकामनाएं अवश्य पूरी करते हैं।

59 श्रद्धालुओं के तीर्थ यात्रा दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



पाटन, उन्नाव। विधानसभा क्षेत्र भगवन्तनगर के पुरवा विकास खंड की ग्राम पंचायत मुरैता प्राचीन से श्रद्धालुओं के लिए राष्ट्रसेवक राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा संचालित श्री रामलला श्रवण कुमार निशुल्क तीर्थ यात्रा निरंतर जारी है। क्षेत्रवासियों की आस्था के क्रम में शुक्रवार को 59 श्रद्धालुओं का एक और तीर्थ यात्रा दल विधिवत पूजन-अर्चन के बाद रवाना किया गया। यात्रा दल को राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के बड़े भाई मानवेन्द्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया तथा उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने श्रद्धालुओं की मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए कहा कि यह पहल केवल तीर्थ यात्रा तक सीमित नहीं है, बल्कि सनातन संस्कृति, सेवा और सामाजिक समर्पण का सशक्त अभियान है, जिसके माध्यम से श्रद्धालुओं को प्रभु श्रीराम के पावन धाम के दर्शन कराने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। उपस्थित लोगों ने इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष शिवबहादुर सिंह पूत, ज्ञान सिंह, नीरज कश्यप, गुड्डू पासवान, रामप्रकाश, शुभाषचंद्र, रामपाल, मुनेश्वर, विजय कुमार, पंकज बाबा, दीपक, शेषपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

औचक निरीक्षण में उर्वरक की तीन प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निरस्त



उन्नाव। डीएम द्वारा गठित टीमों ने जनपद के अलग अलग क्षेत्रों में 48 उर्वरक दुकानों पर औचक छापेमारी में 7 के नमूने लिए गए, साथ ही तीन प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित किए गए। प्रमुख सचिव (कृषि) के निर्देशन में कृषको को गुणवत्तापूर्ण, उचित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराने हेतु जिलाधिकारी घनश्याम मीणा द्वारा गठित 04 टीमे में रविचंद्र प्रकाश उप कृषि निदेशक एवं उप जिलाधिकारी द्वारा तहसील सदर व हसनगंज में जिला कृषि अधिकारी शशांक जिला कृषि अधिकारी उन्नाव एवं उप जिलाधिकारी द्वारा पुरवा व बीघापुर तहसील अनुराग कुमार वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप ए व संबंधित उप जिलाधिकारी द्वारा बांगरमऊ तहसील एवं भीमसेन कृषि रक्षा अधिकारी उन्नाव व संबंधित उप जिलाधिकारी द्वारा सफीपुर तहसील के उर्वरक दुकानो पर सघन छापेमारी का अभियान चलाया। संयुक्त टीमो द्वारा जनपद मे कुल 48 उर्वरक दुकानो का निरीक्षण किया गया तथा संदिग्ध स्टाक से 07 नमूना लिये गये, साथ ही 03 उर्वरक प्रतिष्ठान वर्मा खाद केंद्र धनीखेड़ा, किसान बीज भंडार पाटन व गुप्ता खाद भंडार बीघापुर द्वारा बिना पूर्व सूचना के मौके पर दुकान बन्द पाये जाने के कारण लाइसेंस निलंबित किया गया एवं ग्रहित नमूनो को परीक्षण हेतु प्रयोगशाला मे भेजा जाएगा। साथ ही निर्देशित किया गया कि उर्वरकों का वितरण पीओएस के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री के अनुसार ही करे, दुकान पर स्टॉक बोर्ड, रेट बोर्ड, स्टॉक व वितरण रजिस्टर तथा कैश मेमो अवश्य हो। साथ ही बताया गया कि जनपद में इसी प्रकार छापेमारी का अभियान चलता रहेगा, किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने, ओवररेटिंग व दुकान बंद किए जाने की दशा में संबंधित के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

पीएम ई-विद्या के राष्ट्रीय मिशन को जन-जन तक पहुचाने में उन्नाव की अहम भूमिका



उन्नाव। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को प्रत्येक बच्चे तक पहुँचाने के भारत सरकार के महत्वाकांक्षी पीएम ई-विद्या अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार में संयुक्त निदेशक पवन सचान के निर्देशन में उन्नाव अब महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। एससीईआरटी, उत्तर प्रदेश द्वारा एनसीईआरटी के केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान के सहयोग से आयोजित पाँच दिवसीय प्रशिक्षण के उपरांत जनपद में पीएम ई-विद्या की एडवोकेसी को नए स्तर पर ले जाने की तैयारी शुरू हो गई है, जिसकी शुरूआत प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों को जनपद नोडल की जिम्मेदारी देकर की जा रही है। इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए जनपद के तीन शिक्षकोंकृडॉ. प्रदीप वर्मा, आशीष दीक्षित एवं आकांक्षा त्रिपाठी एवं डायट उन्नाव के तीन प्रवक्ताओंकृश्याम सिंह, डॉ. उमा प्रसाद पटेल एवं दिनेश कुमार सिंह का चयन किया गया है। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को डिजिटल कंटेंट डिजाइन, स्टूडियो प्रस्तुतीकरण, शैक्षिक वीडियो निर्माण, गुणवत्ता मूल्यांकन तथा प्रभावी डिजिटल शिक्षण की आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कमिश्नरी कार्यालय का औचक निरीक्षण

रिकॉर्ड रूम व सांख्यिकी विभाग में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के दिए निर्देश



गोरखपुर। नवागत मंडलायुक्त इंद्र विक्रम सिंह ने शुक्रवार को कमिश्नरी कार्यालय पहुंचकर विभिन्न अनुभागों का औचक निरीक्षण किया और वहां की कार्यप्रणाली का बारीकी से जायजा लिया। बृहस्पतिवार को पदभार ग्रहण करने के बाद दूसरे ही दिन उन्होंने प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में सक्रियता दिखाते हुए कार्यालयीन कार्यों की वास्तविक स्थिति को परखा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोर्ट शाखा, रिकॉर्ड रूम तथा सांख्यिकी विभाग का विस्तृत निरीक्षण करते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त सबसे पहले कोर्ट शाखा पहुंचे, जहां उन्होंने लंबित वादों की स्थिति, फाइलों के निस्तारण की गति तथा अभिलेखों के रख-रखाव की व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि न्यायिक मामलों से जुड़े प्रकरणों में अनावश्यक विलंब आमजन के लिए परेशानी का कारण बनता है, इसलिए सभी वादों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करने और प्राथमिकता के आधार पर पुराने मामलों को निपटाने के निर्देश दिए। साथ ही, फाइलों के संधारण और अनुक्रमण (इंडेक्सिंग) को व्यवस्थित रखने पर जोर दिया, ताकि आवश्यक दस्तावेज आसानी से उपलब्ध हो सकें।

इसके बाद मंडलायुक्त रिकॉर्ड रूम पहुंचे, जहां उन्होंने अभिलेखों के रख-रखाव, सुरक्षा व्यवस्था और साफ-सफाई की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने देखा कि पुराने अभिलेखों का किस प्रकार संधारण किया जा रहा है और उनके संरक्षण के लिए क्या उपाय किए गए हैं। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि सभी महत्वपूर्ण अभिलेखों का डिजिटाइजेशन तेजी से कराया जाए।

विकसित चिल्लूपार बनाने के लिए राजेश त्रिपाठी की हुई मुख्यमंत्री से मंत्रणा



गोला, गोरखपुर। आज का चिल्लूपार कल का विकसित चिल्लूपार बने इसके लिए शुक्रवार की शाम चिल्लूपार विधायक और विधान मंडल दल सचेतक राजेश त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके लखनऊ आवास पर मुलाकात की और अपनी विधान सभा क्षेत्र के अनेक मुद्दों पर मंत्रणा कर उसे पूरा कराने के लिए अनुरोध पत्र भी सौंपा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने बताया कि उन्होंने चिल्लूपार की 100 ऐसी प्रमुख सडकों की लिस्ट मुख्यमंत्री जी को सौंपी जो इधर काफी खराब हो गयीं हैं। उन सभी सड़कों को बरसात के दौरान ही चलने लायक और बरसात बाद विशेष मरम्मत कराकर एक लेयर बनवाने का अनुरोध किया। साथ ही गोला तहसील के अधिवक्ताओं और आम जनता की वर्षों से चली आ रही गोला तहसील मुख्यालय पर दिवानी न्यायालय स्थापित करने की की मांग पर विस्तार से वार्ता हुई और उसके लिए अनुरोध पत्र भी सौंपा। पूर्व मंत्री राजेश त्रिपाठी ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि वर्षों से गोरखपुर जनपद का सर्किल रेट नहीं बढ़ पाया है जिससे किसानों का भी नुकसान हो रहा है और शासकीय राजस्व का भी।

मौरावा के विकास को नयी रफ्तार राज्यसभा में गूंजी रेल लाइन की मांग



मौरावा (वीओएल)। नगर पंचायत मौरावा के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध अध्यक्ष कुंवर विवेक सेठ के सार्थक प्रयासों का परिणाम अब धरातल पर दिखने लगा है। शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के बाद अब मौरावा को रेल मार्ग से जोड़ने की मांग ने जोर पकड़ लिया है। हाल ही में नगर पंचायत अध्यक्ष कुंवर विवेक सेठ ने राज्यसभा सांसद संजय सेठ को पत्र लिखकर उन्नाव-पुरवा-मौरावा-लखनऊ रेल लाइन के निर्माण की पुरजोर मांग की थी। कुंवर विवेक सेठ की इस पहल को आगे बढ़ाते हुए राज्यसभा सांसद संजय सेठ ने इस महत्वपूर्ण मांग को राज्यसभा के पटल पर रखा, जिससे क्षेत्रवासियों में विकास की नई उम्मीद जगी है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि यह रेल लाइन परियोजना धरातल पर उतरती है, तो न केवल व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आएगी, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार और आवागमन के सुगम अवसर भी खुलेंगे। गौरतलब है कि वर्ष 2012-13 में भी इस रेल लाइन के लिए तत्कालीन सांसद अन्नू टंडन द्वारा प्रयास किए गए थे, जिसके तहत सर्वे कार्य भी संपन्न हुआ था। हालांकि, राजनीतिक उदासीनता के कारण यह परियोजना फाइलों में ही दबी रही। अब कुंवर विवेक सेठ की सक्रियता ने इस अटकी हुई मांग को पुनः चर्चा के केंद्र में ला दिया है।

शिक्षा की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं: डीएम

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिला शिक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए शैक्षिक गुणवत्ता, छात्र-छात्राओं के नामांकन एवं उपस्थिति, निपुण भारत मिशन, ऑपरेशन कायाकल्प, पीएम पोषण मिड-डे मील, डीबीटी, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, यूनिफॉर्म, जूते-मोजे, विद्यालयों की आधारभूत सुविधाओं तथा निरीक्षण व्यवस्था की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण एवं समावेशी शिक्षा पहुंचाना है। इसके लिए सभी अधिकारी पूर्ण जिम्मेदारी एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में केवल नामांकन बढ़ाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी की नियमित उपस्थिति, सीखने की क्षमता तथा शैक्षिक प्रगति सुनिश्चित करना भी उतना ही आवश्यक है।

शिवपाल सिंह ने सेवानिवृत्त हुए रामगोपाल को सम्मानित किया



सैफई, इटावा। चैधरी चरण सिंह पीजी कॉलेज, हैवरा से 40 वर्ष की सेवा पूरी कर 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हुए सैफई निवासी रामगोपाल यादव का शुक्रवार को उनके आवास पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव एवं विधायक तेजप्रताप यादव ने उन्हें माल्यार्पण कर सम्मानित किया। समारोह में क्षेत्र के गणमान्य लोग, शिक्षाविद, शुभचिंतक एवं समाजवादी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। रामगोपाल यादव ने अपने सेवानिवृत्ति दिवस पर सबसे पहले सैफई स्थित नेताजी मुलायम सिंह यादव की समाधि पर पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि नेताजी के विचार, सादगी और जनसेवा का भाव हमेशा उनके लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। शुक्रवार को आयोजित सम्मान समारोह में विधायक शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि रामगोपाल यादव ने चार दशक तक पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। विधायक तेजप्रताप यादव ने भी उनके सेवाकाल की सराहना करते हुए कहा कि उनका सरल व्यवहार और कार्यशैली हमेशा याद रखी जाएगी। दोनों नेताओं ने उनके स्वस्थ, सुखमय एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। अंत में उपस्थित लोगों ने माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया और सेवानिवृत्ति के बाद के जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

छह महीने तक माताएं बच्चे को जरूर दूध मिलायें : जज आरती द्विवेदी



इटावा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डालसा के अध्यक्ष रजत सिंह जैन एवं पूर्ण कालिक सचिव आरती द्विवेदी के आदेशानुसार शुक्रवार को विश्व स्तनपान सप्ताह विषय पर जिला अस्पताल एवं मेडिकल यूनिट केयर केंद्र पर मेगा शिविर लगाए गए। जिला अस्पताल के जच्चा बच्चा वार्ड में लगाए गए जागरूकता शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए डालसा की पूर्ण कालिक सचिव आरती द्विवेदी ने उपस्थित जच्चाओं को स्तनपान के प्रभाव, महत्व और फायदों की जानकारी देते हुए बताया कि बच्चे के जन्म लेते ही और कम से कम छह माह तक जच्चा मां को अपना स्तनपान बच्चे को जरूर कराना चाहिए, जो बच्चे के सम्पूर्ण स्वास्थ्य और विशेष रूप से उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसके अलावा स्तनपान कराना प्रसूता महिला के स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है। नवजात बच्चे को अपना दुग्धपान कराने से ब्रेस्ट कैंसर तथा मोटापा बढ़ने से बचाव होता है। इस अवसर पर उन्होंने जच्चा बच्चा वार्ड में भर्ती प्रसूता महिलाओं को फल भी वितरित किए। इस शिविर में महिला अस्पताल के सीएमएस डा. अनिल कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इससे पूर्व वरिष्ठ अधिकार मित्र सुभाष चंद्र यादव ने मुख्य अतिथि का बुके और प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया तथा विषय प्रतिपादन किया। शिविर में तहसील सदर क्षेत्र के अधिकार मित्र ब्रजेश सिंह, संतोष कुमार त्रिवेदी, डॉ. ज्योति वर्मा, सुधीर मिश्र, मनीष कुमार, गायत्री, अर्चना समेत समस्त पीएलवीज उपस्थित रहे।

बिजली न होने से सीटी स्कैन मशीन बंद, बिना जांच लौटे मरीज



इटावा। जिला अस्पताल परिसर में स्थित सीटी स्कैन कक्ष की बिजली आपूर्ति ठप होने से सीटी स्कैन सेवा बंद है। अंडरग्राउंड विद्युत लाइन में फॉल्ट आने के कारण दूर-दराज से आने वाले मरीजों को बिना जांच कराए लौटना पड़ रहा है।

जिला अस्पताल के सीटी स्कैन कक्ष की बिजली आपूर्ति बाधित होने से अंडरग्राउंड विद्युत लाइन में खराबी आने के कारण अब तक आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी है। सीटी स्कैन मशीन जेनरेटर से संचालित नहीं हो सकती, सीटी स्कैन मशीन फिलहाल बंद है। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सीएमएस डॉ. परितोष शुक्ला ने बताया कि सीटी स्कैन मशीन पूरी तरह ठीक है। लगातार बारिश के कारण विद्युत लाइन में फॉल्ट आया है। लाइन लंबी और अधिक लोड वाली होने के कारण समस्या दूर करने में समय लग रहा है। इसके लिए पिछले वर्ष शासन को धनराशि स्वीकृत करने का प्रस्ताव भेजा गया था और बाद में रिमाइंडर भी भेजा गया। तकनीकी टीम फॉल्ट ठीक करने में जुटी है। बिजली आपूर्ति बहाल होते ही सीटी स्कैन सेवा फिर शुरू कर दी जाएगी। सीटी स्कैन इंचार्ज विपिन कुमार ने बताया है कि जर्जर विद्युत लाइन अधिकारियों के संज्ञान में है जिसकी जानकारी शासन को जिला अस्पताल द्वारा दे दी गई है। लाइन बदलने के लिए शासन से बजट की मांग की गई थी। लाइन का फाल्ट ठीक हो गया है कल यानि आज शनिवार को मशीन चालू हो सकती है।

हरियाली तीज पर कार्यक्रम 16 को

इटावा। धर्मार्थ सेवा शाखा के द्वारा 16 अगस्त रविवार को दोपहर 12 से राहतपुर स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर में हरियाली तीज का कार्यक्रम किया जायेगा। यह कार्यक्रम प्रांतीय महिला संयोजिका रीना राठौर, शाखा संयोजिका सरिता चतुवेर्दी के निर्देशन तथा उत्तरा दीक्षित के संयोजन में सीता मिश्रा, सुषमा बाथम एवं श्वेता दीक्षित के सहयोग से शाखा के समस्त महिला सदस्यों के द्वारा परम्परागत रूप से मनाया जाएगा। शाखा के अध्यक्ष हरिदत्त दीक्षित ने महिला संयोजिका समेत समस्त महिला सदस्यों से अनुरोध किया है कि वे अभी से इसकी तैयारी करके इसमें अपने परिवारीजनों समेत भाग लेकर आयोजन को हर्षोल्लास से सम्पन्न कराने में सहयोग करें।

भाविप ने पत्रकार मुजफ्फर अली को सम्मानित किया

इटावा। भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा व श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय राहतपुर द्वारा जिला अस्पताल में मरीजों व तीमारदारों हेतु निशुल्क जल सेवा ढाई माह मई जून व 15 जुलाई तक की गई जिसकी समस्त अस्पताल के डाक्टरों व स्टाफ के लोगों ने काफी सराहना की। निशुल्क जल सेवा की देखरेख व समाचार कवरेज कर अखवार में लगातार प्रसारित करने पर संस्था के लोगों ने अखबार दैनिक वायय आफ लखनऊ के ब्यूरो चीफ मुजफ्फर अली को सम्मानित किया। संस्थान के निदेशक राजेन्द्र कुमार दीक्षित, अध्यक्ष महेश चंद्र तिवारी अलकापुरी, विनोद दीक्षित, हरिदत्त दीक्षित, रमाकांत त्रिपाठी, आचार्य महेश चंद्र तिवारी, महेश कुमार बाथम, चन्द्रभान मिश्रा, महिला संयोजक सरिता चतुवेर्दी, डा. उमेश सिंह, डा. आशीष दीक्षित, अवधेश पचैरी, शिवेन्द्र याद व आदि लोग मौजूद रहे।



पूर्वोत्तर रेलवे
ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 42/2026
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है:-
क्रम सं.-1, कार्य का विवरणः (1) इज्जतनगर मंडल-समई/फतेहगढ़ के अधिकार क्षेत्र में समपार सं. 67/सी के स्थान पर एल०एच०एस० का निर्माण कार्य (समपार के उन्मूलन के लिये)। (2) समई/फतेहगढ़ के अधिकार क्षेत्र में समपार सं. 147/सी के स्थान पर एल०एच०एस० का निर्माण कार्य (समपार के उन्मूलन के लिये)। अनुमानित लागतः ₹ 25,99,81,076.93, बयाना राशिः ₹ 51,99,600/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः 12 माह।
(1) ई-निविदा दिनांक 28-08-2026 को 15:00 बजे तक ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। (2) ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखें।
मण्डल रेल

संक्षेप

करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर के मथुरा नगर निवासी 40 वर्षीय जितेंद्र मिश्रा पुत्र रजनीश मिश्रा की शुक्रवार को घर में टिल्लू मोटर चलाते समय करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि जितेंद्र मिश्रा घर में लगी टिल्लू मोटर के पास किसी काम से गए थे। इसी दौरान वह मोटर के संपर्क में आ गए और तेज करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे के बाद परिजन आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दियज्ञ घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद मृतक के परिवार में शोक का माहौल है।

जानलेवा हमले के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली पुलिस ने जानलेवा हमला और एससी/एसटी एक्ट के मामले में वांछित चल रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त डंडे का टुकड़ा और ईंट का टुकड़ा भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार सुबह पुलिस टीम ने नहर मार्ग स्थित खडरहिया पुलिया चैराहे पर घेराबंदी कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में जीशान (22) निवासी तिकुनिया, जावेद (20), रहीस (30) और नफीस (41) निवासी ग्राम लखरावा शामिल हैं। गौरतलब है कि ग्राम लखरावा निवासी बलविंदर पुत्र बिहारी पासी ने एक अगस्त को कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि बाइक तेज गति से चलाने का विरोध करने पर विपक्षी पक्ष के लोगों ने जातिसूचक गालियां देते हुए लाठी-डंडों और ईंट से हमला कर दिया। हमले में बलविंदर के सिर में गंभीर चोट आई थी। बीच-बचाव करने पहुंचे परिजनों के साथ भी मारपीट की गई, जिसमें उन्हें चोटें आई थीं।

11 से 14 अगस्त तक होंगे राष्ट्रभक्ति कार्यक्रम

सीतापुर। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जनपद में 11 से 14 अगस्त तक होंगे विविध राष्ट्रभक्ति कार्यक्रम स्वतंत्रता दिवस-2026 के उपलक्ष्य में जनपद सीतापुर में राष्ट्रप्रेम एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 11 अगस्त से 14 अगस्त 2026 तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार 11 अगस्त को सायं 05.30 बजे महिला मोटर बाइक तिरंगा यात्रा पुलिस लाइन से प्रारंभ होकर ग्रीकगंज चौराहा, लालबाग चौराहा, कोतवाली चौराहा एवं जीआईसी चैराहा होते हुए जीआईसी कॉलेज मैदान तक निकाली जाएगी। यात्रा में जनपद की महिला अधिकारी एवं कर्मचारी मोटर बाइक एवं स्कूटी के साथ सहभागिता करेंगी। प्रतिभागियों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य होगा तथा यात्रा की ड्रोन कैमरे से फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। 12 अगस्त को सायं 05.30 बजे जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों की सहभागिता से पैदल तिरंगा यात्रा आयोजित की जाएगी।

कलेक्टर नहीं 'गुरुजी' बनकर अभ्युदय केंद्र पहुंचे डीएम



लखीमपुर खीरी। जिले के डीएम अंजनी कुमार सिंह शुक्रवार को अफसर की औपचारिक भूमिका छोड़ सीधे 'गुरुजी' बन गए।

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना की कक्षा में पहुंचते ही उन्होंने हाथ में मार्कर थामा, व्हाइट बोर्ड संभाला और सवालों की ऐसी झड़ी लगा दी कि विद्यार्थियों की तैयारी की असली तस्वीर सामने आ गई। जवाबों के बीच उन्होंने खुद कठिन विषयों को बेहद सहज अंदाज में समझाया और सफलता का मंत्र देते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में मंजिल शॉर्टकट से नहीं, बल्कि मजबूत अवधारणाओं, नियमित स्वाध्याय और अनुशासित तैयारी से मिलती है। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नीट कोचिंग में पहुंचे डीएम ने लाइमैन सीरीज, बामर सीरीज, वेव, वेव लेंथ, श्वसन, प्रकाश संश्लेषण से जुड़े प्रश्न पूछे। जवाब सुनने के बाद वे खुद व्हाइट बोर्ड के सामने खड़े हुए और कठिन कॉन्सेप्ट को बेहद सरल भाषा में समझाया। कुछ देर के लिए ऐसा लगा मानो किसी अनुभवी प्रोफेसर की क्लास चल रही हो। डीएम ने विद्यार्थियों से पिछली नीट परीक्षा में मिले अंक भी पूछे और कहा कि असफलता अंत नहीं, अगली सफलता की तैयारी का सबसे मजबूत आधार होती है। उन्होंने छात्रों को हर दिन अपनी कमजोरियों पर काम करने की सीख दी। इसके बाद यूपीएससी की कक्षा में पहुंचकर उन्होंने अभ्यर्थियों से अब तक पढ़ाए गए विषयों पर प्रश्न किए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सिविल सेवा की तैयारी केवल नोट्स से नहीं, बल्कि किताबों से दोस्ती, नियमित स्वाध्याय और हर विषय की गहरी समझ से होती है। उन्होंने उत्तर लेखन, समय प्रबंधन और समसामयिक घटनाओं के अध्ययन को सफलता का मूल मंत्र बताया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने शिक्षकों को भी निर्देश दिए कि कक्षाओं में केवल पाठ्यक्रम पूरा कराने तक सीमित न रहें, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी की अवधारणाएं मजबूत करें और उसे प्रतियोगी परीक्षा के अनुरूप तैयार करें। इस दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह, डाइट प्राचार्य सीमा शुक्ला मौजूद रही। निरीक्षण के दौरान डीएम ने प्रधानाध्यापिका ऋतु अवस्थी से नामांकन और उपस्थिति का ब्योरा लिया। विद्यालय में पठन-पाठन की व्यवस्था संतोषजनक मिलने पर उन्होंने शिक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बच्चों में रटने की नहीं, समझने और सोचने की क्षमता विकसित करना ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की असली पहचान है।

रीजनल थ्रोबॉल प्रतियोगिता का एसडीएम ने किया शुभारंभ



पलिया कलां। गुरुकुल एकेडमी पलिया में उत्तर प्रदेश रीजनल थ्रोबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ एसडीएम द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि आरती यादव, एसडीएम (ज्यूडिशियल), पलिया ने किया। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जोन से लगभग 350 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं।

प्रतियोगिता में आगरा, प्रयागराज, कानपुर नॉर्थ, कानपुर साउथ, लखनऊ नॉर्थ, लखनऊ साउथ, बरेली, गोरखपुर, मेरठ एवं गाजियाबाद जोन की टीमें शामिल हैं। खिलाड़ी अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 बालिका वर्ग में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। उद्घाटन अवसर पर उत्तर प्रदेश के रीजनल कोऑर्डिनेटर ऑफ स्पोर्ट्स श्री डेविड, सेंट ऐन्स कॉलेज पलिया के फादर जॉर्ज रॉड्रिक, दून इंटरनेशनल स्कूल पलिया के एमडी जगत चौधरी, गुरु नानक देव कॉलेज के चेयरमैन हरविंदर पाल सिंह, गोल्डन फ्लावर पब्लिक स्कूल के एमडी जस्मेल सिंह, श्यामल मिल्क प्रोडक्ट के मालिक सलिल अग्रवाल, विवेकानंद एकेडमी के एमडी अमनदीप सिंह तथा सीनियर एडवोकेट राजीव शुक्ला सहित अनेक गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

शराब के नशे में पानी टंकी पर चढ़ा अधेड़

मड़िहान, मीरजापुर। मड़िहान थाना क्षेत्र के देवरी गांव स्थित शुक्रवार की दोपहर एक अर्द्ध विक्षिप्त अधेड़ के पानी की टंकी पर चढ़ जाने से हड़कंप मच गया। शराब के नशे में धुत अधेड़ करीब 2 घंटे तक टंकी पर खड़े होकर हाईवोल्टेज ड्रामा करता रहा। टंकी पर लगे अर्थ के तार को भी तोड़ने लगा। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद पैसे का लालच देकर उसे नीचे उतारा। जानकारी के अनुसार पचोखरा खुर्द गांव निवासी भग्गू कोल उम्र 52 वर्ष वह करीब एक माह से मड़िहान थाना क्षेत्र के देवरी गांव में अपने बहनोई नंदू कोल के घर रह रहा था। पानी टंकी के पम्प ऑपरेटर उपेंद्र यादव उर्फ जोगी यादव ने बताया कि दोपहर करीब 12 बजे वह अंदर काम कर रहे थे। तभी अर्द्ध विक्षिप्त भग्गू शराब के नशे में सुनसान देख पानी की टंकी पर चढ़ गया और ड्रामा शुरू कर दिया। टंकी पर खड़े होकर वह गाली-गलौज करने लगा और वहां लगे अर्थ के तार को तोड़ने का प्रयास करने लगा। देखते ही देखते दर्जनों ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। 50 फीट ऊंची टंकी पर चढ़े युवक को देखकर हर कोई दहशत में आ गया। इसी बीच वह कई बार उचाई से गिरते गिरते भी बचा। काफी समझाने के बाद भी जब वह नहीं माना तो ग्रामीणों ने ही किसी तरह पैसे का लालच देकर उसे नीचे उतारा। नीचे उतरते ही उसे उसके बहनोई नंदू कोल को सौंप दिया गया। पम्प ऑपरेटर ने बताया कि अगर समय रहते उसे नहीं उतारा जाता तो करंट लगने या गिरने से कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। ग्रामीणों ने कहा कि टंकी की सुरक्षा व्यवस्था ठीक नहीं है। नशे में धुत लोग आसानी से चढ़ जा रहे हैं। प्रशासन से मांग की कि टंकी की घेराबंदी और सुरक्षा बढ़ाई जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटना न हो।

इंडियन बैंक ने क्रिकेट मैच खेलकर मनाया स्थापना दिवस

लखीमपुर खीरी। इंडियन बैंक द्वारा मनाया गया स्थापना दिवस। इंडियन बैंक द्वारा बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बैंक का 120वं स्थापना दिवस मनाया। स्थापना दिवस के मौके पर हेल्थ कैंप वृक्षारोपण क्रिकेट मैच का आयोजन भी किया गया। इस संदर्भ में अभय कुमार जोनल मंडल प्रमुख ने बताया कि हर वर्ष 15 अगस्त के मौके पर इंडियन बैंक का स्थापना दिवस मनाया जाता है। स्थापना दिवस के मौके पर 6 अगस्त 2026 को डॉक्टर द्वारा कैंप लगाकर बैंक के स्टाफ का चेकअप किया गया, 7 अगस्त को 2026 को क्रिकेट मैच का आयोजन इंडियन बैंक स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान भंसरिया में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण संस्थान पर जामुन, बरगद, पीपल, नीम का पौधा रोपण किया गया। वृक्षारोपण के मौके पर अशोक कुमार जिला अग्रणी प्रबंधक के साथ बैंक के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

भामाशाह चौक पर प्रकाश व्यवस्था की मांग



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर के लखीमपुर रोड स्थित दानशिरोमणि श्री भामाशाह चौक पर अंधेरे की समस्या को लेकर वैश्य समाज के युवा पदाधिकारियों ने प्रकाश व्यवस्था कराने की मांग उठाई है। संगठन के जिलाध्यक्ष (युवा) आदित्य गुप्ता की मौजूदगी और नगर अध्यक्ष सुमित गुप्ता के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने एसडीओ गोला को ज्ञापन सौंपकर चौक पर विद्युत पोल लगाकर प्रकाश व्यवस्था कराने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि शाम होते ही भामाशाह चौक पर अंधेरा छा जाता है। इससे राहगीरों और आसपास के लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। संगठन ने जनहित को देखते हुए चौक पर शीघ्र विद्युत पोल लगाकर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला उपाध्यक्ष अनूप गुप्ता, विनय प्रकाश गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष अखिलेश जायसवाल, सुधीर गुप्ता, अभिषेक कुमार, शिवम गुप्ता, राजेश जायसवाल, ध्रुव कुमार, आयुष कुमार, शोभित कुमार, सोनी कुमार सहित संगठन के अनेक युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर किया स्वागत



जिला संवाददाता(vol)

महोली (सीतापुर)। नगर में बैजनाथ धाम के निकट रविवार को भाजपा नेता मनोज मिश्रा ने पांडाल लगाकर छोटी काशी गोला जा रहे कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर प्रसाद वितरित किया।

मालूम हो कि हरदोई के राजघाट से कांवड़ में जल भरकर कांवड़िया छोटी काशी गोला के लिए महोली से होकर निकलते है। शुक्रवार को सैकड़ों कावड़िया डीजे की धुन पर थिरकते हुए नगर से होकर गोला जा रहे थे। जिनका कोतवाली के निकट भाजपा नेता मनोज मिश्रा की अगुवाई में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला एसडीएम शैलेंद्र गौतम तहसीलदार अंकुर यादव सीओ नागेंद्र चौबे व इंस्पेक्टर जेबी पांडे समेत समाज सेवियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और स्टाल लगाकर प्रसाद वितरित किया। इसके बाद पत्रकारों को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं नगर में जगह जगह समाज शिव भक्तों ने भी कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर प्रसाद वितरित किया।

जान जोखिम में डालने वालों पर इंटरसेप्टर में लगायी लगाम

महोली समेत पूरे जिले में वसूला गया लाखों का जुर्माना



महोली/ सीतापुर पुलिस की हाईटेक व्यवस्था का उदाहरण गुरुवार को महोली में देखने को मिला। यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने और मार्ग दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा जनता को समर्पित की गई इंटरसेप्टर वाहन ने आज तहसील के समीप मौजूद पुलिस कर्मियों के द्वारा जबरदस्त चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान ब्रीथ एनालाइजर, स्पीड गन, ई-चालान, ब्लैक फिल्म उतारने का अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक की मंशा स्पष्ट है कि आम जनमानस वाहन चलाते समय सुरक्षित रहें वही राहगीर भी सुरक्षित हो। मालूम हो कि विगत दिनों पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के द्वारा यातायात नियमों का अक्षरतः पालन हो इसके लिए इंटरसेप्टर यातायात वाहन को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया था। जिसके क्रम में महोली में इसका क्रियान्वयन गुरुवार को होता दिखाई दिया। महोली तहसील के समीप इंटरसेप्टर वाहन का प्रयोग कर रहे उपनिरीक्षक कमल किशोर, यातायात आरक्षी रोहित चौधरी, जितेंद्र कुमार शर्मा ने बखूबी पुलिस अधीक्षक के निर्देशों का अनुपालन कराया है। बताया जाता है कि इस दौरान यातायात टीम के द्वारा चार व दो पहिया वाहनों का निरीक्षण किया वहीं बिना हेलमेट लगाए लोगों को हिदायत दी है। यही नहीं कुछ वाहनों के विरुद्ध अनुशात्मक कार्रवाई भी सुनिश्चित की है।

नशे की गिरफ्त से युवा शक्ति को बचाना आज की सबसे बड़ी जरूरत



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नशे की गिरफ्त से युवा शक्ति को बचाना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। नशा व्यक्ति के साथ उसके परिवार और समाज को भी कमजोर करता है। ऐसे में युवाओं को नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। नशामुक्त युवा ही सशक्त समाज और विकसित भारत की मजबूत नींव बन सकते हैं। यह बात सीजीएन पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह ने शुक्रवार को युवा कनेक्ट-2026 के तहत आयोजित ह्यनशा मुक्त फॉर विकसित भारतह्ल कार्यक्रम में कही।

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के युवा कार्यक्रम विभाग के अनुक्रम में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका साक्षी दीक्षित ने सरस्वती वंदना एवं वंदे मातरम्-गीत प्रस्तुत किया। यूथ आइकॉन राणा आशुतोष सिंह ने पीपीटी के माध्यम से युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों और इससे बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहकर अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। देश के विकास में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है और विकसित भारत-2047 के संकल्प को पूरा करने में युवा शक्ति निर्णायक भूमिका निभा सकती है। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. शेषमणि विश्वकर्मा ने नशामुक्ति विषय पर किए गए अपने अध्ययनों के अनुभव साझा करते हुए युवाओं को नशे से बचने के विभिन्न उपाय बताए। डॉ. गौरव अवस्थी ने कहा कि नशा व्यक्ति के मस्तिष्क को प्रभावित करने के साथ उसके परिवार और समाज को भी कमजोर करता है। डॉ. अमित कुमार यादव ने कहा कि नशे की लत व्यक्ति को शारीरिक रूप से कमजोर करने के साथ आर्थिक नुकसान की ओर भी ले जाती है। उन्होंने युवाओं से स्वयं नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. विष्णु कुमार शुक्ला, डॉ. प्रशांत सिंह, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. राघवेन्द्र सिंह, डॉ. सुनील गुप्ता, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. जितेन्द्र कुमार, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. मनोज कुमार सरोज, डॉ. देवानंद, नोडल अधिकारी डॉ. विवेक कुमार सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आदर्श पटेल, शारीरिक शिक्षा विभाग प्रभारी डॉ. नवनीत कुमार डॉ. राजीव कुमार शर्मा, डॉ. अरुण कुमार सिंह, डॉ. योगेश कनौजिया, डॉ. शैलेन्द्र, डॉ. मंजू शुक्ला, डॉ. बृजगोविन्द, सुश्री नीलम शर्मा आदि मौजूद रहे।

हरियाली तीज का आयोजन



सीतापुर। महिला समिति नई बस्ती की पदाधिकारी साधना चौरसिया ने सावन माह के पावन अवसर पर स्थानीय घूरामऊ बगला स्थित राम भवन में हरियाली तीज कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग मीरा निगम का रहा कार्यक्रम का शुभारम्भ महिलाओं में दीपाली खन्ना व प्रतिभा मेहरोत्रा ने भगवान गणेश की वंदना करके किया। इसके बाद महिलाओं ने अंताक्षरी का आनंद लिया और सावन के गीतों पर जमकर नृत्य भी किया। सावन के झूले, हरे-भरे परिधान और मेहंदी से सजे हाथों ने पूरे कार्यक्रम में हरियाली का रंग भर दिया। इस अवसर पर संजू गुप्ता, लखविंदर कौर, निधि वर्मा, आकांक्षा गुप्ता, अनुपमा चिरानिया, नेहा सक्सेना, हिना गुप्ता, प्रतिमा, प्रतिभा, पूनम राठौर, रश्मि गुप्ता, अलका अवस्थी, सारिका गर्ग, मयूरी गुप्ता, शिल्पी गुप्ता, संगीता रस्तोगी, माही अग्रवाल, दीक्षा गुप्ता, मधुबाला गुप्ता, नीरा निगम, निर्मला गुप्ता, कंचन गुप्ता, दीपाली खन्ना, प्रतिभा मेहरोत्रा, पूजा जायसवाल, शांति सोनी, नमिता अग्रवाल, रानी, सुरभि, कल्पना गुप्ता मीरा गुप्ता सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं और तीज के गीतों पर उत्साहपूर्वक भाग लिया।

पेंशनर्स की बैठक 10 अगस्त को

जौनपुर। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के जनपद अध्यक्ष सी बी सिंह एवं जिला मन्त्री कृपाशंकर उपाध्याय ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ती से अवगत कराया है कि मासिक बैठक द्वितीय शनिवार को अवकाश होने के कारण अगले कार्य दिवस 10 अगस्त पुर्वान्ह साढ़े ग्यारह वजे से कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पेंशनर्स कार्यालय पर होगी।

अराजकतत्वों ने अंबेडकर की प्रतिमा तोड़ी व पास में स्थित ईदगाह का गुंबद भी टूटा



जिला संवाददाता(vol)

धौरहरा खीरी। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महराज नगर में बीती रात अराजकतत्वों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त मिलने का मामला सामने आया। वहीं प्रतिमा स्थल के समीप स्थित ईदगाह का गुंबद भी टूटा हुआ पाया गया।

घटना की जानकारी मिलते ही अम्बेडकर पार्क समिति के जगदीश गौतम ने पुलिस को सूचना दी तुरंत पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंच गया और एहतियात के तौर पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया।

पुलिस अधिकारियों ने दोनों समुदायों के सम्मानित लोगों से बातचीत कर शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। प्रशासन ने क्षतिग्रस्त अंबेडकर प्रतिमा के स्थान पर नई प्रतिमा स्थापित कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ग्रामीणों के अनुसार नई प्रतिमा लाने के लिए लोग लखनऊ गए हैं, जिसके बाद विधिवत स्थापना कराई जाएगी। वहीं प्रशासन ने ईदगाह के क्षतिग्रस्त गुंबद की भी शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश दिए हैं। पुलिस का कहना प्रशासन ने ईदगाह के क्षतिग्रस्त गुंबद की भी शीघ्र कराने के निर्देश दिए हैं। जिले से फारेंसिक टीम आयीं घटना स्थल का निरीक्षण कर फिंगर प्रिंट लिये है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है तथा घटना के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। मौके पर उपजिलाधिकारी राशि कृष्णा और सीओ शमशेर सिंह अपने पुलिस टीम के साथ डटे रहे दोनों समुदायों को समझाते रहे। पुलिस और प्रशासन की सतर्कता तथा स्थानीय लोगों के सहयोग से स्थिति पूरी तरह शांतिपूर्ण बनी रही। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो, इसके लिए गांव में पुलिस बल तैनात है और प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

बरसात में जलभराव, नौनिहालों के भविष्य और सुरक्षा पर मंडराया संकट



बिसवां नगर (सीतापुर)। मामूली सी बारिश और प्रशासन के दावों की हवा निकल गई। क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर (बिसवां) का परिसर हल्की बरसात होते ही टापू में तब्दील हो जाता है। स्कूल परिसर और मुख्य रास्तों पर हुए जलभराव ने न केवल विद्यालय की व्यवस्था की पोल खोल दी है, बल्कि मासूम बच्चों की सुरक्षा पर भी बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। बारिश का पानी जमा होने से स्कूल का प्रांगण लबालब भरा हुआ है। आलम यह है कि कक्षाओं तक पहुंचने के लिए बच्चों को घुटनों तक भरे गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। ऐसे में छोटे-छोटे बच्चों के फिसलकर गिरने और चोटिल होने का खतरा हर पल बना रहता है। जलजमाव के कारण मच्छरों का प्रकोप और जहरीले कीड़े-मकोड़ों का खतरा तेजी से बढ़ गया है। दूषित पानी से डेंगू, मलेरिया और त्वचा संबंधी बीमारियों के फैलने की आशंका से अभिभावक बेहद चिंतित हैं। कई अभिभावक डर के मारे बच्चों को स्कूल भेजने से कतरा रहे हैं, जिससे उनकी पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने की शिकायत कई बार संबंधित अधिकारियों और ग्राम पंचायत से की जा चुकी है, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। हल्की सी बारिश में अगर यह स्थिति है, तो तेज बारिश के दिनों में हालात और भी गंभीर हो सकते हैं। ग्रामीणों और अभिभावकों ने जिलाधिकारी एवं शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि समस्या को संज्ञान में लेकर तत्काल विद्यालय परिसर से जल निकासी की व्यवस्था कराई जाए ताकि बच्चों का पठन-पाठन और सुरक्षा प्रभावित न हो।

कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, भूगर्भ जल विभाग, खण्ड - यॉंत्रिक अयोध्या, एम.एल.आई.जी.-22, फेज-1, कौशलपुरी, अयोध्या।

पत्रांकः- /भू0ज0वि0ख0यॉं0/पीजोमीटर्स-2026-27/अयोध्या/ दिनांक ,2026

ई-निविदा सूचना (अल्पकालीन) 2026-27

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा मध्यम गहरें पीजोमीटर के निर्माण कार्य हेतु भूगर्भ जल विभाग, उ0प्र0 मे पंजीकृत निविदा दाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	ई-निविदा सूचना (अल्पकालीन) संख्या	जनपद का नाम	कार्य का विवरण में)	लागत (लाख रू (रू.) (जी.एस.टी. रहित)	धरोहर धनराशि मूल्य (रू.)	निविदा प्रपत्र का अवधि (जी.एस.टी. सहित	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	02/पीजोमीटर्स/ अयोध्या/ 2026-27	अयोध्या	Construction of 05 No. medium deep Piezometers at various blocks of Distt. Ayodhya.	14.81	150000.00	854.00	60 दिवस
2	03/पीजोमीटर्स/ अयोध्या/ 2026-27	अम्बेडकर नगर	Construction of 05 No. medium deep Piezometers at various blocks of Distt. Ambedkar Nagar.	14.82	150000.00	854.00	60 दिवस
3	04/पीजोमीटर्स/ अयोध्या/ 2026-27	अमेठी	Construction of 05 No. medium deep Piezometers at various blocks of Distt. Amethi.	14.81	150000.00	854.00	60 दिवस

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 13-08-2026 से 31-08-2026 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 31-08-2026 को समय दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है।
इसकी तकनीकी बिड दिनांक 31-08-2026 को अपरान्ह 01:00 बजे ऑनलाईन खोली जायेगी।
निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

UPID-254586 Date: 07.08.26
Website : www.upgov.nic.in

(पुनीत मौर्या)
अधिशासी अभियन्ता

जुर्माना के साथ दी गई हिदायतः एसपी



महोली/ सीतापुर जनता एवं राहगीरों के हितों हेतु सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का क्रियान्वयन पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के द्वारा बखूबी से कराया जा रहा है। जिसके क्रम में गुरुवार को महोली में लगभग एक लाख रुपए से अधिक एवं पूरे जिले की बात की जाए तो लाखों रुपए का जुर्माना यातायात के नियम तोड़ने वाले के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर लगाया गया है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल का मानना है कि दुर्घटनाएं न हो इसके लिए जनपद पुलिस कृत संकल्पित है इसलिए पूरे जिले में इंटरसेप्टर वाहन के द्वारा यातायात नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है इसके साथ-साथ जुमार्ना व हिदायत देकर वाहन चालकों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है।

संक्षेप

बाल्हेश्वर धाम ऐहार में विशाल भंडारा 10 को

लालगंज, रायबरेली। सावन माह में शिव भक्ति में भगवान के भक्त अत्यंत आनंद में सराबोर हैं ।रघुवीर रोलिंग मिल, कानपुर के डायरेक्टर, रघुवीर हॉस्पिटल लालगंज के अध्यक्ष एवं वाजपेई पुर इंटर कॉलेज के प्रबंधक पंडित रमेश दीक्षित ने बताया कि इस वर्ष भी 10 अगस्त, सोमवार को श्री बाल्हेश्वर धाम, ऐहार के पवित्र परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।इस आयोजन में रघुवीर इंस्टीट्यूट की प्रबंध निदेशक डॉ. मोनिका मिश्रा, शशांक दीक्षित का विशेष सहयोग रहेगा।पंडित रमेश दीक्षित ने कहा कि श्री बाल्हेश्वर बाबा अत्यंत जागृत और कल्याणकारी देव हैं।बाबा की कृपा से ही जीवन में सुख-शांति और समृद्धि आती है। शिव ही सृष्टि के आधार हैं।जो भक्त सच्चे मन से बाबा का नाम लेता है, उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती है।

गौ आश्रय स्थलों के विकास को मिलेगी नयी रफ्तार

सुलतानपुर (वीओएल)। जिले के गो आश्रय स्थलों में रहने वाले गोवंशों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है।विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन (बीबीजी रामजी) के तहत अब जिले को मिलने वाली कुल धनराशि का 10 प्रतिशत हिस्सा गो आश्रय स्थलों के विकास पर खर्च किया जाएगा।योजना के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली गई है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। योजना के तहत गो आश्रय स्थलों में मरीज गोवंशों के उपचार के लिए पेशेंट रूम, गोवंशों के बैठने के लिए चबूतरा, जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए खड़ंजा और नाली निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए बाउंड्रीवाल का भी निर्माण कराया जाएगा, जिससे गोवंशों की बेहतर देखभाल सुनिश्चित हो सके। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा सुनील कुमार ने बताया कि सभी संबंधित बीडीओ को अपने-अपने क्षेत्र के गो आश्रय स्थलों का प्रस्ताव तैयार कर जिलाधिकारी को भेजेंगे।

ठगी के शिकार पीड़ितों को 1.05 लाख लौटाये

सुलतानपुर। साइबर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी के दो अलग-अलग मामलों में पीड़ितों को कुल 1,05,937 की धनराशि वापस कराकर ब सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक चारू निगम के निर्देशन में साइबर थाना टीम ने तकनीकी जांच और बैंकिंग संस्थानों के समन्वय से दोनों मामलों का प्रभावी निस्तारण किया। पहले मामले में वर्ष 2025 में एक महिला का ओप्पो मोबाइल चोरी होने के बाद उसके बैंक खाते से 97,200 अवैध रूप से निकाल लिए गए थे। साइबर थाना ने तकनीकी एवं डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर जांच कर 95,937 की धनराशि होल्ड कराकर खाते में वापस कराई। वहीं दूसरे मामले में मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के विभारपुर निवासी अशोक कुमार यादव के बैंक खाते से साइबर ठगों ने 10,000 उड़ा दिए थे। शिकायत मिलते ही साइबर थाना टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंक और अन्य संस्थाओं से समन्वय स्थापित किया और पूरी धनराशि वापस करा दी।पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी प्रकार की ऑनलाइन ठगी, बैंकिंग फ्रॉड या डिजिटल अपराध होने पर बिना देर किए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

अयोध्या को दीपोत्सव तक मिलेगा अत्याधुनिक प्रशासनिक कार्यालय

सिविल लाइंस में 102 करोड़ की लागत से तैयार हुआ छह मंजिला भवन



अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर अयोध्या को दीपोत्सव तक एक अत्याधुनिक संयुक्त प्रशासनिक कार्यालय मिल सकता है। सिविल लाइन्स स्थित सादर तहसील के निकट 2.44 एकड़ में बन रहा यह छह मंजिला हाईटेक भवन लगभग तैयार हो चुका है और अंतिम चरण में निर्माण कार्य चल रहा है। 102 करोड़ रुपये की लागत से बने इस परिसर में विकास प्राधिकरण और नगर निगम के कार्यालय एक ही जगह संचालित होंगे। यह भवन सोलर ऊर्जा से युक्त होगा तथा बिजली न रहने पर बैकअप व्यवस्था भी उपलब्ध रहेगी। संभवतः जिले में ऐसी सुविधा वाला यह पहला प्रशासनिक कार्यालय होगा। नवम्बर 2023 में शुरू हुए निर्माण का लक्ष्य अक्टूबर 2026 रखा गया है। भवन की ऊंचाई 26 मीटर है। इसमें दो बेसमेंट, लिफ्ट व्यवस्था और स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी आधुनिक सुविधाएं शामिल की गई हैं। परिसर में 292 कारों की पार्किंग व्यवस्था भी की गई है। वर्तमान में भवन हैंडओवर प्रक्रिया में है। अधिकारियों के अनुसार, दीपोत्सव से पहले इसे पूर्ण रूप से तैयार कर लेने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि प्रशासनिक कामकाज सुचारू रूप से नए परिसर में स्थानांतरित हो सके।

यह संयुक्त प्रशासनिक परिसर अयोध्या के प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अब तक विकास प्राधिकरण और नगर निगम के कार्यालय अलग-अलग स्थानों पर संचालित होते थे, जिससे आम नागरिकों को कई जगह चक्कर लगाने पड़ते थे। एक ही परिसर में दोनों कार्यालयों के आने से लोगों को सुविधा मिलेगी और समय की बचत होगी। साथ ही, प्रशासनिक समन्वय भी बेहतर होगा। भवन की सबसे खास बात इसकी सोलर युक्त व्यवस्था है। छत पर सोलर पैनल लगाए गए हैं, जो दिन के समय बिजली की जरूरत पूरी करेंगे। बिजली कटौती की स्थिति में बैकअप सिस्टम सक्रिय हो जाएगा, जिससे कामकाज बाधित नहीं होगा। दो बेसमेंट में पार्किंग के अलावा अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। लिफ्ट सिस्टम आधुनिक और सुरक्षित है। स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर के तहत सीसीटीवी कैमरे, फायर सेफ्टी सिस्टम और अन्य सुरक्षा उपाय भी किए गए हैं। इस संयुक्त कार्यालय से जिले के विकास कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है। नगर निगम और विकास प्राधिकरण के अधिकारी एक ही छत के नीचे काम करेंगे, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में देरी कम होगी। कॉन्ट्रैक्टर वैगमाइन इंटरप्राइजेज निर्माण एजेंसी के परियोजन प्रबंधक महाराम शर्मा ने बताया कि भवन लगभग तैयार है। अंतिम फिनिशिंग, इंटीरियर और हैंडओवर की प्रक्रिया चल रही है। अक्टूबर 2026 का लक्ष्य रखते हुए दीपोत्सव से पहले इसे जनता को समर्पित करने की कोशिश की जा रही है।

मानकविहीन स्कूली वाहनों पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश

अयोध्या। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए पिछले वर्ष एवं वर्तमान वर्ष में हुई सड़क दुर्घटनाओं, उनमें मृतकों एवं घायलों की संख्या तथा दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों की जानकारी ली।

● जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने दिए सड़क सुरक्षा के प्रभावी इंतजाम के निर्देश

जिलाधिकारी ने एनएच-27 लखनऊ-गोरखपुर मार्ग एवं अयोध्या-लखनऊ मार्ग पर आवश्यक स्थानों पर ओवरहेड बोर्ड एवं संकेतक लगाने के निर्देश दिए, ताकि वाहन चालकों को मार्ग, गति सीमा, दिशा एवं अन्य आवश्यक यातायात संबंधी सूचनाएं स्पष्ट रूप से उपलब्ध हो सकें। उन्होंने सड़कों पर जहां भी मैनहोल खुले हैं अथवा सड़क पर गड्ढे हो गए हैं, उनकी तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए। बाजार क्षेत्रों में सड़क एवं मार्ग की आवश्यकतानुसार चैड़ाई बढ़ाने तथा यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए प्रभावी कार्रवाई करने को कहा। जिलाधिकारी ने रामपथ, श्रीराम मंदिर तक संचालित गोल्फकार्ट के संचालन एवं यातायात नियमों के पालन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गोल्फ कार्ट एजेंसियों एवं चालकों के साथ बैठक कर उन्हें यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने के लिए सख्त निर्देश देने को कहा। इसके साथ ही जनौरा अंडरपास के पास आवश्यक मरम्मत एवं सुधार कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए गए, ताकि आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो और दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके। बैठक में स्कूली वाहनों की सुरक्षा को लेकर भी जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालयों में संचालित सभी स्कूली वाहनों का सत्यापन शीघ्र पूर्ण कराने तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप न पाए जाने वाले वाहनों का तत्काल संचालन रोकने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ओमनी वैन एवं ई-रिक्शा से बच्चों को विद्यालय न भेजा जाए। इसके लिए जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

संत रविदास के विचारों को जन-जन तक पहुंचायेगी कलश वंदन यात्राः सुशील त्रिपाठी



सुलतानपुर (वीओएल)। संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा शुक्रवार को जिला कार्यालय से कलश वंदन यात्रा का विधिवत शुभारंभ किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने संत रविदास की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर की पावन मिट्टी से भरे कलश को सिर पर धारण कर ढोल-नगाड़ों, पुष्पवर्षा और जयघोष के बीच यात्रा को रवाना किया। यात्रा भदैंया मंडल के पखरौली पहुंची, जहां विधायक सीताराम वर्मा, ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र वर्मा और मंडल अध्यक्ष रोहित यादव सहित स्थानीय कार्यकताओं ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। सभा को संबोधित करते हुए सुशील त्रिपाठी ने कहा कि संत रविदास का जीवन समरसता, समानता, सेवा और मानवता का प्रतीक है। यह यात्रा उनके विचारों को घर-घर पहुंचाने और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने का माध्यम बनेगी। विधायक सीताराम वर्मा ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य संत रविदास के समरस समाज के संकल्प को जन-आंदोलन का रूप देना है। इसके बाद यात्रा हनुमानगंज, दोमुहां, कामतागंज, भरथीपुर, लोदीपुर, नरहरपुर, कंधईपुर बाजार, रुदौली मंदिर, शिवपुरी मंदिर होते हुए सकरसी पहुंची, जहां रात्रि विश्राम किया गया। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर कलश पूजन, पुष्पवर्षा और स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए गए। यात्रा में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सचिवों व सहायकों को मिला प्रशिक्षण

कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को विकास खंड कूरेभार के बीसी कक्ष में पंचायत सचिवों एवं पंचायत सहायकों के लिए ह्यओएसआर पोर्टल, राजस्व सृजन एवं सेवा वितरण विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी श्रीकांत तिवारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बीडीओ श्रीकांत तिवारी ने कहा कि ग्राम पंचायतों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वयं की आय बढ़ाना आवश्यक है। पंचायत सचिव और पंचायत सहायक शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण से पंचायतों में पारदर्शी और प्रभावी सेवा वितरण को बढ़ावा मिलेगा। प्रशिक्षण के दौरान पंचायत विभाग के मास्टर ट्रेनर अमरीश वर्मा और अनूप कुमार ने प्रतिभागियों को ओएसआर पोर्टल के संचालन, पंचायतों की आय बढ़ाने के विभिन्न स्त्रोतों, कर एवं शुल्क संग्रह, ऑनलाइन प्रविष्टि, राजस्व प्रबंधन तथा नागरिकों को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही पोर्टल के व्यावहारिक उपयोग का प्रशिक्षण देकर प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि यह प्रशिक्षण उप निदेशक (पंचायत) एवं क्षेत्रीय पंचायत प्रशिक्षण संस्थान के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में विकास खंड कूरेभार के सभी पंचायत सचिवों और बड़ी संख्या में पंचायत सहायकों ने भाग लेकर शासन की नई डिजिटल व्यवस्थाओं और सेवा वितरण प्रणाली की जानकारी प्राप्त की।

नहर में कूदी विवाहिता का शव दो दिन बाद बरामद

कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। गोसाईगंज थाना क्षेत्र की शारदा सहायक नहर में कूदकर लापता हुई विवाहिता का शव शुक्रवार को कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के सलाहपुर गांव के पास नहर से बरामद हुआ। शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि 5 अगस्त को गोसाईगंज थाना क्षेत्र के बेनी का पूरा गांव निवासी हकीकूल (20) पत्नी शमशाद ने गांव के पास से गुजर रही शारदा सहायक नहर में छलांग लगा दी थी। घटना के बाद से पुलिस, गोताखोरों और स्थानीय लोगों की मदद से लगातार तलाश अभियान चलाया जा रहा था। शुक्रवार को विवाहिता का शव सलाहपुर गांव के पास नहर में उतराता मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

राहुल गांधी के कार्यक्रम में सुलतानपुर से जायेगा कांग्रेसियों का जत्था

सुलतानपुर (वीओएल)। कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में शुक्रवार को प्रयागराज के के.पी. ग्राउंड में आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में सुलतानपुर से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, छात्र और युवा शामिल होंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और जिले के सभी ब्लॉक व नगर स्तर पर कार्यकताओं से संपर्क कर अधिकाधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में शिक्षा, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं और युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दे प्रमुखता से उठाए जाएंगे। राणा ने सोशल मीडिया पर कार्यक्रम निरस्त होने की खबरों को अफवाह बताते हुए कार्यकताओं से भ्रमित न होने और निर्धारित समय पर प्रयागराज पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

युवक को पीट कर किया मरणासन्न, हायर सेंटर रेफर

मिल्कीपुर-अयोध्या। इनायत नगर थाना क्षेत्र के खिहारन गांव में शुक्रवार शाम करीब 4.45 बजे एक युवक पर कुछ लोगों ने घात लगाकर हमला कर दिया। इस हमले में खिहारन गांव निवासी मोहम्मद गुफरान (40) पुत्र मोहम्मद फारूक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। गुफरान के परिजनों ने बताया कि वह शाम 4.35 बजे किसी काम से गांव से बाहर जा रहे थे। तभी एक सुनसान रास्ते पर आधा दर्जन युवकों ने उन्हें रोक लिया और उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने गुफरान को जमकर मारा पीटा, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। हमला करने के बाद सभी युवक गुफरान को मरणासन्न हालत में छोड़कर मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में उन्हें एक निजी चिकित्सक के पास ले गए। गुफरान की गंभीर हालत को देखते हुए पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद, उन्हें सरकारी एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को भी दी।

पूजित माटी के कलश के साथ गूंजा समरसता का संदेश



अयोध्या। संत रविदास के 650वें जयंती वर्ष को समर्पित समरसता संकल्प अभियान के तहत भाजपा ने अयोध्या और देवकाली मंडल में कलश वंदन यात्रा के माध्यम से सामाजिक समरसता का संदेश दिया। संत रविदास की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर से लाई गई पूजित माटी के कलश को यात्रा का केंद्र बनाया गया। दोनों मंडलों में अलग-अलग मार्गों से निकली यात्राओं का विभिन्न स्थानों पर कार्यकताओं और स्थानीय लोगों ने स्वागत किया।

अयोध्या मंडल में यात्रा की शुरूआत टेढ़ी बाजार स्थित बृहस्पति कुंड से हुई। महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने पूजित माटी के कलश के साथ यात्रा को रवाना किया। यात्रा अशर्फी भवन पहुंची। इसके बाद मतगजेंद्र मंदिर पर डा. प्रज्जवल सिंह व विकास गुप्ता ने यात्रा का स्वागत किया। विद्याकुंड में रामभजन वर्मा व अवधबिहारी साहू ने स्वागत किया। चूड़ामणि चैराहे पर संजय गुप्ता और अजय गौड़ ने यात्रा का अभिनंदन किया। दर्शन नगर सूर्यकुंड में रामजन्म विश्वकर्मा और अरविन्द शुक्ला ने स्वागत किया। देवकाली मंडल में यात्रा का शुभारंभ अंबेडकर पार्क से हुआ। यात्रा के चैक पहुंचने पर राजेश गौड़ व किशन ने स्वागत किया। वजीरगंज में शकुंतला गौतम व शकुंतला मौर्या ने यात्रा का अभिनंदन किया। लालबाग कुम्हारटोला में अमन तिवारी बिट्टू, अनुभव जायसवाल, आकाश सोमवंशी और आशुतोष ने स्वागत किया। इसके बाद जनौरा बुद्ध नगर में पूजा रावत और सूरज सोनकर ने यात्रा का स्वागत कियज्ञं महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि संत रविदास की जन्मस्थली की पूजित माटी के कलश को लेकर निकाली गई यात्राओं के जरिए सामाजिक एकता, समानता और समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। कलश वंदन यात्रा में पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र, शैलेन्द्र कोरी, परमानंद मिश्र, हरभजन गौड़, बाल कष्ण वैश्य, शशि प्रताप सिंह, वरूण चैधरी, दिनेश कन्नौजिया, शिवम्शुक्ला, मुकेश तिवारी, हेमंत जायसवाल, अनिकेत यादव, चंदा सिंह, स्वप्निल श्रीवास्तव, प्रांशु अग्रवाल, अशोका द्विवेदी, जगदीश चतुर्वेदी, राजू रामलला, राम नंदन, ओमिश अग्रहरि सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारियों ने यात्रा में सहभागिता की और विभिन्न स्थानों पर उसका स्वागत किया।

सांसद अवधेश प्रसाद के समर्थन में उतरे सपाई, सौंपा ज्ञापन



सोहावल-अयोध्या। विगत दिनों अयोध्या में फैजाबाद के सांसद अवधेश प्रसाद के चित्र पर चप्पल से प्रहार किए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। समाजवादी पार्टी सहित अनुसूचित वर्ग में गहरा असंतोष देखने को मिल रहा है। जनपद मुख्यालय सहित विभिन्न तहसीलों में इस मामले को लेकर लगातार ज्ञापन दिए जा रहे हैं।इसी कड़ी में शुक्रवार को सोहावल तहसील में समाजवादी पार्टी के नेताओं ने बड़ी संख्या में इकट्ठा होकर उपजिलाधिकारी सोहावल को महामहिम राष्ट्रपति महोदया को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि इस दुर्भाग्यपूर्ण कृत में सम्मिलित सभी लोगों के विरुद्ध प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाय। साथ ही साथ फैजाबाद के सांसद की बढ़ती हुई लोकप्रियता को देखते हुए आशंका है कि कभी भी उन पर प्राण घातक हमला हो सकता है। ऐसी स्थिति में भारत सरकार द्वारा तत्काल प्रभाव से समुचित सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जाय। इस मौके पर नगर पंचायत खिरौनी के अध्यक्ष प्रतिनिधित्व डा0 राम सुमेर भारती, जिला उपाध्यक्ष एजाज अहमद, युवजन सभा के जिलाध्यक्ष जय सिंह यादव, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राशिद जमील, युवजनसभा के विधानसभा अध्यक्ष जितेंद्र रावत, सभासद संतराम पासी, सभासद दिनेश पासी, सभासद अबरार अहमद, सभासद शुभम यादव, ब्लाक अध्यक्ष राजेश यादव, भवानी प्रसाद यादव, प्रधान रामचंद्र रावत, चंद्र प्रकाश यादव, सोभ नाथ यादव, सुशील रावत, हरेंद्र रावत, मनजीत रावत, सुनील रावत, दानिश खान, दया शंकर भारती, आमिर खान, अश्विनी रावत, अब्दुल हलीम उर्फ कल्लू नेता, राजेश रावत, सर्वेश भारती, वीरेंद्र यादव वीरू, मनोज रावत, सोनू रावत, जग जीत रावत आदि सहित बड़ी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित रहीं।

● सुरक्षा बढ़ाए जाने की मांग की

सोलर पैनल लगाते समय करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

सुलतानपुर (वीओएल)। शहर के ओमनगर क्षेत्र में शुक्रवार सुबह सोलर पैनल लगाने के दौरान हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गंभीर रूप से झुलसे युवक को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर गांव निवासी विनय कुमार पेशे से सोलर पैनल इंस्टॉलेशन का कार्य करते थे। शुक्रवार को वह ओमनगर इलाके में एक भवन पर सोलर पैनल लगाने का काम कर रहे थे। इसी दौरान वह अचानक हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आ गए और तेज करंट लगने से गंभीर रूप से झुलस गए। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। विनय अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। उसके परिवार में पत्नी, करीब तीन वर्षीय मासूम बेटी, वृद्ध माता-पिता और दो भाई हैं। बड़े भाई राजकुमार ने बताया कि विनय की असमय मौत से परिवार के सामने गहरा आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। अब मासूम बेटी के भविष्य और पूरे परिवार के भरण-पोषण की चिंता सताने लगी है। घटना के बाद परिजनों ने शासन और जिला प्रशासन से आर्थिक सहायता एवं सरकारी मुआवजा देने की मांग की है। वहीं इस हादसे ने हाईटेंशन बिजली लाइनों के आसपास कार्य करने वाले श्रमिकों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने ऐसे कार्यों के दौरान सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने की मांग की है।

कमलेश सिंह बने ब्लॉक अध्यक्ष तो शैलेंद्र कुमार ब्लॉकमंत्री निर्वाचित



सुलतानपुर (वीओएल)। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (सुशील पांडेय गुट) की जिला इकाई के नेतृत्व में करौंदी कला ब्लॉक इकाई का गठन किया गया। जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह 'प्रतापगढ़ी' की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से कमलेश कुमार सिंह को ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया। वहीं शैलेन्द्र कुमार को ब्लॉक मंत्री और चंद्रमणि यादव को ब्लॉक कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में श्याम प्रकाश मिश्रा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शिव प्रताप यादव को संयुक्त मंत्री, सुरेश राणा को प्रचार मंत्री तथा जुगनू शेख को संगठन मंत्री मनोनीत किया गया। जिला मंत्री राहुल तिवारी 'राष्ट्रवादी' ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षकों के हितों और सम्मान की रक्षा उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ब्लॉक स्तर पर शिक्षकों के किसी भी प्रकार के शोषण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संगठन हमेशा संघर्ष करेगा। बैठक का संचालन जूनियर शिक्षक संघ के ब्लॉक वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशिक पांडेय ने किया। इस अवसर पर संरक्षक विजय प्रताप सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष संजय सिंह, सनत सिंह, सुशांत मिश्रा, अनिल मौर्य, सूर्य प्रकाश मिश्रा, संदीप सिंह, प्रदीप नारायण झा, विवेक नारायण झा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत

सलोन, रायबरेली। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रोहित मिश्रा के लखनऊ से अपने गृह जनपद प्रतापगढ़ जाते समय रास्ते में बटोही रेस्टोरेंट के पास कार्यकताओं ने उनके गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। तथा उनके बर्थडे पर स्वागत मंच पर केक काटा गया। जानकारी के अनुसार भाजपा के युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रोहित मिश्रा शुक्रवार को लखनऊ से अपने गृह जनपद प्रतापगढ़ जा रहे थे । तभी रास्ते में रायबरेली प्रतापगढ़ मार्ग पर स्थित बटोही रेस्टोरेंट के पास भाजपा युवा मोर्चा के सैकड़ो कार्यकताओं ने माला पहनकर उनका स्वागत किया। स्वागत करने वालों में शिवांश शुक्ला, आकाश सिंह दीपक पांडे ,वीरू सिंह, सुनील साहू, गोलू रस्तोगी, समेत अन्य कार्यकताओं ने सामूहिक रूप से 51 किलो की माला पहनकर उनका स्वागत किया। स्वागत के बाद उनके बर्थडे के अवसर पर स्वागत मंच पर केक काटा गया। उपस्थित कार्यकताओं ने नारे लगाते हुए कहा कि रोहित मिश्रा आगे बढ़ो हम तुम्हारे साथ हैं।मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रोहित मिश्रा के लखनऊ से अपने गृह जनपद प्रतापगढ़ जाते समय रास्ते में बटोही रेस्टोरेंट के पास कार्यकताओं ने उनके गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। तथा उनके बर्थडे पर स्वागत मंच पर केक काटा गया। जानकारी के अनुसार भाजपा के युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रोहित मिश्रा शुक्रवार को लखनऊ से अपने गृह जनपद प्रतापगढ़ जा रहे थे । तभी रास्ते में रायबरेली प्रतापगढ़ मार्ग पर स्थित बटोही रेस्टोरेंट के पास भाजपा युवा मोर्चा के सैकड़ो कार्यकताओं ने माला पहनकर उनका स्वागत किया। स्वागत करने वालों में शिवांश शुक्ला, आकाश सिंह दीपक पांडे ,वीरू सिंह, सुनील साहू, गोलू रस्तोगी, समेत अन्य कार्यकताओं ने सामूहिक रूप से 51 किलो की माला पहनकर उनका स्वागत किया।

अयोध्या पहुंचे तेज नारायण पांडे हुआ स्वागत



अयोध्या। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन को स्व. जनेश्वर मिश्र छोटे लोहिया के जन्मदिन पर लखनऊ में आयोजित ब्राह्मण सम्मेलन में अयोध्या विधानसभा से सपा प्रत्याशी घोषित किए जाने पर अयोध्या के साधु संतों व्यापारियों किसानों नौजवानों और पार्टी कार्यकताओं पदाधिकारी में खुशी की लहर व्याप्त है सपा प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया पूर्व मंत्री तेज नारायण पवन को अयोध्या का प्रत्याशी घोषित होने पर सपा महानगर कार्यालय लोहिया भवन पर उनके प्रथम आगमन पर नि0 महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व महासचिव हामीद जाफर मीसम के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारी नेताओं कार्यकताओं सभी फ्रंटल संगठनों ने उनका पार्टी कार्यालय पर फूल मालाओं और एक दूसरे को मुंह मीठा करा कर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडे पवन ने कार्यालय पर आए हुए अयोध्या की देवतुल्य जनता पार्टी पदाधिकारी कार्यकताओं नेताओं सभी का आभार व्यक्त करते हुए आत्मविश्वास के साथ कहा आज आप लोगों की खुशी देखकर यह लगता है आप लोगों ने आगामी होने वाले चुनाव में अयोध्या ही नहीं बल्कि फैजाबाद की सभी विधानसभा सीटों पर सपा प्रत्याशी को जीताकर प्रदेश से इस भ्रष्ट गूंगी बहरी भाजपा सरकार को हटा करके 2027 में अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाएंगे जिससे प्रदेश में फिर से अमन चैन और खुशहाली कायम हो सके नि0 महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने अखिलेश यादव को धन्यवाद देते हुए कहा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अयोध्या को और ऊंचाई पर ले जाने के लिए अयोध्या विधानसभा से एक साफ सुथरे स्वच्छ और बेदाग छवि के नेता को प्रत्याशी घोषित करके यहां के जनमानस का दिल जीत लिया है और अब यही जनता जनार्दन 2027 मे अयोध्या सीट से इनको अधिक से अधिक वोटो से जीता कर विधानसभा पहुंचाएगी महासचिव हामीद जाफर मीसम ने कहा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अयोध्या धार्मिक नगरी के पावन भूमि पर अयोध्या के व्यापारियों नौजवानों शोषित वंचितों के लिए हमेशा आवाज उठाने वाले पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन को प्रत्याशी बनाकर यहां के साधु संतों व्यापारियों और नौजवानों और अयोध्या की देवतुल्य जनता में उत्साह भर दिया है और सभी ने मन बना लिया है की अयोध्या सीट से तेज नारायण पांडे पवन को जिताकर माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष का विश्वास कायम रखेंगे इस मौके प

संक्षेप

फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि घोषित

देवरिया। जिला कृषि अधिकारी उदय शंकर सिंह ने बताया कि खरीफ-2026 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत धान एवं मक्का फसलों का बीमा कराया जा रहा है। उन्होंने जनपद के सभी किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) धारक किसानों से अपील की है कि वे संबंधित बैंक शाखा से संपर्क कर 31 अगस्त, 2026 तक फसल बीमा का प्रीमियम जमा कर उसकी रसीद अवश्य प्राप्त कर लें उन्होंने बताया कि खरीफ-2026 के लिए भारत सरकार द्वारा नामित बीमा कंपनी एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड (एआईसी) है। योजना का उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली फसल क्षति की भरपाई कर किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। इसलिए सभी किसान समय से फसल बीमा कराकर उसकी रसीद सुरक्षित रखें, ताकि आवश्यकता पड़ने पर योजना का लाभ प्राप्त किया जा सके जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जो किसान केसीसी धारक नहीं हैं।

विद्यालयों में बेहतर पढ़ाई और अस्पतालों में गुणवत्तापूर्ण इलाज करें सुनिश्चितः डीएम

जिला संवाददाता



देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने सदर विकास खंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय कतरारी एवं मझगांवा तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मझगांवा का औचक निरीक्षण कर शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को व्यवस्थाओं में सुधार लाने तथा शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए।

प्राथमिक विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पठन-पाठन की गुणवत्ता, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, स्वच्छता एवं उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया तथा छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनसे पुस्तक पढ़वाई और उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता का परीक्षण किया।

उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करें, विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति पर विशेष ध्यान दें तथा नियमित रूप से अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) आयोजित कर अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक करें। साथ ही अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने के लिए भी कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उन्हें योग्य एवं संस्कारित नागरिक बनाना शिक्षकों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है इसके उपरांत जिलाधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मझगांवा का निरीक्षण कर चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई तथा मरीजों को मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी समय से उपस्थित रहकर मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध उपचार उपलब्ध कराएं निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अभिलेखों का परीक्षण किया तथा एमसीपी (मदर एंड चाइल्ड प्रोटेक्शन) कार्ड का अवलोकन किया। उन्होंने एक महिला का वजन भी कराया और निर्देश दिया कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा सभी लाभार्थियों को समय पर आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

डीएम के निर्देश पर सहकारी समिति का सदर एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण

जिला संवाददाता

देवरिया । जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देशन में उप जिलाधिकारी सदर प्रवीण कुमार द्वारा बहु-उद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड पिपरा चन्द्रभान, विकास खण्ड-देवरिया सदर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ढडर (ढङ्क्रल्ल३ ङ्का २ंी) मशीन के अनुसार उपलब्ध स्टॉक का भौतिक स्टॉक (गोदाम में उपलब्ध खाद) से मिलान किया गया जिसमें वर्तमान में 384 बोरी यूरिया व 31 बोरी डी०ए०पी० तथा एम०ओ०पी० पोटाश 40 बोरी मौके पर उपलब्ध था जो स्टाक रजिस्टर के अनुसार सही पाया गया। निरीक्षण के दौरान उर्वरक खरीदने हेतु पप्पू जायसवाल निवासी सुबिखर व धर्मदेव पासवान, निवासी-सोनूघाट तथा सतेन्द्र यादव निवासी-पिपरा चन्द्रभान मौके पर उपस्थित मिले। इन लोगों द्वारा पूछ-ताछ के दौरान बताया गया कि 266.50 रुपए

- पूछताछ के दौरान बताया गया कि 266.50 रुपए यूरिया खरीद किया गया है
- वितरण रजिस्टर में मानक के अनुसार वितरण पाया गया

यूरिया खरीद किया गया है, जो एम०आर०पी० रेट के अनुसार सही पाया गया।

केन्द्र के बाहर रेट बोर्ड व स्टॉक बोर्ड लगा हुआ पाया गया जिस पर स्टॉक व दरें स्पष्ट अंकित पाया गया। किसानों को उर्वरक शासन द्वारा निर्धारित दर पर ही बिक्रय किया जा रहा था। ओवररेटिंग की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

वितरण रजिस्टर का अवलोकन किया गया। वितरण रजिस्टर में मानक के अनुसार वितरण पाया गया। कम भूमि वाले किसानों को अपेक्षा से अधिक यूरिया व डी०ए०पी० वितरण पाया गया।

केन्द्र प्रभारी को तत्समय निर्देशित किया गया कि मानक से अधिक यूरिया डी०ए०पी० तथा पोटाश का वितरण न किया जाय। केन्द्र प्रभारी को शासन द्वारा निर्धारित दरो पर ही खाद बेचने व स्टॉक एवं रेट बोर्ड प्रतिदिन अपडेट रखने के सख्त निर्देश दिए गए। पाई गई कमियों के संबंध में केन्द्र प्रभारी को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

डीएम ने निर्माण कार्यों की समीक्षा की, समय पर परियोजनाएं पूरी करने के निर्देश



देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कलेक्ट्रेट सभागार में निर्माण कार्यों एवं सांसद निधि के कार्य प्रगतियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर हर हाल में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि निर्धारित तिथि तक कार्य पूरा न होने की स्थिति में संबंधित कार्यदायी संस्था की जिम्मेदारी तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने जल निगम (नगरीय) द्वारा कराए जा रहे निमार्णाधीन नाला निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए कार्य में तेजी लाने तथा उसे प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।उन्होंने सभी विभागों को भी अपनी निमार्णाधीन परियोजनाओं का नियमित एवं प्रभावी अनुश्रवण करने तथा कार्यदायी संस्थाओं को समय-समय पर आवश्यक निर्देश देने को कहा। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों के अनुश्रवण में लापरवाही अथवा कार्य पूर्ण कराने में विलंब के लिए संबंधित विभाग भी समान रूप से जिम्मेदार होंगे और उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिन परियोजनाओं में बजट की आवश्यकता है, संबंधित विभाग समय-समय पर शासन स्तर पर पत्राचार कर धनराशि अवमुक्त कराने की पहल करें, ताकि कार्यों की पूर्णतया में किसी प्रकार की देरी न हो समीक्षा के दौरान देवरिया-कसया मार्ग निर्माण परियोजना में वृक्षों के कटान का विषय सामने आया। इस पर उन्होंने अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को आवश्यक अनुमोदन प्राप्त कर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में एआरटीओ कार्यालय निर्माण, मईल पुलिस चौकी निर्माण सहित राज्य निर्माण सहकारी संघ, सेतु निगम, उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन, सीएनडीएस, आरईडी तथा अन्य कार्यदायी संस्थाओं द्वारा संचालित निमार्णाधीन परियोजनाओं की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी कार्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने भी समीक्षा के दौरान सभी कार्यदायी संस्थाओं को निमार्णाधीन परियोजनाएं निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में वरिष्ठ कोषाधिकारी अतुल कुमार पाण्डेय, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, बेसिक शिक्षा अधिकारी राम जियावन मौर्य, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिचंद्र नाथ, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पाण्डेय, डीएसटीओ अरुण कुमार सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ओम प्रकाश प्रजापति, परियोजना निदेशक अनिल कुमार, एडीएसटीओ आनंद चौरसिया, सहित विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के अभियंता एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

अदम्य इच्छाशक्ति के साथ अंधविश्वास से मुक्त होकर आगे बढ़ना होगाः प्रो. पीसी त्रिवेदी

कुशीनगर। बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भंते सभागार में शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा रोल ऑफ स्टॉक होल्डर फॉर नीप -2020 इंप्लीमेंटेशन विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न बिंदुओं पर गंभीर चर्चा की गई।शुक्रवार को आयोजित सेमिनार में मुख्य वक्ता पूर्व कुलपति दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर प्रो. पी.सी. त्रिवेदी ने कहा कि मुख्य अतिथि प्रोफेसर पी सी त्रिवेदी ने कहा कि शिक्षा के शिक्षक, शिक्षार्थी, शिक्षण, संरक्षण और सरकार ये पांच हितधारक (हिस्सेदार) होते हैं।अध्ययन, मनन, चिंतन और नवाचार की सहायता से उपयोग शिक्षक के चार गुण होते हैं। शिक्षा के पहले हिस्सेदार की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षार्थी को शिक्षा के प्रति केंद्रित और लगनशील होना चाहिए। सपने देखना चाहिए और उनके अनुरूप कर्म करना चाहिए। ख्वाहिशो से लक्ष्य भेदन नहीं होता, कर्म करना पड़ता है। उनको अदम्य इच्छाशक्ति के साथ अंधविश्वास से मुक्त होकर आगे बढ़ना होगा।शिक्षण के सम्बन्ध में बोलते हुए उन्होंने बताया कि स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा तक में एक समग्रता होनी चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति एक राजमार्ग की तरह है उसमें जितनी उन्नति तकनीकि का समावेशन होगा उसमें शिक्षण की गति उतनी ही अच्छी होगी। प्रशासन शिक्षक और विद्यार्थी तीनों मिलकर शिक्षण की दिशा का निर्माण करते हैं। शिक्षा के चौथे हिस्सेदार के रूप में संरक्षण के बारे में बताते हुए कहा कि संस्थाओं के संरक्षकों को उदार और प्रगतिशील होना चाहिए। पांचवे हिस्सेदार के रूप में सरकार के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि सरकारों को शिक्षा की गुणवत्ता और उपलब्धता को लेकर संवेदनशील होना चाहिए। स्वागत भाषण देते हुए प्राचार्य प्रो विनोद मोहन मिश्र ने कहा कि नीप का उद्देश्य केवल डिग्री नहीं, बल्कि सक्षम, नवाचारी और उत्तरदायी नागरिक बनाना है। शिक्षकों को मार्गदर्शक की भूमिका निभानी होगी।

संदिग्ध परिस्थिति में व्यक्ति घायल पेचकस से हमला करने का आरोप

भटनी (देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के चाँदपार गांव में गुरुवार को एक व्यक्ति के संदिग्ध परिस्थितियों में घायल होने का मामला सामने आया है। घायल मनीष कुमार को उपचार के लिए मेडिकल कालेज गोरखपुर में भर्ती कराया गया है। मामले में पुलिस ने गुरुवार की रात ही एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।सूत्रों के अनुसार चाँदपार निवासी मनीष कुमार पुत्र श्रीराम प्रसाद ने थाने में तहरीर देकर गांव के ही यशवंत यादव उर्फ सौरभ यादव पर पेचकस से हमला कर घायल करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि रात के लगभग साढे आठ बजे गाँव के बाहर खडा था ।उसी समय मनीष अपने साथियो के साथ जान मारने की धमकी देते हुए पेचकस भोंककर घायल कर दिया । तहरीर के मुताबिक घायल होने के बाद उसे उपचार के लिए गोरखपुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहाँ उपचार चल रहा है ।तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जानकारी लेने के लिए गोरखपुर स्थित अस्पताल के लिए रवाना हो गई। घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चचाएँ हैं, हालांकि ग्रामीण इस संबंध में कुछ भी बताने से इनकार कर रहे हैं।वहीं मनीष कुमार द्वारा यशवंत यादव पर हमला करने का आरोप लगाया जा रहा है, जबकि यशवंत यादव ने घटना में शामिल होने से साफ इनकार किया है।बताया जाता है कि यशवंत यादव के पिता मोहन यादव की ओर से करीब एक सप्ताह पूर्व ही जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कराया गया था। दोनों मामलों को लेकर पुलिस विभिन्न पहलुओं की जांच कर रही है। पुलिस की जांच के बाद ही घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगा । रात को ही पुलिस द्वारा आरोपी यशवंत कुमार यादव उर्फ सौरभ को उठा लिए जाने के कारण शुक्रवार को आई टी आई की होने वाली परीक्षा में शामिल नही हो पाया ।इस सम्बन्ध में थानाप्रभारी निरीक्षक पंकज गुप्ता ने बताया कि घटना की तहरीर मिल गयी है ।पुरे प्रकरण की गहनता से जाँच कर विधिक कार्यवाही की जायेगी ।पुलिस की पैनी निगाहें लगी हुई है ।

अंग्रेजी अबैध शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

भटनी ,देवरिया । स्थानीय राजकीय रेलवे पुलिस थाना क्षेत्र के भाटपाररानी रेलवे स्टेशन पर अंग्रेजी अबैध शराब के साथ दो शराब तस्कर गिरफ्तार।

जी आर पी रेलवे भटनी के सूचना के आधार पर पुलिस के उच्चाधिकारियों के निर्देश पर चलाये जा रहे अपराधियों के धरपकड़,ट्रेनो में अबैध शराब की तस्करी रोकने यात्रियों की सुरक्षा के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में भाटपाररानी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 2-3पर जाँच के दौरान शनि कुमार पुत्र दिलीप कुमार ग्राम सेदलपुर थाना बहादुरपुर जिला पटना बिहार ,दानिश आजमी पुत्र मोहमम्द जालिम निवासी ग्राम नोशागाँव थाना फुलवरिया शरीफ जिला पटना बिहार को पकड़ा गया ।तलाशी के दौरान पकड़े गये आरोपियों के पास से दो अदद पिठ्ठु बैग बरामद हुआ ।जिसमें 6अदद बलण्डर प्राईड विस्की अबैध अंग्रेजी शराब प्रत्येक 750एम एल 30अदद 8पीएम गोल्ड पैकेट विस्की अंग्रेजी शराब प्रत्येक180एम एल कुल अनुमानित कीमत 10440रुपया बरामद हुआ । आरोपियों के विरुद्ध जी आर पी भटनी में धारा आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकत कर आरोपियों के विरुद्ध विविक कार्यवाही पुलिस शुरू कर दी है ।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार मौर्या सी आई बी केपोस्ट भटनी के उपनिरीक्षक चन्द्रशेन सिंह सी आई बी भटनी के अवनीश कुमार राय मुख्य आरक्षी अशोक सिंह यादव आरक्षी चन्द्रप्रकाश गुप्ता शामिल रहे ।

गोरखपुर के बाबू के इशारे पर चल रहा पडरौना बिजली उपकेंद्र

पडरौना बिजली उपकेंद्र में नियमों की 'शॉर्ट सर्किट'! गोरखपुर में बैठे बाबू के धौस पर चलता रहा स्टोर, विभाग मौन



कुशीनगर। पडरौना विद्युत उपकेंद्र में नियमों को ताक पर रखकर काम करने का तौर तरीका शगल बन गया है। पहले आउटसोर्सिंग के माध्यम से आपरेटरों की नियमविरुद्ध नियुक्तियों का मामला अभी शांत नही हुआ कि, अब विभाग के करोड़ों रुपये के विद्युत सामान से जुड़े स्टोर संचालन पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आरोप है कि आउटसोर्सिंग ऑपरेटर अमित सिंह वर्षों से बिना किसी सक्षम अधिकारी के लिखित प्रभार आदेश के स्टोर का कार्य संपादित कर रहा है। पूरे मामले में गोरखपुर में तैनात बड़े बाबू वाई.के. गुप्ता का नाम सामने आने से विवाद और गहरा गया है ऐसे में सवाल उठना लाजमी है कि क्या बिजली विभाग का संवेदनशील स्टोर सरकारी नियमों से नहीं, बल्कि गोरखपुर में बैठे बाबू के मौखिक आदेशों से संचालित हो रहा है ?मीडिया ने जब आउटसोर्सिंग ऑपरेटर अमित सिंह से पूछा कि वह किस आदेश के आधार पर स्टोर का कार्य देख रहे हैं, तो उन्होंने पहले कहा कि गोरखपुर के बड़े बाबू वाई.के. गुप्ता के निर्देश पर वह यह जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

बिना किसी आदेश का स्टोर का बादशाह बने आउटसोर्सिंग आपरेटर अमित सिंह

लेकिन जब उनसे लिखित आदेश मांगा गया तो स्पष्ट शब्दों में कहा कि कोई लिखित आदेश नही है ।नतीजतन पूरे मामले पर नए सवाल खड़े हो गए।

क्या बाबू के मौखिक आदेश से चल सकता है सरकारी स्टोर

विभागीय जानकारों के अनुसार बिजली विभाग का स्टोर करोड़ों रुपये की सरकारी सामग्री का केंद्र होता है। ट्रांसफार्मर, मीटर, केबल, कंडक्टर और अन्य विद्युत उपकरणों का रखरखाव, निर्गमन तथा स्टॉक का पूरा रिकॉर्ड यहीं से संचालित होता है। ऐसी स्थिति में बिना सक्षम अधिकारी के लिखित आदेश के स्टोर संचालन कराना विभागीय प्रक्रिया और जवाबदेही के सिद्धांतों पर यक्ष प्रश्न खडा होता है।

सवालों के घेरे में बड़े बाबू वाई.के. गुप्ता

बेशक ! अमित सिंह का दावा सही है कि वह गोरखपुर मे बैठे बडे बाबू वाईके गुप्ता के निर्देश पर स्टोर का कार्य कर रहे, तो सवाल यह उठता है कि क्या बड़े बाबू किसी आउटसोर्सिंग कर्मचारी को स्टोर का प्रभार दे सकता हैं ?यदि हां, तो उसका लिखित आदेश कहां है ? यदि नहीं, तो फिर वाईके गुप्ता ने आउटसोर्सिंग आपरेटर अमित सिह को स्टोर का प्रभार कैसे सौप दिया ? जानकारों का कहना है कि इन सवालों का जबाब विभाग की ओर से सार्वजनिक करना ही पडेगा।

क्या कहते हैं नियम

विभागीय प्रक्रिया के जानकारों का कहना है कि स्टोर का प्रभार सक्षम अधिकारी के लिखित आदेश से ही दिया जाता है।प्रभार आदेश विभागीय अभिलेखों में दर्ज होना चाहिए।सरकारी सामग्री की जवाबदेही तय करने के लिए अधिकृत अधिकारी का नाम स्पष्ट होना आवश्यक है।

आउटसोर्सिंग कर्मचारी अपने अनुबंध में निर्धारित कार्यों तक ही सीमित होते हैं। उन्हें अतिरिक्त जिम्मेदारी देने का कोई प्राविधान नही है।

सबसे बड़े सवाल

आउटसोर्सिंग ऑपरेटर अमित सिंह आखिर किस अधिकार से वर्षों से स्टोर का कार्य संपादित कर रहे है ?यदि लिखित आदेश नहीं है, तो विभागीय अधिकारियों द्वारा इस व्यवस्था पर आपत्ति एंव कार्रवाई क्यों नहीं की गयी ?गोरखपुर के बड़े बाबू वाईके गुप्ता की भूमिका क्या है ? क्या विभागीय व्यवस्था मौखिक निदेर्शों के भरोसे संचालित होती है ?

जांच से ही साफ होगी तस्वीरः-

सूत्रों का कहना है कि यदि स्टोर प्रभार आदेश, स्टॉक रजिस्टर, सामग्री निर्गमन रजिस्टर और संबंधित अभिलेखों की स्वतंत्र जांच कराई जाए

, तो यह स्पष्ट हो सकेगा कि पूरी व्यवस्था विभागीय नियमों के अनुरूप थी या नहीं। फिलहाल इस पूरे प्रकरण ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली, जवाबदेही और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खडे कर दिए हैं।

गुरु परंपरा को नमन, संगीत और साहित्य की दो विभूतियां सम्मानित



देवरिया। संस्कार भारती द्वारा गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में बुधवार सायंकाल ग्राम पुरवा मेहड़ा स्थित पंडित ठाकुर चौबे संगीता आश्रम में गुरु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शास्त्रीय संगीत एवं साहित्य के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाली दो विभूतियों को 'गुरु सम्मान' से अलंकृत किया गया।

समारोह में प्रख्यात गायक भारत रत्न पंडित भीमसेन जोशी के शिष्य एवं शास्त्रीय संगीत के संरक्षण, संवर्धन और प्रचार-प्रसार में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रो. डॉ. पंडित हरीश तिवारी को गुरु सम्मान प्रदान किया गया। वहीं साहित्य, शिक्षा एवं भारतीय संस्कृति के क्षेत्र के प्रकाण्ड विद्वान एवं प्रख्यात साहित्यकार डॉ. रविकांत मणि त्रिपाठी को भी गुरु सम्मान से सम्मानित किया गया। दोनों विभूतियों को अंगवस्त्र, स्मृति-चिह्न एवं प्रशस्ति-पत्र भेंट कर उनके उत्कृष्ट योगदान का अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर संस्कार भारती के अध्यक्ष अरुण कुमार बरनवाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु केवल ज्ञान के प्रदाता ही नहीं, बल्कि संस्कार, चरित्र निर्माण और जीवन मूल्यों के प्रेरणास्रोत होते हैं। गुरु परंपरा का संरक्षण हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संगीत और साहित्य समाज को दिशा देने वाली सशक्त विधाएं हैं तथा इन क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तित्वों का सम्मान नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ने का प्रभावी माध्यम है। समारोह में महेंद्र गुप्ता, कृष्ण मोहन गुप्ता, कंचन बरनवाल, अनिल जायसवाल, शशांक मणि त्रिपाठी, सूरज जोशी, पूनम मणि त्रिपाठी, यशोदा जायसवाल, प्रियंका जोशी, संतोष सोनी, पुष्पा बरनवाल, शीला श्रीवास्तव, एकता जायसवाल, शर्मिला सोनी, रेखा बरनवाल, बिन्नी राय, अखिलेश राय, राजेंद्र ंर्२६'', नवनीत बरनवाल, रेखा बरनवाल, रविशंकर गुप्ता, कपिल सोनी, लाल जी गुप्ता संतोष जायसवाल, सरिता गुप्ता, प्रेमलता वर्मा, माया वर्मा तथा गोपाल वर्मा सहित साहित्य, संगीत, कला, संस्कृति एवं शिक्षा जगत से जुड़े अनेक प्रबुद्धजन, मातृशक्ति एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री राजेंद्र जायसवाल ने किया। संगीताचार्य नित्यानंद ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

विकास कार्य स्थल पर लगे बोर्ड बने नेताओं के प्रचार का साधन

निर्माण कार्यों के लागत छिपाने से बड़े भ्रष्टाचार की आ रही है बू, नगर प्रशासन की जवाबदेही पर खड़े हो रहे है सवाल

कुशीनगर। नगर पालिका परिषद की कार्यप्रणाली इन दिनों गंभीर सवालों के घेरे में है। भ्रष्टाचार, लापरवाही और कमीशनखोरी का आलम यह है कि शहर में हो रहे विकास कार्यों में पारदर्शिता को पूरी तरह से ताक पर रख दिया गया है। नियमतः किसी भी सरकारी निर्माण कार्य के स्थल पर एक सूचना बोर्ड (साइन बोर्ड) लगाना अनिवार्य होता है, जिस पर कार्यदायी संस्था या ठेकेदार का नाम, निर्माण की स्वीकृत धनराशि, कार्य की कुल लागत, निर्माण की दूरी/लंबाई और कार्य प्रारंभ तथा समाप्त होने की तिथि स्पष्ट रूप से लिखी होनी चाहिए। लेकिन, कुशीनगर नगर पालिका क्षेत्र में लग रहे शिलान्यास और लोकार्पण बोर्डों से ये सभी महत्वपूर्ण जानकारियां नदारद हैं।हैरानी की बात यह है कि ये बोर्ड अब जनता को उनके पैसों के इस्तेमाल की जानकारी देने के बजाय, केवल जनप्रतिनिधियों के प्रचार का साधन बनकर रह गए हैं। देश और प्रदेश में पारदर्शी शासन का दावा करने वाली 'ट्रिपल इंजन' की सरकार सत्ता में है। इसके बावजूद, स्थानीय नगर प्रशासन और पालिका अध्यक्ष की कार्यप्रणाली पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। आखिर क्यों कार्यदायी संस्था और ठेकेदार का नाम बोर्ड पर लिखने से परहेज किया जा रहा है? क्यों स्वीकृत धनराशि को जनता से छिपाया जा रहा है? क्या इसके पीछे किसी बड़े भ्रष्टाचार या सुनियोजित घोटाले को छिपाने की कवायद चल रही है या महज नगर प्रशासन की लापरवाही?

वार्ड नंबर 13 राम जानकी नगर का मामला खोल रहा है पोल

नगर पालिका की इस अपारदर्शी और लचर व्यवस्था का जीता-जागता उदाहरण वार्ड नंबर 13 राम जानकी नगर में देखने को मिल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में यहां एक सीसी (सीमेंट कंक्रीट) रोड और नाली का निर्माण कराया गया है। यह निर्माण कार्य शारदा मद्धेशिया के घर से शुरू होकर चन्द्रबली व संजय यादव के घर से होते हुए प्रभु के घर तक किया गया है। जब इस निर्माण स्थल पर लगे सूचना बोर्ड पर नजर डाली गई, तो जमीनी हकीकत बेहद चौंकाने वाली मिली। बोर्ड पर न तो उस ठेकेदार या कार्यदायी संस्था का नाम दर्ज है जिसने यह ठेका लिया है, और न ही यह बताया गया है कि इस नाली और सड़क निर्माण के लिए सरकार द्वारा कितनी धनराशि स्वीकृत की गई थी। निर्माण की कुल दूरी और कार्य अवधि का भी कोई जिक्र नहीं है।

जनता के टैक्स से सिर्फ नेताओं की ब्रांडिंग

इस सरकारी बोर्ड पर सिर्फ और सिर्फ राजनीतिक रसूख और चमक-दमक दिखाई देती है। इसमें सूबे के मुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री, स्थानीय सांसद, विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष और वार्ड के सभासद का नाम बड़े-बड़े अक्षरों में उकेरा गया है। इसे देखकर यह स्पष्ट हो जाता है कि नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे विकास या निर्माण कार्यों के स्थल पर लगे बोर्ड केवल नेताओं के राजनीतिक प्रचार के पोस्टर मात्र हैं। आम करदाता, जिसके पैसों से यह निर्माण हो रहा है, उसे यह जानने का कोई हक नहीं दिया जा रहा है कि उसके वार्ड में कितने रुपये का काम हो रहा है।

जवाबदेही शून्य, भ्रष्टाचार को मिल रहा खुला संरक्षण

सूचना बोर्ड पर लागत और ठेकेदार का नाम न होने से सबसे बड़ा नुकसान निर्माण की गुणवत्ता का होता है। यदि सड़क या नाली निर्माण में पीला ईंट, घटिया सीमेंट या खराब सामग्री का इस्तेमाल होता है, तो स्थानीय नागरिक शिकायत किससे करें, जब उन्हें ठेकेदार का नाम ही नहीं पता? स्वीकृत धनराशि न लिखे होने से ठेकेदार और भ्रष्ट अधिकारी मिलीभगत करके कागजों में पूरा पैसा दिखा कर, मौके पर आधा-अधूरा और गुणवत्ताहीन काम कर के शेष रकम डकार सकते हैं। यह सीधे तौर पर जवाबदेही से भागने और भ्रष्टाचार को संस्थागत रूप देने का तरीका है।

उच्च स्तरीय जांच की दरकार

कुशीनगर नगर पालिका का यह रवैया इस बात का पुख्ता गवाह है कि सिस्टम में जवाबदेही का अब कोई स्थान नहीं बचा है। शहर की जागरूक जनता अब यह सवाल पूछ रही है कि क्या कमीशनखोरी के चलते लागत को छिपाने का खेल चल रहा है ?समय रहते यदि जिलाधिकारी कुशीनगर और शासन स्तर के उच्चाधिकारियों ने नगर पालिका के इन 'प्रचार बोर्डों' के पीछे छिपे खेल की जांच नहीं की, तो जनता की गाढ़ी कमाई यूं ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती रहेगी।

जरूरत है कि इन सभी निर्माण कार्यों का तकनीकी व भौतिक सत्यापन कराया जाए, बिना मानक वाले बोर्ड तत्काल बदले जाएं और ठेकेदार का नाम तथा लागत छिपाने वाले दोषी अधिकारियों पर सख्त विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

अधिशासी अधिकारी बोली

इस संबंध में जब अधिशासी अधिकारी अंकिता शुक्ला से पूछा गया कि विकास/निर्माण कार्य स्थल पर शिलापट लगे है और शिलापट पर निर्माण कार्य की धनराशि और दूरी/क्षेत्रफल नहीं लिखा है, इसके अतिरिक्त अन्य कोई शिलापट कार्य स्थल पर नहीं लगाया गया है, तो कहा कि यह शिलापट केवल शिलान्यास और लोकार्पण का होता है। जब कोई परियोजना आती है, केंद्र व राज्य अंश या फिर परियोजना होती है, उन कार्यों में लिखा जाता है। इस तरह के कार्यों में धनराशि/क्षेत्रफल दूरी तथा कार्यदायी संस्था/ठेकेदार नाम नहीं लिखा जाता है।



सामाजिक सुरक्षा जरूरी

प्रौद्योगिकी आधारित अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। इसमें बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार मिल रहा है लेकिन इन रोजगार की सबसे खतरनाक प्रवृत्ति यह है कि इसमें कम आमदनी, सामाजिक सुरक्षा का अभाव और अत्यधिक प्रतिस्पर्धा जैसी स्थितियों के कारण ई-कॉमर्स, लॉजिस्टिक्स, क्विक कॉमर्स, फूड डिलीवरी और टैक्सी जैसी तमाम सेवाओं में लगे गिग वर्कर्स को चौतरफा शोषण का शिकार होना पड़ता है। इन्हीं चुनौतियों के मद्देनजर बीते साल के अंत में गिग कर्मियों और विभिन्न प्लेटफॉर्म्स के लिए काम करने वाले कामगारों के एक वर्ग द्वारा मेहनताने और काम के हालात को लेकर की गई हड़ताल ने क्विक कॉमर्स और फूड डिलिवरी कंपनियों को अपने कारोबारी मॉडल को नये सिरे से तैयार करने का अवसर प्रदान किया है। गिग कर्मचारियों की मांगें बुनियादी थीं। इनमें न्याय संगत और पारदर्शी वेतन, 10 मिनट में सामान की आपूर्ति करने पर प्रतिबंध तथा अधिसूचित श्रम संहिताओं के अनुरूप वेतन और लाभों का समायोजन करना शामिल था। कुछ मांगे मसलन दस मिनट में डिलीवरी को कंपनियों ने बंद किया। बीते कुछ सालों में क्विक कॉमर्स का तेजी से विस्तार हुआ है और गिग तथा प्लेटफॉर्म श्रमिकों की मांग में भारी इजाफा होने की संभावना है। नीति आयोग का अनुमान है कि राइड शेयरिंग, डिलीवरी, लॉजिस्टिक्स और पेशेवर सेवाओं जैसे क्षेत्रों में कार्यरत कामगारों की संख्या एक करोड़ तक हो चुकी है। वर्ष 2029-30 तक यह बढ़कर 2.3 करोड़ तक पहुंच सकती है। दूसरे शब्दों में कहें तो अर्थव्यवस्था का यह खंड युवाओं के लिए रोजगार का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र बनने की क्षमता रखता है। इसके बावजूद यह तेजी से स्पष्ट होता जा रहा है कि उनके काम करने के हालात को आदर्श नहीं



माना जा सकता है। पहली बात तो यही कि क्विक कॉमर्स तेजी से एक ऐसा व्यापार मॉडल बनता जा रहा है जो ट्रैफिक नियमों को तोड़ने पर आधारित है। उपभोक्ताओं तक पहुंचने की प्रतिस्पर्धी होड़ ने एक ऐसी संरचना बना दी है जो डिलिवरी पार्टनर्स को तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने, ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने और न केवल खुद को बल्कि आम जनता को भी खतरे में डालने के लिए मजबूर करती है। डिलिवरी समय-सीमा और सड़क सुरक्षा के बीच संबंध को साबित करने के लिए आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन समस्या इतनी गंभीर हो गई थी कि बेंगलूरु पुलिस ने इस पर ध्यान दिया और डिलिवरी कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। वहां की पुलिस ने यह कदम तब उठाया जब उसने लापरवाह ड्राइविंग के कारण डिलिवरी पार्टनर्स के खिलाफ बुकिंग और जुर्माने में उल्लेखनीय वृद्धि देखी। इसलिए, गिग श्रमिकों की यह मांग कि इन समय-सीमाओं को समाप्त किया जाए, उचित था और इसी माना भी गया। दूसरे, पिछले वर्ष एक से 30 सितंबर के बीच किए गये एक सर्वेक्षण ने गिग कर्मियों और स्थायी कर्मचारियों के बीच बड़े अंतर को उजागर किया। इसमें 47 फीसदी उत्तरदाताओं ने कहा कि गिग कर्मियों को 10 से 25 फीसदी कम मेहनताना मिलता है। अन्य सर्वेक्षणों ने यह भी दिखाया है कि गिग श्रमिक बेहद असुरक्षित स्थिति में रहते हैं। लंबे समय तक काम करने के बावजूद यानी दिन में 16-16 घंटे काम करने के बावजूद कई गिग कर्मी ईंधन और प्लेटफॉर्म कमीशन जैसी लागतों के बाद न्यूनतम तय वेतन से भी कम कमाते हैं। उन्हें बुनियादी चिकित्सा और सामाजिक सुरक्षा लाभ नहीं मिलते। इसके कारण कोई बीमारी या दुर्घटना उनकी मामूली कमाई को पूरी तरह समाप्त कर सकती है। नीति आयोग के वर्ष 2024 के एक सर्वेक्षण ने खुलासा किया कि 90 फीसदी गिग श्रमिकों के पास बचत नहीं है। सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य बीमा जैसी बुनियादी चीजें भी नहीं मिलती है। ऐसे में सरकार को आगे आकर गिग वर्कर्स की रोजगार सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, न्यूनतम आय आदि को सुनिश्चित करने की गंभीर पहल करनी चाहिए क्योंकि इसमें रोजगार की बड़ी संभावना है।

विचार

किसी के बहुत सताने पर भी, उसे सताने का प्रयास नहीं करना चाहिए, क्योंकि दुखी प्राणी का शोक ही सताने वाले का नाश कर देता है।

-महाभारत.

धर्म-कर्म, सत्य-सदाचार, शक्ति एवं लक्ष्मी सभी शील पर आश्रित हैं। शील ही इन सबकी जड़ है।

-वेदव्यास.

इतिहास, पुराण साक्षी हैं कि मनुष्य के संकल्प के सम्मुख देव, दानव सभी पराजित होते हैं।

-इमर्सन.

संतोष को कभी नहीं छोड़ना चाहिए। इस मंत्र से कठिन से कठिन समय में मन विचलित नहीं होता।

-प्रेमचंद.

पूंजी तो मृत श्रम है जो जीवित श्रम का शोषण करते समय पिशाच की भांति जीवित रहती है और जितना अधिक जीवित रहती है, उतना ही अधिक शोषण करती है।

-कार्ल मार्क्स.

परिसीमन विधेयक पर सरकार की प्रतिबद्धता

डॉ. अनिता राठौर

गुजरे 16 अप्रैल 2026 को मोदी सरकार ने लोक सभा में परिसीमन विधेयक 2026 पेश किया था और इसके साथ ही दो अन्य विधेयक भी लाये गये थे। एक था संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 और दूसरा था संघ राज्य क्षेत्र कानून (संशोधन) विधेयक, 2026। इन तीनों ही विधेयकों का उद्देश्य आपस में जुड़ा हुआ था। सबसे बड़ा प्रस्ताव लोकसभा की अधिकतम सदस्य संख्या को 550 से बढ़ाकर 850 करने का था। जबकि व्यवहारिक रूप से लगभग 816 निर्वाचित सीटें होने का प्रस्ताव था। इसके पीछे तर्क यह था कि 1971 के बाद देश की आबादी बहुत बढ़ चुकी है, जबकि लोकसभा की निर्वाचित सीटें अभी भी 543 ही बनी हुई हैं। लेकिन यह विधेयक 17 अप्रैल 2026 को 298 मतों के मुकाबले 230 मतों से गिर गया। यानी जहां इस विधेयक के पक्ष में 298 मत पड़े थे, वहीं इसके विरोध में 230 मत पड़े, लेकिन विधेयक के लिए जरूरी दो-तिहाई समर्थन सरकार नहीं जुटा सकी और इस कारण यह विधेयक 54 मतों की कमी के कारण गिर गया। लेकिन मानसून सत्र में जबकि अभी तक सरकार सदन में सही से एक दिन भी अपना कामकाज नहीं कर सकी, बावजूद इसके मोदी सरकार आखिर परिसीमन विधेयक पर फिर से बहस क्यों कराना चाहती है?

> यह भी मानना है कि यदि परिसीमन जैसे विषय पर संसद में चर्चा नहीं होगी, तो राजनीतिक बहस पूरी तरह सार्वजनिक सभाओं, सोशल मीडिया और क्षेत्रीय राजनीति के हवाले हो जायेगी और तब हर कोई अपने-अपने हिसाब से इस स्थिति का निष्कर्ष निकालेगा। इसलिए सरकार चाहती है कि परिसीमन जैसे जटिल सवाल पर संसद में संस्थागत रूप से चर्चा हो और विभिन्न राजनीतिक दल आधिकारिक रूप से अपनी बात संसद में रखें।

भारत में परिसीमन का अर्थ केवल संसदीय सीटों की सीमाएं बदलना भर नहीं है, इसका सीधा संबंध इस बात से भी है कि देश के किस हिस्से को संसद में कितनी तव्वजो मिलेगी। संविधान का मूल सिद्धांत है प्रत्येक सांसद लगभग समान जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करे, लेकिन पिछले कई दशकों से लोकसभा सीटों का पुनर्निर्धारण स्थगित रहा है ताकि जनसंख्या नियंत्रण में सफल राज्यों को कम जनसंख्या के कारण संसद में अपनी कम आवाज होने का खामियाजा न भुगतना पड़े। लेकिन अब यह विषय फिर से मोदी सरकार के राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में है और सरकार का इस संबंध में बुनियादी तर्क यह है कि ऐसा करना संवैधानिक दायित्व है। केंद्र सरकार के मुताबिक लोकतंत्र में प्रतिनिधित्व समय-समय पर जनसंख्या के अनुरूप संतुलित होना चाहिए। यदि देश की आबादी में व्यापक



बदलाव आया है, तो संसद की संरचना पर भी चर्चा होना स्वाभाविक है। सरकार चाहती है कि इस विषय को केवल राजनीतिक नारेबाजी के बजाय संवैधानिक और संस्थागत दृष्टि से देखा जाए। दूसरा कारण राजनीतिक है। विपक्ष लंबे समय से सरकार पर आरोप लगाता रहा है कि महत्वपूर्ण फैसले पर्याप्त चर्चा के बिना ले लिए जाते हैं। ऐसे में यदि सरकार स्वयं संसद में बहस का अवसर देती है, तो वह संदेश देना चाहती है कि वह किसी भी विषय से भाग नहीं रही। राजनीतिक दृष्टि से यह सरकार के लिए पारदर्शिता पर संदेश देने का अवसर भी है। साथ ही सरकार की इस मंशा के पीछे एक कारण यह भी है कि परिसीमन को लेकर जो तरह-तरह की भ्रांतियां फैली हुई हैं, विशेषकर दक्षिण भारत के राज्यों में कि उनकी संसदीय शक्ति घट सकती है। दूसरी ओर उत्तर भारत के राज्यों का तर्क है कि वर्तमान जनसंख्या के अनुरूप प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। इन सभी सवालों और आशंकाओं को जब तक व्यापक बहस का मौका नहीं मिलता, तब तक इन्हें लेकर देश की राय स्पष्ट और मजबूत नहीं होगी। मोदी सरकार इसलिए संसद के मानसून सत्र में चाहती है कि परिसीमन पर संसद में बहस हो।

केंद्र सरकार का यह भी मानना है कि यदि परिसीमन जैसे विषय पर संसद में चर्चा नहीं होगी, तो राजनीतिक बहस पूरी तरह सार्वजनिक सभाओं, सोशल मीडिया और क्षेत्रीय राजनीति के हवाले हो जायेगी और तब हर कोई अपने-अपने हिसाब से इस स्थिति का निष्कर्ष निकालेगा। ऐसा न हो, देश परिसीमन के मामले में बिल्कुल स्पष्ट राय रखे, इसलिए मोदी सरकार चाहती है कि परिसीमन जैसे जटिल सवाल पर संसद में संस्थागत रूप से चर्चा हो और विभिन्न राजनीतिक दल आधिकारिक रूप से अपनी बात संसद में रखें। हालांकि जो सब तर्क सरकार दे रही है और जो पहली नजर में सामने दिखायी पड़ रहे हैं, सिर्फ उतने ही कारण नहीं हैं। संसद में परिसीमन को लेकर मोदी सरकार इसलिए भी व्यापक विमर्श चाहती है, क्योंकि आने वाले सालों में भारत में नई जनगणना और उसके बाद परिसीमन अवश्यंभावी है। देश इस बदलाव के लिए मानसिक और व्यवहारिक रूप से तैयार हो जाए, इसलिए सरकार चाहती है कि संसद का मानसून सत्र समाप्त होने के पहले एक बार संसदीय परिदृश्य में परिसीमन का मुद्दा भी आ जाए, जिससे कि संसद का सत्र खत्म होने के बाद जब सांसद अपने-अपने क्षेत्र में जाएं, तो बातचीत और बहस में आने वाला यह भविष्य का मुद्दा भी शामिल रहे और धीरे-धीरे देश में प्राकृतिक ढंग से इस विषय पर लोकविमर्श मजबूत हो। अगर ऐसा होता है तो इस मुद्दे को लेकर एक राष्ट्रीय सहमति का वातावरण बनेगा जो मौजूदा सरकार के पक्ष में जा सकता है अथवा सरकार इस बात का श्रेय ले सकती है कि वह कठिन मुद्दों को भी साहस के साथ संसद में रखने का हौसला रखती है। हालांकि मोदी सरकार भी मानकर चलती है कि परिसीमन पर फिलहाल बहस शुरू हो जाने का मतलब ये नहीं होगा कि तुरत-फुरत में उसमें कोई निर्णय हो सके। लेकिन अगर एक बार सबसे बड़े संवैधानिक मंच से इस गंभीर विषय पर बहस शुरू हो गई तो फिर हर मंच में इसे किये जाने का आधार भी होगा और कारण भी। सरकार यही चाहती है क्योंकि उसका मानना है कि व्यापक बहस से देश के बहुसंख्यक लोग इस पक्ष में मजबूती के साथ खड़े हो सकेंगे कि हर सांसद को एक निश्चित संख्या में ही लोगों का प्रतिनिधित्व करना चाहिए, तभी वह ठीक से अपने कामकाज को अंजाम दे सकेगा। जबकि विपक्ष इसे लेकर चिंतित है। मगर वह अपनी यह चिंता बहस के जरिये व्यक्त करने का साहस नहीं जुटा पा रहा। कई विपक्षी दलों का मानना है कि परिसीमन केवल जनसंख्या के आधार पर नहीं होना चाहिए। भारत एक संघीय गणराज्य है, जहां राज्यों के बीच राजनीतिक संतुलन भी उतना ही आवश्यक है, जितना कि प्रतिनिधित्व का संतुलन जरूरी है।

यदि प्रतिनिधित्व का संतुलन अत्यधिक बदलता है तो इसका असर राष्ट्रीय राजनीति के साथ-साथ संसाधनों के वितरण और नीति निर्माण पर भी पड़ सकता है। इसलिए विपक्ष पहले सरकार से स्पष्ट नीति और आश्वासन चाहता है। यही कारण है कि संसद में इस मुद्दे को लेकर संभावित बहस केवल सीटों की संख्या तक सीमित नहीं रहने वाली। इसमें जनसंख्या नीति, संघीय ढांचा, राज्यों के अधिकार, क्षेत्रीय असंतुलन और लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व जैसे अनेक सवाल भी शामिल होंगे। संभव है कि यह बहस आने वाले सालों की भारतीय राजनीति की दिशा तय करने वाली चचाओं में एक बन जाए। लोकतंत्र में किसी भी विवादास्पद विषय का सबसे अच्छा समाधान संवाद भी होता है। यदि संसद में गंभीर, तथ्य आधारित और मर्यादित बहस होती है, तो उसका लाभ केवल सरकार को ही नहीं होगा और न ही सिर्फ विपक्ष को बल्कि उसका लाभ समूचे लोकतंत्र को मिलेगा। इसलिए सरकार की रणनीति कुछ भी हो, विपक्ष को इस गंभीर बहस से पीछे नहीं हटना चाहिए बल्कि पढ़कर स्वागत करना चाहिए।

सोशल मीडिया



मां सरयू और मां तमसा के पावन आशीर्वाद से अभिसिंचित पुण्य धरा अंबेडकर नगर के जलालपुर, आलापुर एवं टांडा विधानसभा क्षेत्रों में 706 क.से अधिक की विकास योजनाओं की शुरुआत की। सीएम योगी.

असीमित ऊर्जा

अध्यात्म असीमित ऊर्जा का स्रोत है। आध्यात्म की शक्तियां असाधारण हैं। जीव विज्ञान के अनुसार मनुष्य बंदर जाति का एक प्राणी माना गया है। पर उसके अंतराल में परमात्मा ने इतनी विशिष्ट शक्तियों का जखीरा भर रखा है कि उसे सृष्टि का मुकुट मणि कहा जाना बहुत अंशों में सही है। शरीर संरचना में प्रयुक्त हुए असख्यों जीवकोशों में से प्रत्येक घटक ऐसा है जो नन्हें नन्हें गोलक जैसे प्रतीत होते हुए भी असाधरण क्षमता सम्पन्न है। पदार्थ के परमाणु का वैज्ञानिक विधि से नाभिकीय विस्फोट करने पर उससे निकलने वाली प्रचण्ड ऊर्जा समूचे क्षेत्र को प्रभावित करती है। ठीक इसी प्रकार जीवकोशों को सम्मिलित शक्ति भी एक आयन मण्डल बनाती है जिसे अंग्रेजी में आरा कहते हैं और संस्कृत में तोजोवलय। यह विद्युत प्रकाश यंत्र उपकरणों से स्थूलतः तो प्रायः एक जैसा ही दिखता है। उनमें रंगों भर का अंतर पाया जाता है, किन्तु सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो उसमें रंगों का ही नहीं शक्ति का भेद भी पाया जाता है। इसमें जैव चुम्कत्व के गुण भी होते हैं। मोटे तौर से बिजली दो प्रकार की होती है। एक खींचने वाली, दूसरी धकेलने वाली। प्रकारान्तर से इसे उसका गुण कह सकते हैं। इलेक्ट्रोमैग्नेटिज्म के रूप में यह दूसरों के शरीर, मन आदि को अपनी ओर आकर्षित करती है। धक्का मारने वाली दूसरी शक्ति त्रास पहुंचाती है। यह जैव विद्युत सामने वाले को तोड़ती व पतन के गर्व में गिरा देती है। तांत्रिकों और मांत्रिकों में यही भेद होता है।

वेद मंत्रों की दिव्य ध्वनियों का गुंजन मनुष्य को मोहित झंगृत, प्रसन्न और प्रफुल्लित करता है। इससे शक्ति बलिष्ठता मिलती है। जिससे वह आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में ऊंचा उठता व आगे बढ़ता है। शक्ति के आदान प्रदान का यह क्रम मित्रों, बालकों, अभिभवकों के बीच भी चलता है, पर सबसे अधिक सामर्थ्य गुरु के शक्तिपात में होती है। जिसने तप साधना द्वारा अपने में शक्ति का भण्डार एकत्रित किया है। वह उसका अनुदान भी किसी को दे सकता है। जिसकी कमाई का आधर रोटी भर है, अपना खर्च ही मुश्किल से चला पाता है, वह क्या किसी को दे सकता है? लिया तो किसी से, कहीं से भी जा सकता है किन्तु दे पाना उन्हीं के लिए संभव है जिनके पास कुछ जमा पूंजी हो। यह जमा पूंजी अध्यात्म क्षेत्र में तप साधना संयम सेवा के आधर पर ही कमाई गयी होती है। अपने को पवित्र बनाकर, अनगढ़ से सुगढ़ बनाकर मनुष्य निरोग बनता है और पुण्य की प्रखरता से बलिष्ट बनता है। यों साधना से जप तप भी करना पड़ता है। किन्तु सबसे बड़ी बात है आत्मशोधन, स्व का परिमार्जन, परिष्कार। यह जितना अधिक गहरा बन पड़ता है, मनुष्य उतना ही गुण, कर्म, स्वभाव से शक्तिशाली होता जाता है।

अंतर्दृष्टि

सांस्कृतिक विरासतों का संरक्षण


सुरेन्द्र मिश्र सूर्य

अपनी सांस्कृतिक विरासतों का संरक्षण करना प्रत्येक राष्ट्र का नैतिक कर्म है। राज्य का यह दायित्व है कि वह अपने नागरिकों को देश के अतीत से परिचित कराये और उनमें सांस्कृतिक विरासतों के प्रति सम्मान का भाव जागृत करे। दुनिया के तमाम देशों ने अपनी सांस्कृतिक विरासतों को खोजने और बचाने के लिए विभाग और कानून बना रखा है। भारत में भी सांस्कृतिक विरासतों को सहेजने के लिए पर्याप्त कानून हैं। भारत में सांस्कृतिक स्मारकों को सरंक्षित करने का काम सबसे पहले विलियम जोंस द्वारा सन 1784 ई में एसियाटिक सोसायटी की स्थापना के द्वारा शुरू किया गया था। सन 1861 ई. में अलेक्जेंडर कनिहघम ने तत्कालीन वायसराय जान कनिंघम की सहायता से भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण की स्थापना की। भारतीय पुरातत्वविक सर्वेक्षण (भा.पु.स.) राष्ट्र की सांस्कृतिक विरासतों के पुरालेखीय अनुसंधान और संरक्षण के लिए एक प्रमुख संगठन है। कानिंघम इस संगठन के पहले महानिदेशक भी बने। उस समय उनके कार्य क्षेत्र में अफगानिस्तान भी आता था। ब्रिटिश सरकार ने भारतीय स्मारकों की खोज व सर्वेक्षण के लिए विभाग की स्थापना करने के साथ सांस्कृतिक सम्पदाओं को चिन्हित और संरक्षित करने के लिए कानून भी बनाए जो आज प्रभावी हैं। ब्रिटिश सरकार ने संरक्षित सम्पदाओं, स्मारकों को सार्वजनिक करने या उसके स्वरूप से छेड़छाड़ करने को दंडनीय अपराध घोषित कर दिया।

आजादी के बाद भारतीय संविधान के भाग 3 नीति निर्देशक तत्व में अनुच्छेद 49 के तहत यह व्यवस्था दी गयी कि 'संसद द्वारा बनाई गई विधि द्वारा या उसके अधीन राष्ट्रीय महत्व वाले घोषित किए गये कलात्मक या ऐतिहासिक अभिरुचि वाले प्रत्येक स्मारकों या स्थान या वस्तु का, क्षय, विरुपण, विनाश, अपसारण, व्ययन, आदि से संरक्षण करना राज्य की बाध्यता होगी। 'देश में विभिन्न सांस्कृतिक विरासत और संपत्तियों की खोज, सुरक्षा और संवर्द्धन के लिए प्रमुख कानून भी बनाए गए हैं जो निम्नलिखित हैं:

- प्राचीन स्मारक अधिनियम 1904.
- प्राचीन संस्मरण, पुरातन स्थल और अवशेष अधिनियम 1958.
- प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष नियम-1959, ये नियम 'प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958' के प्रावधानों के तहत बनाए गए थे।
- पुरावशेष तथा बहुमूल्य कलाकृति अधिनियम-1972.
- पुरावशेष और महान खोज नियम 1973 और एफईटी अधिनियम 1978.
- स्मारकों और ऐतिहासिक महत्व के स्थानों की अनाधिकृत उत्कृष्टता और इन को नष्ट होने से बचाने के लिए प्राचीन स्मारक संरक्षण अधिनियम 1904 लागू किया गया है।

प्राचीन स्मारक और उत्खनन और अवशेष अधिनियम 1958 के तहत प्राचीन स्मारक को भी परिभाषित किया गया है। इसके तहत इस तरह के किसी भी ढांचे बिल्डिंग ,क्लस्टर शिलालेख आदि को भी प्राचीन स्मारक माना जाएगा जिसका कुछ ऐतिहासिक पुरातात्विक और कलात्मक महत्त्व हो और जो एक 100 वर्ष से अधिक की आयु का हो इसके अतिरिक्त प्राचीन स्मारक के अवशेष और स्थान भी इस अधिनियम के तहत आते



विरासतों का संरक्षण राष्ट्र का दायित्व

हैं। निवास स्थान का तात्पर्य ऐसे स्थानों से है जिसके विषय में यह विश्वास किया जा सके कि इसके भीतर प्राचीन ऐतिहासिक महत्व के अवशेष छिपे होंगे। भारतीय संविधान के अंतर्गत मनुष्यों से जुड़े विषयों को कई सूचियों में रखा गया है। केंद्रीय सूची के अंतर्गत प्राचीन और ऐतिहासिक दस्तावेज महिला स्थान और अवशेष इतिहास को स्थान दिया गया है। राज्य सूची में पुस्तकालय संग्रहालय और राज द्वारा वित्तीय रूप से नियंत्रक संस्थान हैं। पुरातात्विक महत्व के स्थान और शेष जिन्हें राष्ट्रीय



महत्व का स्थान नहीं दिया गया है वह समवर्ती सूची में हैं। केंद्रीय सूची में रखे गए विषयों पर केंद्र सरकार को कानून बनाने का अधिकार है जबकि राज्य सूची में रखे गए विषयों पर राज्य सरकार का क्षेत्र दायित्वों है। समवर्ती सूची के विषय पर राज्य और केंद्र दोनों कानून बना सकते हैं। प्राचीन स्मारक संरक्षण अधिनियम 1904 के अनुसार यदि कोई भी व्यक्ति किसी स्मारक को नष्ट करता है या उसका करता है तो उसे तक 500 तक के आर्थिक दंड का प्रावधान है। प्राचीन स्मारक और अवशेष अधिनियम 1958 प्राचीन कलाकृतियों को किसी भी प्रकार नुकसान पहुंचाने को दंडनीय घोषित करता है और ऐसा करने वाले व्यक्ति को 3 महीने तक के कारावास और आर्थिक दंड से दंडित किए जाने का विधान है। प्राचीन स्मारक एवं आवास स्थान और अवशेष अधिनियम 1958 के तहत यह किसी स्मारक का मालिक सरकार से उक्त संपत्ति के संबंध में अनुमोदन नहीं करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। इस कानून के तहत भारतीय मानव सर्वेक्षण को सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण का दायित्व सौंप दिया गया है। भारतीय जीव सर्वेक्षण के द्वारा किसी भी क्षेत्र को सुरक्षित घोषित किया जा सकता है और ऐसे क्षेत्र के किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य प्रतिबंधित है। यदि भारतीय मानव सर्वेक्षण आवश्यक समझे तो स्मारक के इर्द-गिर्द भी निर्माण कार्य पर रोक लगा सकती है। इस अधिनियम की धारा 24 के अनुसार रिंगित स्थान पर भी उत्खनन का कार्य किया जा सकता है। राज्य सरकार या अन्य कोई व्यक्त उत्कृष्टता का कार्य नहीं कर सकता। यदि प्राचीन प्रविष्टि को किसी के द्वारा किसी भी प्रकार की क्षति होती है तो क्षति क्षति वसूल किए जाने का विधिक प्रावधान है। क्षतिपूर्ति राशि निर्धारित करें कब तक उस वस्तु की ऐतिहासिक या पुरातात्विक मूल्य को आँकना आवश्यक नहीं है। इस कानून के तहत ऐसे किसी भी संरक्षित स्मारक का उपयोग किसी भी सभा पार्टी सेमिनार आदि के लिए नहीं किया जा सकता है। यदि कोई स्मारक है तो उस पर किसी प्रकार के नए मजहबी कार्यों को साझा करने की अनुमति नहीं है। संबंधित संरक्षित स्थान के अधिकारी या महानिदेशक की अनुमति के बगैर संरक्षित स्थान के भीतर फिल्मांकन करना फोटोग्राफर्स लेना कानूनन अपराध है। यदि कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति के ऐसे कार्य करता है तो उस पर तक 500 तक का अर्थदंड लगाया जा सकता है। संरक्षित इमारत को तोड़ना, हटाना, गलत उपयोग करना या किसी वस्तु को हटाना संज्ञेय अपराध है। इसके लिए 3 महीने के कारावास की सजा हो सकती है। पुलिस अधिकारी अपराध में संलिप्त व्यक्ति को गिरफ्तार कर सकता है।

-खुदाई आदि के दौरान कई बार पुरानी मूर्तियां बर्तन सिक्के तलवारे व अन्य सामान भी प्राप्त हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में उक्त सम्पत्ति पर भारतीय ट्रेजर ट्रोव एक्ट 1878 में विवरण कानून प्रभावी होगा और उक्त सम्पत्ति सरकार के नियंत्रण में ले ली जाएगी।

- पुरातन वस्तु निर्यात नियंत्रण अधिनियम 1947 के तहत पुरातात्विक महत्व की किसी भी वस्तु जो 100 वर्ष से अधिक पुरानी है, का निर्यात प्रतिबंधित है।

-भारतीय ट्रेजर ट्रोव कानून 1878 के अनुसार यदि कोई व्यक्ति को कोई छिपा हुआ बोनस मिलता है जिसकी कीमत से 10 से अधिक है और जिसके विषय में या विश्वास रखने का प्रयास कारण है कि वह 100 वर्ष से अधिक पुराना है तो वह व्यक्ति जिला अधिकारी को चिह्नित करेगा करेगा। दंडाधिकारी को उसके मालिक का पता चल जाता है तो 25 एंव 75 के अनुपात में मालिक और पाने वाले के बीच विभाजित करेगा। जिलाधिकारी उचित भुगतान कर इस वस्तु को सरकार की ओर से भी स्वीकार कर सकते हैं।

- दी एन्टिकक्यूटीज एंड आर्ट ट्रेजर्स अधिनियम 1972 के तहत कलाकृतियों के व्यापार को नियमित करने और तस्करी रोकने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान रखे गए हैं। इस अधिनियम के तहत वह प्रत्येक व्यक्ति जिसके पास 100 साल पुराना है, वह उसे प्रमाणित कराएं। निबंधन अधिकारी के पास ऐसी कलाकृतियाँ या वस्तु का निबंधन करना भी कानूनन अनिवार्य है। ऐसे किसी भी वस्तु का फोटोग्राफर के साथ भारतीय उत्खनन डेवलपर को भेजा जाना आवश्यक है।

भारत में सांस्कृतिक भविष्य के प्राचीन स्मारकों और पुरालेखीय प्रतिष्ठानों और अवशेषों के रखरखाव की जिम्मेदारी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के पास ही है। इसके लिए सम्पूर्ण देश को 24 मंडलों में विभाजित किया गया है। पुरातात्विक अनुसंधान परियोजनाओं के संचालन के लिए बड़ी संख्या में भारतीय पुरातत्वविदों, संरक्षकों, पुरालेखविदों, वास्तुकारों और वैज्ञानिकों का कार्य दल जो कि निरंतर सांस्कृतिक सम्पदाओं और विरासत की सुरक्षा के लिए कार्यरत है।

(लेखक उच्च न्यायालय के अधिवक्ता हैं)

आप की बात

कर्मियों का शोषण

उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरियों में खाली पदों पर भर्ती करने के बजाय प्रदेश सरकार सेवा प्रदाताओं के माध्यम से भर्तियां करती हैं। इससे जो युवा नौकरी में जाते हैं उनका दोहरा शोषण होता है। एक तो अधिकांश सरकारी सेवा प्रदाता कंपनियां युवाओं से घूस लेकर भर्तियां करती हैं, दूसरे उनको बहुत मामूली वेतन मिलता है और तीसरे उनकी नौकरी को भी हमेशा खतरा बना रहता है। यह स्थितियां इसलिए बनी हैं कि अगर सरकार सीधे संविदा पर भर्ती करे तो जो लोग एक बार भर्ती हो जायेंगे वे नौकरी में बने रहने के लिए यूनियन बनाकर शक्ति प्रदर्शन करेंगे, स्थायी करने की मांग करेंगे और फिर वेतन बढ़ाने और बात-बात पर हड़ताल भी करेंगे। कुछ लोगों की मनमानी के कारण आज पूरा युवा परिणाम भुगत रहा है। सरकार अपनी तरफ से संविदा नौकरियों पर भी भारी पैसा खर्च करती है, लेकिन सेवा प्रदाता कंपनी पूरा पैसा नहीं देती हैं। वह खुद भी मुनाफा काटती हैं, उसके कर्मचारी घूस लेते हैं और मामूली वेतन पर युवाओं को रखकर उनका शोषण करती हैं। युवाओं का शोषण रोकने और उनको अच्छा वेतन व सुविधाएं देने के लिए यह जरूरी है सरकार चाहे स्थायी नौकरी दे या संविदा पर रखे, लेकिन भर्तियां सीधे करें। भर्ती में बिचौलिया कंपनियों की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। हां अगर सरकार को यह डर हो कि यूनियनबाजी होगी तो पहले से ही यह बांड भरा लेना चाहिए कि संविदा नौकरी संविदा ही रहेगी। परमानेन्ट होने के लिए अन्य युवाओं के साथ आवेदन करना होगा। इससे उनकी सेवा सुरक्षा को तय करना चाहिए। दरअसल सरकार को आउट सोर्सिंग भर्तियों के बजाय संविदा भर्तियां करनी चाहिए।

महेश कुमार श्रीवास्तव, बहराइच.

'स्टार्टअप इकोसिस्टम

तकनीकी प्रधान इस युग में स्टॉर्टअप कंपनियों ने लोगों के जीवन को आसान बनाने में महती भूमिका निभाई है। आज ये आम जनजीवन के लिए इतनी जरूरी हैं कि इनके विकास जीवन कठिन हो जायेगा। इसलिए सरकार को स्टार्टअप कंपनियों की मदद करनी चाहिए ताकि वे डूबने न पायें। अगर स्टॉर्टअप फेल होते हैं, तो इससे लोगों का भरोसा कमजोर होगा और देश तेजी से आगे बढ़ रहे स्टॉर्टअप के सामने चुनौतियें बढ़ेंगी। स्टॉर्टअप के महत्व और भारत की आर्थिक प्रगति में इनकी भूमिका को देखते हुए सरकार ने स्टॉर्टअप नीति लागू की है। आईआईटी और अन्य तकनीकी संस्थानों में स्टॉर्टअप को मदद के लिए, प्रौद्योगिकी एवं वित्तीय सहायता के लिए योजनाएं शुरू की गयी हैं।

वीरेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.

संक्षेप

महिला की दो दिन से चल रही तलाश, शव बरामद

बांदा। तिंदवारी विकासखंड की ग्राम पंचायत खौंडा मजरा दतरौली गांव में दो दिन से लापता 35 वर्षीय महिला रेखा यादव का शव शुक्रवार सुबह उसरा नाले के पास झाड़ियों में फंसा मिला। परिजनों ने गुरुवार सुबह से ही उनकी तलाश शुरू की थी। गुरुवार सुबह लगभग 7 बजे रेखा यादव शौच के लिए घर से कुछ दूरी पर बह रहे उसरा नाले पर गई थीं। काफी देर तक घर वापस न लौटने पर परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। नाले के पास उनकी चप्पलें उतरी हुई मिलीं, जिससे परिजनों को नाले में डूबने की आशंका हुई। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। थानाध्यक्ष अनिल साहू घटनास्थल पर पहुंचे और गोताखोरों की मदद से नाले में जाल डलवाकर महिला की तलाश शुरू की। गुरुवार को देर शाम तक रेखा यादव का कोई पता नहीं चल सका। शुक्रवार सुबह पुलिस प्रशासन ने गोताखोरों के माध्यम से नाले पर फिर से खोजबीन शुरू की। इस दौरान घटनास्थल से थोड़ी ही दूरी पर नाले के घुमावदार मोड़ पर झाड़ियों और चारे के बीच रेखा यादव का शव फंसा हुआ मिला। मृतक रेखा यादव के पति जोगा यादव ने बताया कि उनकी पत्नी रोज की तरह शौच के लिए नाले पर गई थीं, लेकिन लौटकर नहीं आईं। वह मानसिक रूप से विक्षिप्त थीं और पिछले सात वर्षों से कानपुर के महिंद्रा अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

युवक के गायब होने से परिवार में मचा हड़कंप

फतेहपुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जयराम का पुरवा से एक युवक के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़ित दादी ने गांव के ही कुछ दबंगों पर षड्यंत्र रचकर अनहोनी करने की आशंका जताते हुए पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, जयराम का पुरवा निवासी रामरती पत्नी शीतला ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनका नाती सुरेंद्र पाल पुत्र अभय सिंह बीते दिनों सुबह गांव के ही व्यक्ति के साथ भेड़ चराने गया था।

आरोप है कि सुनील लोधी ने दिनभर सुरेंद्र को शराब पिलाई और अत्यधिक नशे की हालत में छोड़ दिया या साजिश के तहत उसे गायब कर दिया। पीड़ित रामरती का आरोप है कि गांव के ही कुछ व्यक्ति पूर्व में भी उनके नाती को जान से मारने की साजिश रच चुके हैं। परिजनों को आशंका है कि रंजिश के चलते सुरेंद्र की हत्या कर दी गई है।

घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पीड़िता ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए गुमशुदा युवक को जीवित या मृत, किसी भी दशा में जल्द से जल्द बरामद किया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

संदिग्ध दवाओं के नमूने जांच को भेजे

देवरिया। जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में ओम मेडिकल एजेन्सी, निकट लार थाना लार, शर्मा मेडिकल हॉल, फफेलिया मोड़ छपिया भाटपार रानी, दानिश मेडिकल स्टोर, चनुकी मोड़ लार पर राघवेन्द्र सिंह, औषधि निरीक्षक द्वारा छापामार कर निरीक्षण किया गया।

उक्त ओम मेडिकल से 02 संदिग्ध औषधियों का नमूना एवं शर्मा मेडिकल स्टोर से 02 नमूना संग्रहित कर राजकीय जन विश्लेषक प्रयोगशाला को प्रेषित की गयी है।

डीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का लिया जायजा, जरूरी दिशा-निर्देश दिए



जिला संवाददाता (vol)

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने द्वारा गुरुवार को अपराह्न में चांदपुर से हस्तिनापुर तक बाढ से प्रभावित एवं क्षतिग्रस्त मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पांडव नगर चैकी, जलालपुर खादर, रायपुर खादर तथा खानपुर दमाल क्षेत्र का भ्रमण कर स्थानीय ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना।

गुरुवार को निरीक्षण के दौरान ग्रामवासियों ने लगभग 11 किलोमीटर क्षेत्र में बाढ सुरक्षा के लिए बांध निर्माण की मांग जिलाधिकारी जसजीत कौर के समक्ष रखी। इस पर जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी मांग शासन स्तर पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत की जाएगी तथा आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कराते हुए बांध निर्माण का कार्य यथाशीघ्र प्रारंभ कराने का प्रयास किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान वर्तमान में क्षेत्र में बाढ जैसी कोई गंभीर स्थिति नहीं पाई गई। इसके बावजूद जिलाधिकारी ने ग्रामवासियों को पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि वे किसी भी संभावित बाढ की स्थिति में प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निदेशों का पालन करें तथा आवश्यकता पड ने पर सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग (प्रांतीय खंड), मेरठ के सहायक अभियंता द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया कि चांदपुर से हस्तिनापुर मार्ग पर वर्षा एवं बाढ के पानी की समुचित निकासी सुनिश्चित करने के लिए कुल 14 पुलियों एवं गाइड बांध का निर्माण प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए रिवाइज्ड एस्टीमेट शासन को स्वीकृति हेतु भेजा जा चुका है। शासन से स्वीकृति प्राप्त होते ही निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर प्रारंभ करा दिया जाएगा। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी चांदपुर, तहसीलदार चांदपुर, लोक निर्माण विभाग (प्रांतीय खंड) मेरठ के सहायक अभियंता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

विहिप ने पुष्पवर्षा कर किया कांवड़ यात्रियों का स्वागत



बांदा। श्रावण मास पर हजारों शिवभक्त कांवड़िए भगवान श्रीराम की तपोस्थली चित्रकूटधाम के लिए रवाना हुए। इसमें आस्था और उत्साह का संगम देखने को मिला। शहर की सड़कों में भगवा वस्त्र धारण किए कांवड़ियों के जत्थे डीजे पर बजते भक्ति गीत व आकर्षक गीतों के साथ कांवड़ यात्रा निकाली।

यह श्रद्धालु चित्रकूटधाम पहुंचकर पवित्र गंगाजल लेकर वापस बांदा लौटकर प्राचीन बामदेव पर्वत स्थित भगवान शिव के मंदिर में जलाभिषेक करेंगे। कांवड़ यात्रा का विश्व हिंदू परिषद कानपुर प्रांत के तत्वावधान में नगर में शिवभक्तों का स्वागत हुआ। स्टेशन रोड पर लगाए गए स्वागत शिविर में बोल बम कांवड़ समिति की निकाली जा रही कांवड़ यात्रा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक अनुराग, प्रांत धर्मयात्रा प्रमुख चंद्रमोहन बेदी, प्रांत मंदिर अर्चक पुरोहित अशोक ओमर सहित विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियो ने कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष के बीच कांवड़ यात्रियों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। कांवड़ यात्रा केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह समाज में सेवा, समर्पण और सांस्कृतिक एकता का संदेश भी देती है। मठ-मंदिर प्रमुख शांतनु चतुवेर्दी, मातृशक्ति सुबोधनी भटनागर, जिला सेवा प्रमुख लक्ष्मीकांत गुप्ता, मुकेश शिवहरे, सुरेंद्र भटनागर, तिवारी, किशन गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

मोटरसाइकिल चोरी में तमंचा के साथ दो गिरफ्तार



बांदा। थाना तिंदवारी पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने वाले दो आरोपियों तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है। उपनिरीक्षक गजेंद्र सिंह ने बताया कि बीती शाम को थाना गिरवां क्षेत्र के रहने वाले रामपाल ने थाना तिंदवारी पर सूचना दी कि बबेरु तिराहा तिंदवारी से चोरों ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली है। अभियोग पंजीकृत करते हुए आरोपियों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया गया। रात्रि गश्त एवं चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध व्यक्ति एक मोटरसाइकिल से बबेरु से तिंदवारी आते दिखाई दिए। पुलिस ने दोनों व्यक्तियों को रोककर पूछताछ करने की कोशिश की तो दोनों व्यक्ति मोटरसाइकिल छोड़कर भागने लगे। घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। तलाशी लेते हुए भागने का कारण पूछा तो बलवीर उर्फ बल्ली पुत्र कलुआ निवासी ग्राम पिपरगवां थाना तिंदवारी, संदीप उर्फ धुनगी पुत्र गुलाब निवासी ग्राम पिपरगवां थाना तिंदवारी ने बताया कि उन्होंने ये मोटरसाइकिल बबेरु तिराहा के पास बांदा-फतेहपुर रोड़ से चोरी की है। मोटरसाइकिल में एक मोबाइल भी मिला था। जिसको पकड़े जाने के डर से फेक दिया है। तलाशी में आरोपी संदीप के कब्जे से एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। दोनो को न्यायालय भेजा गया है।

नवागंतुक बीईओ का शिक्षकों ने किया स्वागत



बांदा। जसपुरा ब्लाक में रिक्त चल रहे खंड शिक्षा अधिकारी के पद पर राजेश वर्मा ने पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने बीआरसी जसपुरा पहुंचकर चार्ज लेने के बाद शिक्षकों से भेंट की। उत्तर प्रदेशीय पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री राजवीर सिंह ने उनको फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया। ब्लाक अध्यक्ष संतोष वर्मा, मंत्री विवेक गुप्ता, सयुक्त मंत्री विनोद सोनकर, कोषाध्यक्ष रत्नेश बाजपेई, हीरालाल, विजय शाह, आशुतोष, हर्ष शुक्ला, मोहित सिंह आदि उपस्थित रहे। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि वह शिक्षकों से अपेक्षा करते हैं कि ब्लाक क्षेत्र में ऐसा वातावरण बनाए कि यहां के छात्र नाम रोशन कर सकें। वहीं जिला मंत्री राजवीर सिंह ने शिक्षकों की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया।

व्यापारियों को मिलेगा जनसुनवाई मंच



फतेहपुर। आदर्श व्यापार मंडल गर्ग गुट संपूर्ण भारत द्वारा जनपद के व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से एक नई पहल शुरू की गई है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गर्ग के निर्देश पर अब प्रत्येक सप्ताह अलग-अलग स्थानों पर व्यापारियों की समस्याएं सुनी जाएंगी तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों तक उन्हें पहुंचाकर उनके निराकरण का प्रयास किया जाएगा।राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रदीप गर्ग जी ने बताया कि संगठन का उद्देश्य व्यापारियों को उनके व्यापार में आने वाली कठिनाइयों से राहत दिलाना है। इसी क्रम में फतेहपुर शहर में सोमवार और बुधवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक गर्ग आवास, कलेक्टरगंज में जनसुनवाई होगी। यहां जिला अध्यक्ष अभिनव यादव, जिला महामंत्री अमित शरण बॉबी, महिला अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अभय गुप्ता युवा जिला अध्यक्ष मोहम्मद इमरान सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।इसी प्रकार बिंदकी तहसील में मंगलवार और गुरुवार को स्थान ललौली चौराहा व्यापार मंडल कार्यालय पर जनसुनवाई आयोजित की जाएगी, जहां राष्ट्रीय महामंत्री गोविंद बाबू टाटा, प्रदेश महिला अध्यक्ष संगीता तिवारी, तहसील प्रभारी निरंजन श्रीवास्तव एवं अध्यक्ष मुन्नेन्द्र तिवारी व्यापारियों की समस्याएं सुनेंगे।वहीं खागा तहसील में बुधवार और शनिवार को कामदगिरि ऑटोमोबाइल जीटी रोड खागा पर स्थित कार्यालय में जनसुनवाई होगी। यहां अध्यक्ष प्रशांत केसरवानी, महामंत्री अमित प्रजापति, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रानू केसरवानी महा सचिव संजय जयसवाल महिला अध्यक्ष सुमन सिंह एडवोकेट उपस्थित रहेंगे।

संगठन ने बताया कि जीएसटी, खाद्य विभाग, पुलिस, प्रशासन, नगर पालिका, आरटीओ, मंडी समिति, जिला उद्योग केंद्र, डूडा कार्यालय सहित अन्य विभागों से जुड़ी व्यापारियों की समस्याओं काप्राथमिकता के आधार पर समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। संगठन का कहना है कि इस पहल से व्यापारियों को एक सशक्त मंच मिलेगा और उनकी समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा।

एसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं



बहराइच। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने शुक्रवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी शिकायतें और प्रार्थना पत्र पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत किए। एसपी ने प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से मामले की जानकारी ली और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।पुलिस अधीक्षक ने प्राप्त शिकायतों और प्रार्थना पत्रों को संबंधित क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी और जांच अधिकारियों को भेजते हुए उनका शीघ्र, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फरियादियों की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। शिकायतों की जांच तथ्यों के आधार पर करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाए और पीड़ित को समय से राहत दिलाई जाए।जनता दर्शन के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, आपसी विवाद, उत्पीड़न तथा अन्य पुलिस संबंधी मामलों को लेकर भी फरियादी पहुंचे। एसपी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन मामलों में मौके पर जांच की आवश्यकता है, वहां पुलिस टीम भेजकर तथ्यात्मक जांच कराई जाए। साथ ही शिकायतकर्ता से संपर्क कर उसकी समस्या के निस्तारण की स्थिति की जानकारी भी ली जाए।उन्होंने थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि थाने पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाए और प्रार्थना पत्रों पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। किसी भी पीड़ित को अनावश्यक रूप से थाने या पुलिस कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।जनसुनवाई के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह तथा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी समेत संबंधित पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

हॉस्पिटल की लापरवाही से बच्ची की मौत, परिजनों ने किया हंगामा, जांच के आदेश

जिला संवाददाता



बिजनौर। निजी हॉस्पिटल में चिकित्सकों की लापरवाही से एक सात वर्षीय मासूम बच्ची की मौत का मामला प्रकाश में आया है। परिजनों ने चिकित्सको पर इलाज में लापरवाही का गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाही की मांग की है। जानकारी के अनुसार थाना हल्दौर क्षेत्र के मोहल्ला तोलावाला निवासी पत्रकार संजीव मिश्रा ने बताया की उन्होंने 05 अगस्त को अपनी 07 वर्षीया पुत्री प्राशी को उपचार के लिए बिजनौर शहर के नजीबाबाद रोड स्थित गोपाल अस्पताल में भर्ती कराया था। संजीव मिश्रा का आरोप है कि गुरुवार सुबह बच्ची की तबीयत अचानक बिगड गई, लेकिन कई बार अनुरोध करने के बावजूद अस्पताल स्टाफ ने उन्हें डॉक्टर से नहीं मिलने दिया। परिजनों का कहना है कि समय पर उचित उपचार नहीं मिलने के कारण बच्ची की मौत हो गई। परिजनों का यह भी आरोप है कि घटना के बाद डॉक्टर अस्पताल पहुंचे, लेकिन विरोध बढता देख वहां से चले गए। घटना की सूचना मिलते ही भारी संख्या में पत्रकार अस्पताल पहुंचे और अस्पताल स्टाफ के द्वारा की गई लापरवाही को लेकर परिजनों के साथ धरने पर बैठ गए। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी डॉक्टरों एवं अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कडी कानूनी कार्रवाई की मांग की। कोतवाली शहर पुलिस ने पीडित पक्ष की तहरीर कर मामले की जांच शुरू कर दी है। उधर घटना के संबन्ध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 कौशलेन्द्र सिंह ने बताया कि अस्पताल संचालक के खिलाफ मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित कर दी गई है। टीम पूरे प्रकरण की जांच कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार आगली कार्रवाई की जाएगी।

कांवड़ियों की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से 24 घंटे शिविर आयोजित

जिला संवाददाता (vol)



बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देश पर कांवड यात्रा के दौरान जनपद में आने वाले शिवभक्त कांवडियों एवं श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक एवं प्रभावी व्यवस्थाएं की गई हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 कौशलेन्द्र सिंह के ने बताया कि जनपद के समस्त कांवड यात्रा मार्गों, प्रमुख शिवालयों एवं संवेदनशील स्थलों पर चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ किया गया है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें 24 घंटे सेवा भाव के साथ श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं। कांवड यात्रा मार्गों पर विशेष चिकित्सा शिविर स्थापित किए गए हैं, जहां चिकित्सकों, स्टाफ नर्सों, फार्मासिस्टों एवं पैरामेडिकल कर्मियों की निरंतर ड्यूटी लगाई गई है। इन शिविरों में श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाइयां एवं प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान थकान, बुखार, रक्तचाप में उतार-चढाव, निर्जलीकरण, पैरों में छाले, मोच अथवा अन्य सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं से पीडित कांवडियों का तत्काल उपचार किया जा रहा है। चिकित्सा शिविरों में बेड, रक्तचाप मापक यंत्र, स्टेथोस्कोप, ऑक्सीजन, आवश्यक जीवनरक्षक दवाइयों एवं फर्स्ट एड सामग्री की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि किसी भी आकस्मिक स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए एम्बुलेंस सेवाओं को कांवड यात्रा मार्गों पर रणनीतिक स्थानों पर तैनात रखा गया है, ताकि आवश्यकता पडने पर मरीजों को तत्काल उच्च चिकित्सा संस्थान तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का प्रत्येक चिकित्सक एवं कर्मचारी पूर्ण समर्पण, संवेदनशीलता एवं सेवा भावना के साथ कांवड यात्रा-2026 को सुरक्षित एवं सफल बनाने हेतु 24 घंटे अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है।

उचित दर की दुकानों निःशुल्क राशन वितरण पर 18 अगस्त तक होगाः डीएसओ

बिजनौर। जिला पूर्ति अधिकारी अभय प्रताप सिंह ने आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निदेशों के क्रम में जानकारी देते हुए बताया कि जनपद बिजनौर में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अंतर्गत अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों को माह अगस्त-2026 के सापेक्ष आवंटित निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण 18 अगस्त 2026 तक उचित दर की दुकानों के माध्यम से कराया जा रहा है।

जिला पूर्ति अधिकारी अभय प्रताप सिंह ने बताया कि भारत सरकार के निर्णय के अनुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत आच्छादित अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को 01 जनवरी 2024 से आगामी पांच वर्षों तक निःशुल्क गेहूं एवं चावल उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ कम हो तथा राष्ट्रीय स्तर पर एकरूपता सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने बताया कि अन्त्योदय राशन कार्डधारकों को प्रति कार्ड 21 किलोग्राम गेहूं एवं 14 किलोग्राम चावल (कुल 25 किलोग्राम) निःशुल्क वितरित किया जाएगा। वहीं पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों को प्रति यूनिट 3 किलोग्राम गेहूं एवं 2 किलोग्राम चावल (कुल 5 किलोग्राम) निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि राशन वितरण के दौरान पोर्टेबिलिटी (वन नेशन, वन राशन कार्ड) की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। लाभार्थी अपनी सुविधा अनुसार किसी भी उचित दर की दुकान से उपलब्ध स्टॉक के अनुसार खाद्यान्न प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 18 अगस्त 2026 वितरण की अंतिम तिथि होगी। उचित दर की दुकानों पर खाद्यान्न वितरण प्रतिदिन सुबह 08 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दोपहर 02 बजे से शाम 06 बजे तक ई-पॉस मशीन के माध्यम से किया जाएगा।

उन्होंने सभी उचित दर विक्रेताओं को निर्देश दिए हैं कि खाद्यान्न का वितरण पूर्ण पारदर्शिता एवं शासन के निदेशों के अनुरूप किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र लाभार्थी अपने अनुमन्य खाद्यान्न से वंचित न रहे।

पुलिस ने दबोचा, मारपीट, धमकी और आगजनी मामले का फरार आरोपी



बहराइच। विशेश्वरगंज पुलिस ने करीब एक वर्ष से फरार चल रहे वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी, तोड़फोड़ और आगजनी समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज था।पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह एवं क्षेत्राधिकारी पयागपुर हर्षिता तिवारी के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष विशेश्वरगंज संदीप कुमार त्रिवेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की।पुलिस के मुताबिक, 10 जून 2025 को वादिनी राजकुमारी पत्नी प्रभात उर्फ सुभाष चंद्र, निवासी ग्राम कांधमारी, थाना विशेश्वरगंज ने थाने में तहरीर दी थी। आरोप था कि विपक्षियों ने वादिनी व उसके परिजनों को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद ईंट-पत्थर फेंककर सीमेंट की टीन शेड क्षतिग्रस्त कर दी तथा मुर्गी फार्म में आग लगाकर वहां रखा सामान जला दिया गया।मामले में पुलिस ने मु0अ0सं0 164/2025 के तहत धारा 191(2), 352, 351(3), 324(4) व 326(ग) बीएनएस में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की थी।विवेचना के दौरान आरोपी बल्लू पुत्र देवी प्रसाद को 30 जुलाई 2025 को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था। शेष आरोपियों में दीप, अंकित और ननके फरार चल रहे थे। विवेचना के बाद 13 अप्रैल 2026 को आरोपपत्र न्यायालय भेजा गया। दीप और अंकित न्यायालय में उपस्थित हो गए, जबकि ननके पुत्र देवी प्रसाद, निवासी ग्राम कांधमारी, थाना विशेश्वरगंज लगातार फरार था।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर 18 जुलाई 2026 को उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई। टीम ने शुक्रवार को आरोपी ननके को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया।

एक ही स्थान पर 12 वर्षों से जमे पंचायत सचिव को हटाने की मांग,विश्व हिंदू महासंघ ने खोला मोर्चा

बांदा। ब्लाक बड़ोखरखुर्द में बीते 12 वर्षों से जमे ग्राम पंचायत सचिव एक साथ तीन पदों का प्रभार लिए है। यह शासनादेश का खुला उल्लंघन है। इस मामले को लेकर विश्व हिंदू महासंघ ने जिलाधिकारी से जांच कर इनका स्थानांतरण करने की मांग की है। विश्व हिंदू महासंघ ने डीएम को दिए पत्र में आरोप लगाया है कि शासनादेश के अनुसार कोई भी कर्मचारी एक ही विकासखंड में तीन वर्ष तक रह सकता है लेकिन यह धन और रसूख के चलते यहीं सचिव ग्राम पंचायत के साथ ही एडीओ पंचायत का अतिरिक्त प्रभार और अन्य ग्राम पंचायतों का अतिरिक्त कार्य भी देख रहे हैं।

महासंघ का यह भी आरोप है कि लगातार शिकायतों के बाद भी तबादला न होना यह साबित करता है कि सचिव रफीक मंसूरी ने उच्चाधिकारियों की सांठगांठ के चलते शासनादेश का उल्लंघन कर ब्लाक बड़ोखरखुर्द में ही डटे हैं। विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा प्रकोष्ठ ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही इस मामले पर कार्यवाही नहीं हुई तो ब्लाक बड़ोखर में धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। बताते चलें कि रफीक मंसूरी लगातार महोखर जैसी बड़ी ग्राम पंचायत में तैनाती करा रखी है। इनके विरुद्ध जिला पंचायतराज अधिकारी यहां से हटाने के बजाय लगातार तैनात किए हैं। इस संबंध में जब जिला पंचायतराज अधिकारी दूरभाष पर बात हुई तो उन्होंने कहा कि अभी वह बैठक में है।

देवीपाटन के तीर्थ स्थलों को मिलेगा पर्यटन का नया आयाम



बहराइच। देवीपाटन मंडल के धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों को पर्यटन के मानचित्र पर नई पहचान दिलाने की कवायद तेज हो गई है। गोंडा के स्वामिनारायण छपिया मंदिर में करीब 22 करोड़ रुपये की लागत से चल रही पर्यटन विकास परियोजना मंडल की प्रमुख परियोजना के रूप में सामने आई है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को परियोजना की प्रगति की समीक्षा के साथ गोंडा,

बहराइच के चार धार्मिक स्थलों का होगा विकास

बहराइच, बलरामपुर और श्रावस्ती में प्रस्तावित व निमार्णाधीन पर्यटन कार्यों की समीक्षा की।वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना के तहत पर्यटन विभाग के 16 प्रस्तावों की समीक्षा की गई। करीब 18 करोड़ रुपये के इन प्रस्तावों में गोंडा के साथ बहराइच, बलरामपुर और श्रावस्ती के धार्मिक स्थलों को भी शामिल किया गया है। बहराइच में प्रज्ञा शिव शक्ति मंदिर, प्राचीन जंगलीनाथ मंदिर, जगमरवा बाबा मंदिर और समया माता मंदिर के विकास का प्रस्ताव है। इन स्थलों पर श्रद्धालुओं की सुविधा, बेहतर पहुंच और आवश्यक पर्यटन सुविधाएं विकसित किए जाने की योजना है।मंत्री ने कहा कि पर्यटन विकास के लिए हर जगह बड़े कॉरिडोर की जरूरत नहीं है। स्थानीय तीर्थ स्थलों पर बेहतर पहुंच, मूलभूत सुविधाएं, सूचना व्यवस्था और श्रद्धालुओं की व्यवस्थित आवाजाही भी पर्यटन को नई दिशा दे सकती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि परियोजनाओं में स्थानीय जरूरत और धार्मिक स्थलों की पहचान का विशेष ध्यान रखा जाए तथा निर्माण के बाद उनके रखरखाव की व्यवस्था भी सुनिश्चित हो।एक करोड़ तक के काम नवंबर तक पूरे करने के निर्देश

जयवीर सिंह ने एक करोड़ रुपये तक लागत वाली सभी निमार्णाधीन परियोजनाओं को नवंबर 2026 तक पूरा कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों को नियमित स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण गुणवत्ता की निगरानी करने और जनप्रतिनिधियों को कार्यों की प्रगति से अवगत कराने को कहा गया। निर्धारित समयसीमा के बाद देरी होने पर कार्यदायी संस्थाओं पर दैनिक आधार पर जुमार्ना लगाने की चेतावनी भी दी गई।गोंडा के कई धार्मिक स्थल प्रस्तावितगोंडा में मां नदना देवी मंदिर, जंबूद्वीप राम-जानकी मंदिर, अद्वैत स्वरूप आश्रम, भगवान कपिल मुनि आश्रम और भक्ति धाम के विकास के प्रस्ताव हैं। इन स्थलों को एक व्यापक स्थानीय तीर्थ श्रृंखला के रूप में विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है।बलरामपुर और श्रावस्ती भी योजना मेंबलरामपुर में समया माता मंदिर और बाबा परमहंस मंदिर के विकास का प्रस्ताव है। श्रावस्ती में बट्ठा कुटी और सीताद्वार को पर्यटन सुविधाओं से जोड़ने की योजना है। बौद्ध विरासत के लिए प्रसिद्ध श्रावस्ती में इन स्थानीय आध्यात्मिक स्थलों के विकास से जिले के पर्यटन क्षेत्र का विस्तार होने की उम्मीद है।

संक्षेप

फोनपे ने लॉन्च किया फिक्स्ड डिपॉजिट डिस्ट्रीब्यूशन

नई दिल्ली। फोनपे ने आज टॉप बैंकों और एनबीएफसी के साथ साझेदारी करते हुए अपने प्लेटफॉर्म पर फिक्स्ड डिपॉजिट डिस्ट्रीब्यूशन की आधिकारिक शुरूआत की घोषणा की। अपनी फाइनेंशियल सर्विस के दायरे को बढ़ाते हुए, फोनपे ने शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ साझेदारी में एक नया और अपनी तरह का पहला डिजिटल माइक्रो-सेविंग्स प्रॉडक्ट–डेली रिकरिंग डिपॉजिट भी पेश किया है।इस सुविधा में शुरूआती निवेश रोजाना मात्र रुपये 100 है।इस तरह यूजर्स, कम निवेश में ही बचत करने की अच्छी आदत डाल सकते हैं। इस लॉन्च के जरिए यूजर्स सीधे फोनपे ऐप में ही एफडी खोल सकते हैं, जिसे बचत का एक सुरक्षित और कम जोखिम वाला विकल्प माना जाता है। यहाँ यूजर्स भरोसेमंद पार्टनर बैंकों से एफडी आसानी से खोज सकते हैं, उनकी तुलना कर सकते हैं, और तुरंत बुक कर सकते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के नियमों के अनुसार, पार्टनर बैंकों में आपकी एफडी पर डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन से रुपये 5 लाख तक की राशि का इंश्योरेंस मिलता है।

बीएलएस ई-सर्विसेज ने मजबूत विकास जारी रखा

नई दिल्ली। बीएलएस ई-सर्विसेज लिमिटेड ने 30 जून 2026 को समाप्त तिमाही के अपने समेकित ऑडिटेड वित्तीय परिणाम घोषित किए।क्यू1 एफवाई 27 में परिचालन एबिटडा 21.2 करोड़ रुपये रहा, जो क्यू1 एफवाई 26 के 17.7 करोड़ रुपये की तुलना में 19.7% अधिक है। क्यू1 एफवाई27 में कर के बाद लाभ 18.6 करोड़ है। इस तिमाही के दौरान बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट कारोबार का कुल लेनदेन मूल्य 29,500 करोड़ रुपये से अधिक रहा, जो क्यू1 एफवाई26 में 26,200 करोड़ रुपये से अधिक था।कंपनी का एसेट-लाइट और आसानी से विस्तार योग्य ऑपरेटिंग मॉडल विकास का एक मजबूत आधार बना रहा।क्यू1 एफवाई 27 में कंपनी का नेटवर्क बढ़कर 1,58,600 से अधिक टचपॉइंट्स और 46,800 से अधिक चैनल सर्विस पार्टनर्स है।क्यू1 एफवाई27 में बीएलएस ई-सर्विसेज ने मजबूत प्रदर्शन किया है।इस तिमाही में कंपनी की कुल आय में सालाना आधार पर 23.3% की वृद्धि हुई। यह वृद्धि हमारे मुख्य व्यवसायों के बेहतर प्रदर्शन और डिजिटल एवं नागरिक सेवाओं के बढ़ते विस्तार की वजह से संभव हुई है।

हिमालया बेबीकेयर का मैची मैची पीएच कैंपेन लॉन्च

नई दिल्ली। हिमालया बेबीकेयर ने अपना नया कैंपेन मैची मैची पीएच लॉन्च किया है। इसका मकसद शिशुओं की नाजुक त्वचा के प्राकृतिक पीएच संतुल को बनाए रखने के महत्व को बताना है। इस कैंपेन में हिमालया बेबीकेयर की पीएच 5.5 जेंटल रेंज शामिल है, जिसमें हिमालया जेंटल बेबी शैम्पू, हिमालया जेंटल बेबी वॉश, जेंटल बेबी लोशन और जेंटल बेबी क्रीम आते हैं।




ये उत्पाद शिशु की त्वचा केपीएच से मेल खाते हुए त्वचा की सुरक्षात्मक परत को सुरक्षित रखने और नमी को बनाए रखने में मदद करते हैं, जिससे सिर से पैर तक सौम्य देखभाल सुनिश्चित होती है। इस कैंपेन के केंद्र में एक आकर्षक जो माता-पिता और शिशु के बीच के एक सहज और भावनात्मक पल को दर्शाती है। इसमें एक माँ अपने शिशु को उससे मेल खाता हुआ परिधान पहनाती है और इसी के माध्यम से एक और महत्वपूर्ण मैच- शिशु की त्वचा के पीएच-की ओर ध्यान आकर्षित किया गया है।

ओडिशा को खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में 31648 करोड़ निवेश प्रस्ताव

नयी दिल्ली। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने शुक्रवार को कहा कि राज्य को खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में 22 कंपनियों से 31,648 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। राज्य सरकार और उद्योग मंडल एसोचैम द्वारा आयोजित निवेशक सम्मेलन में इन कंपनियों ने समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। 22 कंपनियों के साथ 31,648 करोड़ रुपये के एमओयू पर आज हस्ताक्षर हुए हैं, जो इस क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने की दिशा में हमारी प्रगति का प्रमाण हैं। लंबे समय तक ओडिशा की औद्योगिक अर्थव्यवस्था खनन और खनिजों पर आधारित रही, लेकिन अब राज्य खाद्य एवं कृषि प्रसंस्करण सहित चार प्रमुख क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। किसानों की आय से सीधे जुड़े होने के कारण खाद्य प्रसंस्करण सरकार की प्राथमिकता में है।

सेंसेक्स में 456 अंकों की गिरावट



मुंबई। कच्चे तेल की वैश्विक कीमतें 80 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बने रहने और बैंकों एवं वित्तीय शेयरों में बिकवाली के दबाव के बीच शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार में दो दिनों की तेजी थम गयी। सेंसेक्स 456 अंक टूट गया जबकि निफ्टी में 65 अंकों की गिरावट रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 455.59 अंक यानी 0.58 प्रतिशत टूटकर 78,499.17 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 577.69 अंक यानी 0.73 प्रतिशत तक लुढ़ककर 78,377.07 अंक तक आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 65.35 अंक यानी 0.27 प्रतिशत गिरकर 24,570.65 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 113.25 अंक यानी 0.45 प्रतिशत टूटकर 24,522.75 अंक तक आ गया था। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से बजाज फाइनेंस में सर्वाधिक 5.90 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जबकि बजाज फिनसर्व 4.18 प्रतिशत के नुकसान में रहा। इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक, ट्रेंट, एक्सिस बैंक और एशियन पेंट्स भी नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और टेक महिंद्रा के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर अनिश्चितता और वित्तीय शेयरों में कमजोरी के कारण बाजार पर दबाव बना रहा। हालांकि कंपनियों के तिमाही नतीजे अपेक्षाकृत सहायक रहे। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.20 प्रतिशत की बढ़त में रहा जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.19 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। क्षेत्रवार सूचकांकों में वित्तीय सेवा खंड में 1.33 प्रतिशत की गिरावट रही जबकि निजी बैंक सूचकांक में 1.04 प्रतिशत, टिकाऊ उपभोक्ता खंड में 0.90 प्रतिशत और आवासीय वित्त खंड में 0.81 प्रतिशत की गिरावट रही। वहीं, फोकस आईटी खंड 1.44 प्रतिशत और वाहन खंड 1.33 प्रतिशत चढ़ गया। इस कारोबारी सप्ताह में सेंसेक्स ने कुल 404.53 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की तेजी दर्ज की जबकि निफ्टी में 187.05 अंक यानी 0.76 प्रतिशत की बढ़त देखी गई। पूरे सप्ताह में वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) वाले शेयरों के लिए नई नीलामी व्यवस्था लागू होने के बाद दोनों प्रमुख सूचकांकों में अलग-अलग रुख देखने को मिला। शेयर बाजारों ने इस सोमवार से समापन मूल्य तय करने के लिए नकद इक्विटी खंड में समापन नीलामी सत्र शुरू किया है, जो मूल्य निर्धारण प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने का एक प्रयास है।

रुपया दो पैसे की मामूली बढ़त के साथ 95.20 प्रति डॉलर पर



मुंबई। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले दो पैसे की मामूली बढ़त के साथ 95.20 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। ईरान और ओमान के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर जारी बातचीत के नतीजों को लेकर अनिश्चितता से वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की धारणा के बीच रुपये में हल्की गिरावट आई।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि ईरान और ओमान के बीच समझौते को लेकर अनिश्चितता तथा कच्चे तेल की कीमतों में हाल की तेजी से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.27 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 95.19 से 95.28 प्रति डॉलर के दायरे में रहा और अंत में दो पैसे की बढ़त के साथ 95.20 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। रुपया बृहस्पतिवार को 14 पैसे की गिरावट के साथ 95.22 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर ईरान और ओमान के बीच समझौते पर अनिश्चितता के कारण रुपये में हल्का नकारात्मक रुख रह सकता है। हालांकि, सप्ताहांत में इस संबंध में आने वाली किसी भी खबर से बाजार में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक घटनाक्रम रुपये को सहारा दे सकता है, जबकि इसके विपरीत स्थिति में दबाव बढ़ सकता है। निवेशकों की नजर अमेरिका के गैर-कृषि रोजगार आंकड़ों पर भी रहेगी। उन्होंने अनुमान जताया कि डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर 95 से 95.60 के दायरे में रह सकती है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.90 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड का वायदा भाव 0.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82.30 डॉलर प्रति बैरल रहा। घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 455.59 अंक टूटकर 78,499.17 अंक जबकि निफ्टी 65.35 अंक टूटकर 24,570.65 अंक पर बंद हुआ।

शाकाहारी खाना चार प्रतिशत और मांसाहारी खाना नौ प्रतिशत महंगा

मुंबई। घर पर तैयार शाकाहारी थाली की लागत जुलाई में सालाना आधार पर चार प्रतिशत बढ़ गई, जबकि मांसाहारी थाली नौ प्रतिशत महंगी हो गई। मुख्य रूप से प्याज, खाद्य तेल, रसोई गैस और चिकन की कीमतें बढ़ने से इनके दाम में बढ़ोतरी हुई।

जुलाई में शाकाहारी थाली की औसत लागत बढ़ने का कारण प्याज के दाम में सालाना आधार पर 20 प्रतिशत की वृद्धि है, जबकि खाद्य तेल और रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में क्रमशः 11 प्रतिशत और 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। मांसाहारी थाली के मामले में प्याज और गैस की महंगाई के साथ ब्रॉयलर चिकन की कीमतों में 14 प्रतिशत की वृद्धि ने भी इसे अधिक महंगा बना दिया। मांसाहारी थाली की कुल लागत में लगभग आधा हिस्सा चिकन का होता है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्याज की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी रहीं क्योंकि बाजार में पुराने स्टॉक के महंगे प्याज की आपूर्ति हुई। इसके अलावा, मार्च-अप्रैल में महाराष्ट्र में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसल और भंडारण प्रभावित होने से भी आपूर्ति पर असर पड़ा। खाद्य तेल और रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि का कारण आपूर्ति में बाधाएं और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के चलते ऊर्जा कीमतों में तेजी बताया गया। हालांकि, आलू और टमाटर की कीमतों में गिरावट आने से थाली की लागत में बढ़ोतरी कुछ हद तक कम रही।

विदेशी मुद्रा भंडार 10.51 अरब डॉलर बढ़ा



मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 31 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 10.51 अरब डॉलर बढ़कर 692.87 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे एक सप्ताह पहले विदेशी मुद्रा भंडार 6.12 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 682.35 अरब डॉलर रहा था। इस साल 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। इसके बाद पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने और रुपये पर दबाव बढ़ने के कारण कई सप्ताह तक इसमें गिरावट आई, क्योंकि केंद्रीय बैंक को डॉलर की बिक्री कर बाजार में हस्तक्षेप करना पड़ा। समीक्षाधीन सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में सबसे बड़ी हिस्सेदारी रखने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 8.75 अरब डॉलर बढ़कर 564.68 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में इन परिसंपत्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी शामिल होता है। इस दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 1.68 अरब डॉलर बढ़कर 104.74 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 4.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.67 अरब डॉलर पर पहुंच गए। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में देश का आरक्षित भंडार भी 2.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.78 अरब डॉलर हो गया। पिछले महीने सरकार और आरबीआई ने देश में विदेशी मुद्रा प्रवाह बढ़ाने के लिए एफसीएनआर (बी) समेत कई उपायों की घोषणा की थी। इन प्रयासों से अब तक करीब 32 अरब डॉलर प्राप्त हो चुके हैं।

सोना 200 रुपये बढ़कर 1.54 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम, चांदी रही स्थिर

नयी दिल्ली। सोने के दाम में शुक्रवार को लगातार चौथे दिन तेजी जारी रही। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 200 रुपये बढ़कर 1.54 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

कमजोर अमेरिकी डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच विदेशी बाजारों में आई तेजी का घरेलू बाजार पर सकारात्क असर पड़ा। स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, लगातार चौथे सत्र में बढ़त के साथ, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 200 रुपये बढ़कर।,54,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) हो गई। बृहस्पतिवार को यह।,53,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर थी। हालांकि, स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, पिछले सत्र में तेज उछाल के बाद चांदी की कीमत 2,34,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) पर स्थिर रही। सोने में लगातार चौथे सत्र में बढ़त जारी रही और यह कीमती धातु जनवरी के बाद से अपने सबसे मजबूत साप्ताहिक प्रदर्शन की ओर बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि इस तेजी का कारण कमजोर डॉलर, महंगाई की उम्मीदों में कमी और अमेरिकी गैर-कृषि रोजगार रिपोर्ट से पहले सर्राफा की लगातार मांग है। निवेशकों के बीच बेहतर होते धारणा के कारण चांदी की कीमतों में भी बढ़त हुई।

अब निजी क्षेत्र के निवेश में भी निरंतर हो रही वृद्धि



नयी दिल्ली। आर्थिक मामलों की सचिव अनुराधा ठाकुर ने शुक्रवार को कहा कि लगातार बढ़ते सार्वजनिक पूंजीगत व्यय से मिले प्रोत्साहन के कारण अब निजी क्षेत्र का निवेश भी निरंतर और टिकाऊ वृद्धि के मार्ग पर है।

ठाकुर ने हाल के एक विश्लेषण का हवाला देते हुए कहा कि भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के 2023 सर्वे में जहां निजी निवेश में सुधार के शुरुआती संकेत मिले थे, वहीं अब यह स्थिर और संतुलित गति से ऊपर की ओर बढ़ता दिख रहा है। उन्होंने आर्थिक शोध संस्थान नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले एक दशक में सार्वजनिक पूंजीगत व्यय पांच गुना से अधिक होकर 2025-26 में 10.7 लाख करोड़ रुपये हो गया है जबकि 2014-15 में यह दो लाख करोड़ रुपये था। चालू वित्त वर्ष के बजट में सार्वजनिक पूंजीगत व्यय को 12.2 लाख करोड़ रुपये रखने का लक्ष्य रखा गया है। ठाकुर ने कहा, विभिन्न संकेतकों- जैसे परियोजनाओं के कियान्वयन की संख्या और अटकी परियोजनाओं की संख्या से पता चलता है कि अटकी परियोजनाएं एक दशक के निचले स्तर पर हैं, जो कि एक सकारात्मक संकेत है। निजी निवेश को आकर्षित करने में सार्वजनिक निवेश उत्प्रेरक की भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की दीर्घकालिक वृद्धि इस बात पर निर्भर करेगी कि उत्पादक परिसंपत्तियां, वैश्विक प्रतिस्पर्धी उद्योग, गुणवत्तापूर्ण रोजगार और नवाचार के सृजन में सार्वजनिक एवं निजी पूंजी का कितने प्रभावी ढंग से उपयोग किया जाता है। आर्थिक मामलों की सचिव ने कहा कि सार्वजनिक नीतियां अनुकूल माहौल बना सकती हैं, लेकिन स्थायी उत्पादकता, वृद्धि और प्रौद्योगिकी प्रगति का वास्तविक आधार निजी क्षेत्र की पहल है। निजी निवेश उत्पादन क्षमता बढ़ाने के साथ शोध, नई तकनीकों के उपयोग और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं से जुड़ाव को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए वित्त तक पहुंच बेहतर बनाने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि ये विनिर्माण क्षेत्र की रीढ़ हैं। ठाकुर ने वैश्विक अर्थव्यवस्था पर टिप्पणी करते हुए कहा कि दुनिया इस समय असाधारण अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है, जिसमें भू-राजनीतिक तनाव, ऊर्जा बाजार की अस्थिरता, व्यापार रुझानों का विखंडन और तकनीकी बदलाव प्रमुख कारक हैं। पिछले तीन वर्षों में भारत वृद्धि और स्थिरता का केंद्र बना हुआ है, जहां अर्थव्यवस्था औसतन सात प्रतिशत की दर से बढ़ी है और व्यापक आर्थिक स्थिरता भी बनी रही है। मजबूत घरेलू मांग भारत की बड़ी ताकत है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष इसका सकल प्रवाह रिकॉर्ड स्तर पर रहा।

झारखंड सरकार ने 8,399 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पेश किया



रांची। झारखंड सरकार ने राज्य में भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर विपक्ष के विरोध के बीच शुक्रवार को विधानसभा में चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 8,399 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पेश किया।

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने चालू वित्त वर्ष का पहला अनुपूरक बजट सदन में पेश किया। इससे पहले फरवरी में उन्होंने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 1.58 लाख करोड़ रुपये का वार्षिक बजट पेश किया था। कुल अनुपूरक बजट में ग्रामीण विकास विभाग के लिए सबसे अधिक 4,258.67 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके बाद स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के लिए 946.30 करोड़ रुपये तथा ग्रामीण कार्य विभाग के लिए 885.83 करोड़ रुपये का प्रावधान है। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के लिए 490.68 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जबकि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को 271.61 करोड़ रुपये मिलने का प्रस्ताव है। अनुपूरक मांगों पर चर्चा 10 अगस्त को होनी है। वित्त मंत्री ने राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) की वार्षिक रिपोर्ट भी सदन के पटल पर रखी। उन्होंने कहा कि राज्य का ऋण-जमा अनुपात बढ़कर वर्ष 2026 में करीब 55 प्रतिशत हो गया है जो वर्ष 2024 में लगभग 50 प्रतिशत था। विधानसभा का मानसून सत्र बृहस्पतिवार को शुरू हुआ और यह 12 अगस्त को समाप्त होगा। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ ने बताया कि सत्र में कुल पांच कार्य दिवस होंगे।

पेज एक का शेष

झारखंड : सरकार

लिए गठित पांच सदस्यीय सरकारी समिति के सदस्य और राज्य के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार की ओर से प्रतिनिधिमंडल में एक अधिवक्ता को शामिल किए जाने पर आपत्ति जताने के बाद नयी सूची सौंपी गई। बातचीत का फैसला मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के उस बयान के एक दिन बाद लिया गया, जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ चर्चा के लिए सरकार तैयार है। सुदिव्य कुमार ने विधानसभा के बाहर संवाददाताओं से कहा यह आंदोलन छात्रों का है और सरकार उनसे बातचीत के लिए तैयार है। यदि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) या झारखंड का कोचिंग माफिया इस आंदोलन को अपने हाथ में लेने की कोशिश करता है तो सरकार ऐसा नहीं होने देगी।

चढ़ावा चोरी

शाह सुबह-सुबह संसद में आते हैं और देर रात को ही वापस जाते हैं। वह दिनभर संसद में ही रहते हैं। उन्होंने कहा, अमित शाह वह व्यक्ति हैं जिनका नाम सुनकर सारे आतंकवादी, उग्रवादी कांप उठते हैं। जिस दिन यहां चर्चा होगी, गृह मंत्री अमित शाह जब यहां जवाब देंगे तो आप लोग सुन नहीं पाएंगे। इसके बाद भी सदन में हंगामा जारी रहा और पीठासीन सभापति दिलीप सैकिया ने कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी। उधर राज्यसभा में ही समान स्थिति रही और विपक्षी सदस्य इन्हीं मांगों को लेकर हंगामा करते रहे। उच्च सदन की बैठक शुरू होने पर सभापति सी पी राधाकृष्णन ने आगामी नौ अगस्त को भारत छोड़ो आंदोलन की 84वीं वर्षगांठ का जिक्र करते हुए कहा कि करो या मरो के नारे के साथ स्वतंत्रता सेनानियों ने आजादी के लिए जो संघर्ष किया उसकी वजह से ही हम आज आजाद हवा में सांस ले रहे हैं। इसके बाद सदस्यों ने कुछ क्षण मौन रखकर स्वतंत्रता आंदोलन में बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी। सभापति ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए। इसी दौरान विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मानसून सत्र के दौरान संसद में गृह मंत्री की लगातार अनुपस्थिति का मुद्दा उठाया।

खरगे ने कहा कि सरकार सभापति की टिप्पणियों का भी सम्मान नहीं कर रही है और सदन का अपमान कर रही है। इससे पहले बृहस्पतिवार को सभापति राधाकृष्णन ने संसदीय कार्य मंत्री संसदीय कार्य मंत्री रीजीजू से कहा था कि वह विपक्ष की भावनाओं को गृह मंत्री तक पहुंचाएं और सदन में उनकी मौजूदगी की मांग पर विचार करें। विपक्षी दल 20 जुलाई को संसद की ओर मार्च कर रहे प्रदर्शनकारी छात्रों पर हुई पुलिस कार्वाई को लेकर गृह मंत्री से सदन में बयान देने की मांग कर रहे हैं। रीजीजू ने कहा कि सभापति की ओर से कोई निर्देश नहीं दिया गया था और विपक्ष के नेता सदन को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने सभापति से कहा, आपने एक टिप्पणी की थी, लेकिन आसन की ओर से कोई निर्देश नहीं दिया गया था।

सपा की

कहा कि अनुपूरक बजट में 59 हजार करोड़ रुपये की जो परियोजनाएं थी उनमें युवाओं के लिए रोजगार, अन्नदाता किसानों के उन्नयन का कार्यक्रम, महिलाओं के स्वावलंबन और गरीबों के कल्याण का प्रावधान किया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा लेकिन समाजवादी पार्टी ने विधानसभा सत्र नहीं चलने दिया, हो हल्ला किया। उन्होंने कहा कि सपा ने इसलिए विधानसभा की कार्यवाही नहीं चलने दी, क्योंकि पार्टी की विकास में कोई रुचि नहीं है, गरीबों में कोई रुचि नहीं है।

स्वदेशी आंदोलन

काम 2017 से पहले और 2014 से पहले भी हो सकता था, लेकिन इसके लिए दूरदृष्टि चाहिए। जहां हर काम को केवल वोट के नजरिये से देखा जाता है, वहां गरीबों, कारीगरों और हस्तशिल्पियों का सम्मान पीछे छूट जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में बिजली, सड़क और कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब थी। उन्होंने कहा, तब न बेटियां सुरक्षित थीं, न व्यापारी, न हस्तशिल्पी और न ही कारीगर। जब दंगे और कर्फ्यू होते हैं, बाजार बंद रहते हैं और उसका सबसे अधिक असर कारीगरों, छात्रों, युवाओं और महिलाओं पर पड़ता है। हथकरघा ऐसा क्षेत्र है, जिसमें लगभग 70 प्रतिशत महिलाएं कार्यरत हैं। योगी आदित्यनाथ ने हथकरघा क्षेत्र के विकास के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए इसका श्रेय डबल इंजन सरकार को दिया। योगी ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को बबुआ (बच्चा) करार देते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने कभी विकास में रुचि नहीं ली। मुख्यमंत्री ने कहा, आज मैं अपने कौशल और परिश्रम से भारत की इस गौरवशाली विरासत को नयी ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध सभी हस्तशिल्पियों और हथकरघा उद्योग से जुड़े लोगों को बधाई देता हूं।

हाईकोर्ट ने

भवन में लगी आग में 15 लोगों की मौत के बाद राज्य की नियामक व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए थे। अदालत ने कहा था कि ऐसी घटनाओं के बाद ही प्रशासन सक्रिय होता है, जबकि अग्नि सुरक्षा मानकों के पालन, स्वीकृत मानचित्र के अनुरूप निर्माण सुनिश्चित करने तथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय करने के लिए प्रभावी व्यवस्था आवश्यक है। पिछली सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया था कि संबंधित भवन का नक्शा आवासीय उपयोग के लिए स्वीकृत था, लेकिन उसका व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था। यह भी स्वीकार किया गया था कि स्वीकृत मानचित्र से विचलन होने के बावजूद अवैध निर्माण को समय रहते नहीं रोका गया। अदालत ने यह भी सवाल उठाया था कि आवासीय भवन को व्यावसायिक बिजली कनेक्शन कैसे प्रदान किया गया। साथ ही, उत्तर प्रदेश अग्निशमन एवं आपात सेवा अधिनियम, 2022 के तहत 15 मीटर से कम ऊंचाई वाले भवनों को अग्नि सुरक्षा प्रमाणपत्र से दी गई छूट पर पुनर्विचार की आवश्यकता भी जताई थी। इस बीच, हादसे में जान गंवाने वाले कुछ लोगों के स्वजन की ओर से दाखिल हस्तक्षेप अर्जी को अदालत ने स्वीकार कर लिया। अदालत ने निर्देश दिया कि सभी जवाबी हलफनामों की प्रतियां 12 अगस्त तक याचिकाकर्ता, न्यायमित्र (एमिकस क्यूरी) और हस्तक्षेपकताओं के अधिवक्ता को उपलब्ध कराई जाएं। नगर निगम की ओर से अदालत को बताया गया कि उसका जवाबी हलफनामा पहले ही दाखिल किया जा चुका है। मामले की अगली सुनवाई 24 अगस्त को होगी।

नीट पेपर

में प्रवेश या बाहर निकलने के दौरान विशेषज्ञों की कोई जांच नहीं हुई या तलाशी नहीं ली गई। इसमें कहा गया कि कुलकर्णी ने आसान प्रश्नों को याद कर लिया था और होटल लौटने के बाद उन्हें लिख लिया। आरोप-पत्र में कहा गया है, वनस्पति विज्ञान के लिए एनटीए की अंग्रेजी से मराठी अनुवादक और प्राणी विज्ञान के लिए अनुवादक मनीषा मांढरे, दिन का काम पूरा करने और होटल के कमरे में लौटने के बाद एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में संबंधित जरूरी पैराग्राफ़ को मार्क करती थीं। आरोप-पत्र में कहा गया है, एक ही तरह की सामग्री के साथ दशकों के अनुभव के कारण वह आसानी से प्रश्नों को एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तक की सामग्री से जोड़ने में सक्षम थीं। इसमें कहा गया कि भौतिकी के अनुवाद की जिम्मेदारी संभालने वाली मनीषा संजय हवलदार दिन का काम पूरा करने के बाद दिल्ली में अपने ठहरने के स्थान पर लौटकर प्रश्नों को संक्षेप में लिख लिया करती थीं।

फिर चर्चा

और बेटे का अंतिम दीदार कर लौट गई, लेकिन इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी। शाइस्ता के आने की आशंका को देखते हुए पुलिस और खुफिया एजेंसियां पहले से सतर्क थीं।

एसीपी धूमनगंज अजयेंद्र यादव के नेतृत्व में कई थानों की पुलिस गांव में तैनात रही। महिला पुलिसकर्मियों को भी लगाया गया था। अधिकारियों की नजर हर गतिविधि पर रही, लेकिन भीड़ में किसी भी महिला की पहचान शाइस्ता के रूप में नहीं हो सकी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शाइस्ता के आने का कोई प्रमाण नहीं मिला है।

उधर, परिवार के करीबी लोगों का कहना है कि आबान अपनी मां शाइस्ता का सबसे लाडला था। वर्ष 2023 में अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के समय आबान नाबालिग था। गिरफ्तारी से बचने के लिए शाइस्ता उसी दौरान फरार हो गई थी। तब से अब तक उसका कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लगा है। करीब तीन साल बाद बेटे की दर्दनाक मौत ने एक बार फिर शाइस्ता को लेकर अटकलों का दौर शुरू कर दिया।

पुलिस को आशंका थी कि वह बेटे के जनाजे में शामिल होने का जोखिम उठा सकती है। इसी संभावना को देखते हुए स्थानीय पुलिस के साथ खुफिया विभाग भी पूरे दिन सक्रिय रहा। हालांकि दिनभर चली चर्चाओं के बावजूद शाइस्ता के गांव पहुंचने की पुष्टि नहीं हो सकी।

गौरतलब है कि शाइस्ता परवीन के अलावा अतीक की बहन आइशा नूरी और अशरफ की पत्नी जैनब भी अब तक फरार हैं। तीनों की तलाश में पुलिस लगातार दबिश देने का दावा कर रही है, लेकिन अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

धामी कैबिनेट

अनुमति दी है। नियमावली में न्यूनतम मजदूरी, निर्धारित समय से अतिरिक्त काम करने पर दो गुना ओवरटाइम, महीने की 7 तारीख तक वेतन भुगतान, डिजिटल माध्यम से वेतन देने और समान कार्य के लिए महिला तथा पुरुष श्रमिकों को समान पारिश्रमिक देने की व्यवस्था की गई है। औद्योगिक क्षेत्र में श्रमिक और नियोक्ता के संबंधों को अधिक व्यवस्थित करने के लिए उत्तराखंड औद्योगिक संबंध नियमावली-2026 को भी मंजूरी दी गई है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पशुपालन की भूमिका को बढ़ाने के उद्देश्य से गौपालन योजना में बदलाव किया गया है। अब सामान्य श्रेणी के पशुपालक भी योजना का लाभ ले सकेंगे। लाभार्थियों को गाय के अलावा भैंस खरीदने का विकल्प भी उपलब्ध होगा। पशु खरीद के लिए तय यूनिट लागत को 40 हजार से ब



चयन प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता से हो

ओपन चयन ट्रायल अनिवार्य हों, विदेशी कोच पर निर्भरता कम हो: मांडविया

नयी दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को यहां एक सम्मेलन में राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) के कामकाज का जायजा लेते हुए कहा कि आगामी एशियाई खेलों जैसे प्रमुख अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट से पहले चयन ट्रायल कैमरे की निगरानी में कराए जाने चाहिए और विदेशी कोच पर निर्भरता कम होनी चाहिए।

इस सम्मेलन में खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे, खेल सचिव हरि रंजन राव और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। मांडविया ने कहा कि ओपन चयन ट्रायल पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में कैमरे पर रिकॉर्ड किए जाने चाहिए। चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता से किसी भी तरह का समझौता नहीं होना चाहिए।



उन्होंने कहा कि निशानेबाजी और मुक्केबाजी जैसे खेलों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत विदेशी कोच पर निर्भरता कम करने के लिए भारत को तत्काल मजबूत स्वदेशी कोचिंग तंत्र की जरूरत है। मांडविया ने कहा कि हमें अच्छे भारतीय कोच का एक डेटाबेस तैयार करने की जरूरत है। खिलाड़ियों को ट्रेनिंग देने के साथ हमें अपने कोच की ट्रेनिंग में भी समान रूप से निवेश करना चाहिए, उन्हें सर्वश्रेष्ठ मौके और अंतरराष्ट्रीय अनुभव उपलब्ध कराना चाहिए। एक प्रशिक्षित कोच ही अंततः देश के लिए विश्वस्तरीय खिलाड़ी तैयार करेगा। सम्मेलन में खेल प्रशासन से जुड़े मुद्दों, खिलाड़ियों के कल्याण को बेहतर बनाने और आगामी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खेल टूर्नामेंट के लिए भारत की तैयारियों की समीक्षा पर चर्चा की गई।

राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम के अंतर्गत एनएसएफ की अनुपालन स्थिति, सितंबर-अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेलों, 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक और 2030 अहमदाबाद राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारियों पर भी विस्तृत प्रस्तुतियां दी गईं। मांडविया ने अपने संबोधन में कहा कि यह हमारी जिम्मेदारी है कि किसी भी खिलाड़ी के साथ कभी अन्याय नहीं हो। अन्याय कई तरीकों में हो सकता है और जहां भी ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है, वहां राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम 2025 हमें निवारक और सुधारात्मक कदम उठाने का अधिकार देता है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार इस बात पर जोर देते रहे हैं कि खिलाड़ियों को मैदान पर बनाए रखा जाए और देश में मजबूत लीग संस्कृति विकसित की जाए। प्रत्येक एनएसएफ को पूरे साल खिलाड़ियों के लिए अधिक प्रतिस्पर्धी मौके उपलब्ध कराने की दिशा में काम करना चाहिए। खेल मंत्री ने भारतीय खेलों से डोपिंग समाप्त करने के लिए व्यापक रणनीति की जरूरत दोहराई। उन्होंने कहा कि मौजूदा व्यवस्था को और मजबूत करने की जरूरत है और सरकार डोपिंग रोधी तंत्र को अधिक प्रभावी बनाने के लिए संशोधनों पर काम कर रही है। एनएसएफ द्वारा उठाए गए मुद्दों में राष्ट्रीय खेल निर्वाचन पैनल (एनएसईपी) की अधिसूचना में हो रही देरी भी शामिल थी। यह पैनल खेल संस्थाओं के चुनाव की निगरानी करेगा। खेल मंत्री ने कहा कि एनएसईपी की अधिसूचना बहुत जल्द जारी की जाएगी। सम्मेलन में मौजूद एक सूत्र ने पीटीआई को बताया कि हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने मंत्री से अनुरोध किया कि क्रिकेट के अलावा अन्य खेलों को भी बेहतर प्रसारण कवरेज दिलाने के लिए कुछ कदम उठाए जाएं। मांडविया ने उन्हें इस विषय पर संबंधित अंतरराष्ट्रीय खेल महासंघों से चर्चा करने की सलाह दी।

अभ्यास मैच : पहले सत्र में खराब प्रदर्शन के बाद भारतीय गेंदबाजों की वापसी



श्रीलंका। भारत के खिलाफ तीन दिवसीय अभ्यास मैच के पहले दिन श्रीलंका ने पहली पारी में आठ विकेट पर 363 रन बनाये। श्रीलंका के युवा बल्लेबाजों ने भारतीय गेंदबाजों को दबाव में ला दिया लेकिन कुलदीप यादव की अगुवाई में स्पिनरों ने आखिरी सत्र में वापसी की। मैच को प्रथम श्रेणी दर्जा हासिल नहीं है लिहाजा हर टीम को पहले और दूसरे दिन 90 ओवर और आखिरी दिन 45 . 45 ओवर मिलेंगे। पहले दिन आफ स्पिनर सारांश जैन ने 11 ओवर में 54 रन दिये लेकिन उन्हें विकेट नहीं मिले। कुलदीप ने 18 ओवर में 76 रन देकर दो विकेट लिये जबकि मानव सुतार ने 11 ओवर में 30 रन देकर एक विकेट चटकाया। रविंद्र जडेजा ने 15 ओवर में 64 रन देकर दो विकेट लिये। पांच सप्ताह बाद लाल गेंद से तेज रहे तेज गेंदबाजों को लय में आने में समय लगा जबकि स्पिनर भी खतरनाक नहीं दिख रहे थे। लय में दिख रहे कुलदीप के आने के बाद तस्वीर बदली। पहले दिन का खेल श्रीलंका के युवा बल्लेबाजों के नाम रहा। सलामी बल्लेबाज निशान फर्नांडो (65 गेंद में 66 रन) ने भारत के सीनियर तेज गेंदबाजों मोहम्मद सिराज (13 ओवर में 44 रन) और प्रसिद्ध कृष्णा (आठ ओवर में 32 रन) को बखूबी खेला। फर्नांडो ने रविंदु रसांथा (143 गेंद में 71 रन) के साथ पहले विकेट के लिये 110 रन की साझेदारी की। फर्नांडो एक गलतफहमी के कारण रनआउट हो गए। सोनल दिनुशा (72 गेंद में 52 रन) ने उम्दा तकनीक का प्रदर्शन करते हुए अच्छे रन बनाये। उन्होंने कुलदीप को एक छक्का भी जड़ा। रमेश मेंडिस ने 49 गेंद में 32 रन जोडे।

भारत-श्रीलंका टेस्ट शृंखला के दौरान प्रशंसकों को मुफ्त प्रवेश

कोलंबो। भारत और श्रीलंका के बीच 15 अगस्त से गॉल में शुरू हो रही दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के दौरान क्रिकेटप्रेमियों को स्टेडियम में मुफ्त प्रवेश दिया जायेगा। श्रीलंका क्रिकेट ने एक विज्ञप्ति में कहा कि श्रीलंका क्रिकेट यह घोषणा करता है कि भारत और श्रीलंका के बीच टेस्ट श्रृंखला के दौरान दर्शकों को मुफ्त प्रवेश दिया जायेगा जिससे क्रिकेटप्रेमियों को विश्व स्तरीय टेस्ट क्रिकेट देखने का मौका मिलेगा। पहला मैच गॉल स्टेडियम पर होगा जबकि दूसरा टेस्ट कोलंबो में 23 से 27 अगस्त के बीच खेला जायेगा। श्रीलंका में टेस्ट क्रिकेट देखने दर्शक कम ही आते हैं। पहले भी भारतीय टीमों ने खाली स्टेडियमों में मैच खेले हैं।

विश्व चैंपियनशिप में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं चार भारतीय शटलर

नयी दिल्ली। आयुष शेट्टी का शुरू से एक सपना था, विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में खेलना। अब इस 21 वर्षीय खिलाड़ी का यह सपना साकार होने जा रहा है। भारत 17 साल के अंतराल के बाद 17 से 23 के बीच विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप की मेजबानी करने के लिए तैयार है। इस प्रतियोगिता में भारत के चार खिलाड़ी पहली बार अपना भाग्य आजमाएंगे। इन खिलाड़ियों में कर्नाटक के आयुष भी शामिल हैं। आयुष ने पीटीआई से कहा, विश्व चैंपियनशिप में पदार्पण करना और वह भी तब जब भारत 17 साल बाद इसकी मेजबानी कर रहा है। इसलिए यह विशेष है। आयुष को हालांकि कठिन ड्रॉ मिला है, क्योंकि पुरुष एकल के पहले दौर में उनका मुकाबला मौजूदा चैंपियन और विश्व के नंबर एक खिलाड़ी चीन के शी यू क्यूई से होगा। उनके अलावा महिला एकल की उभरती हुई खिलाड़ी उन्नति हुडा तथा महिला युगल की जोड़ी सिमरन सिंघी और कविप्रिया सेल्वम भी पहली बार विश्व चैंपियनशिप में खेलेंगे। स्वाभाविक रूप से सबकी निगाहें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू, लक्ष्य सेन तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी पर टिकी रहेंगी, लेकिन पदार्पण कर रहे चारों भारतीय खिलाड़ी अपनी छाप छोड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आयुष ने कहा कि विश्व चैंपियनशिप उन टूर्नामेंटों में से एक था जिन्हें मैं बचपन से ही देखने के लिए उत्सुक रहता था। हर युवा बैडमिंटन खिलाड़ी की तरह मैंने भी एक दिन विश्व चैंपियनशिप में खेलने का सपना देखा था। मैं इस अवसर का पूरा फायदा उठाना चाहता हूं। जहां तक उन्नति का सवाल है तो उन्होंने 17 साल की उम्र में ही खुद को भारत की सबसे प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों में से एक के रूप में स्थापित कर लिया है। विश्व चैंपियनशिप के पहले दौर में उनका मुकाबला म्यांमा की थेत हतार थुजार से होगा।

संक्षेप

एआईटीए ने संविधान को एनएसजी अधिनियम के अनुरूप किया

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने अपने संविधान को राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम, 2025 के अनुरूप बनाने के लिये अपनी कार्यकारी समिति में उम्र की पात्रता 70 वर्ष तय कर दी है जिसके लिये आमसभा की असाधारण बैठक में यह नियम 25 . 22 के अंतर से पास हो गया। उम्र के प्रावधान पर मतदान करने वाले 47 सदस्यों में से 25 ने 70 वर्ष की सीमा तय करने के लिये वोट किया जबकि 22 का वोट 75 वर्ष बरकरार रखने के लिये था। संशोधित प्रावधान के तहत एक उम्मीदवार को नामांकन दाखिल करने के समय 70 वर्ष से कम उम्र का होना चाहिये। चुने जाने पर वह चार साल का कार्यकाल पूरा करेगा भले ही उस समय 70 वर्ष से अधिक उम्र हो जाये। एआईटीए के अंतरिम अध्यक्ष चिंतन पारिख ने पीटीआई से कहा, ईजीएम पर्यवेक्षकों से मतदान के नतीजे आ गए हैं। एआईटीए कार्यकारी समिति द्वारा रखे गए सभी संशोधनों को ईजीएम ने 95 प्रतिशत से अधिक बहुमत से मंजूरी दे दी है। कार्यकारी समिति का सदस्य बनने के लिये उम्र नामांकन दाखिल करने के दिन 70 वर्ष से कम होनी चाहिये। चुने जाने पर उम्मीदवार चार साल का कार्यकाल पूरा कर सकेगा। अभी प्राथमिकता उत्कृष्ट मेरिट वाले खिलाड़ियों (एसओएम) को चुनने के लिए आवेदन मंगाना है।

तितली माझी ने जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में रजत पदक जीता

नोएडा। तितली माझी ने उज्बेकिस्तान के ताशकंद में चल रही एशियाई युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप के पहले दिन महिलाओं के 45 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता जिससे भारत की शुरूआत शानदार रही। तितली ने स्नैच में 65 किग्रा का वजन उठाया और इसके बाद क्लीन एवं जर्क में 80 किग्रा का भार उठाकर कुल 145 किग्रा का वजन उठा लिया जो उन्हें रजत पदक दिलाने के लिए काफी था। इसी स्पर्धा में परिश्मिता गोगोई 141 किग्रा के कुल वजन से चौथे स्थान पर रही। उन्होंने स्नैच में 65 किग्रा का वजन उठाया लेकिन क्लीन एवं जर्क में केवल 76 किग्रा ही उठा सकीं।

ऑस्ट्रेलिया ने ईरान की दो खिलाड़ियों को नागरिकता प्रदान की

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया ने इस साल मार्च में शरण मांगने वाली ईरान की दो महिला फुटबॉल खिलाड़ियों को नागरिकता प्रदान कर दी है। फातिमेह पसंदिदेह और अतेफेह रामेजानीसादेह ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि आव्रजन मंत्री टोनी बर्क ने उन्हें एक दिन पहले उनके ऑस्ट्रेलियाई गृह नगर ब्रिस्बेन में नागरिकता समारोह में शपथ दिलाई थी।

विश्व कप में 28 साल बाद कोई भारतीय अंपायर नहीं, दिग्गजों ने कहा सुधार की जरूरत



नयी दिल्ली। हॉकी अंपायरिंग को बेहद कठिन और संघर्षपूर्ण कैरियर बताते हुए भारतीय दिग्गजों ने नीदरलैंड और बेल्जियम में 15 अगस्त से शुरू हो रहे विश्व कप में करीब तीन दशक बाद एक भी भारतीय अंपायर नहीं होने पर निराशा जताते हुए कहा कि अंपायरों की संख्या बढाने की बजाय गुणवत्ता पर फोकस करना होगा।

नीदरलैंड के यूट्रेक्ट में 1998 में हुए विश्व कप के बाद पहली बार टूर्नामेंट के अंपायरों या तकनीकी अधिकारियों में किसी भारतीय को जगह नहीं मिली है और सूची में यूरोपीय देशों का बोलबाला है। भारत के आरवी रघु प्रसाद (2010, 2014, 2018, 2023), सतिंदर शर्मा (2002, 2006, 2010), तरलोक सिंह भुल्लर (1994) और अमरजीत सिंह बावा (1990) विश्व कप में अंपायरिंग कर चुके हैं। पिछले साल 47 वर्ष की उम्र होने पर रिटायर होने से पहले ओलंपिक समेत 200 मैचों में अंपायरिंग करने वाले पहले एशियाई रघुप्रसाद ने भाषा से बातचीत में कहा, बड़े टूर्नामेंटों में अंपायरों की नियुक्तियां एफआईएच अंपायरिंग समिति करती है जिसके लिये पिछले बड़े टूर्नामेंटों, प्रो लीग वगैरह में प्रदर्शन मानदंड रहता है। वहीं कई ओलंपिक और विश्व कप में अंपायरिंग कर चुके शर्मा ने कहा कि बावा सर, भुल्लर सर के बाद मैने और रघु ने यह सिलसिला कायम रखा था। हमने यूरोपीयों के बीच जाकर अपनी पहचान बनाई थी जो आसान नहीं थी। उन्होंने कहा कि बीजिंग ओलंपिक 2008 में हमारी टीम क्वालीफाई नहीं कर सकी थी लेकिन मैं अकेला अधिकारी था जो भारतीय हॉकी का प्रतिनिधि था। चयन के लिये प्रदर्शन में निरंतरता और अनुभव काफी मायने रखता है जहां मुझे लगता है कि अब हम पिछड़ रहे हैं। हॉकी इंडिया की वेबसाइट पर मई 2025 में अपडेट की गई सूची के अनुसार अंपायरों की चार श्रेणियां कोर लीडिंग पैनल, लीडिंग पैनल, हाई पोटेंशियल और नेशनल अंपायर हैं जिनमें पुरूष वर्ग में क्रमशः 100 से अधिक और महिला वर्ग में 70 से अधिक नाम दर्ज हैं। पुरूष वर्ग में छह एफआईएच पैनल के अंपायर हैं जिनमें से रघुप्रसाद पिछले साल रिटायर हो चुके हैं। वहीं महिला वर्ग में एफआईएच पैनल की चार अंपायर हैं। तकनीकी अधिकारियों में महिला वर्ग में इन्हीं चार श्रेणियों में 50 से अधिक नाम हैं लेकिन एफआईएच पैनल में सिर्फ दो अधिकारी रोहिणी बोपन्ना और सोनिया बाथला हैं। पुरूष वर्ग में करीब 70 नाम हैं लेकिन एफआईएच पैनल के चार ही अधिकारी इसमें शामिल हैं। शर्मा ने कहा कि संख्या की बजाय गुणवत्ता पर फोकस करना जरूरी है और इसके लिये अंपायरों को अधिक एक्सपोजर देना होगा। घरेलू अंपायर बड़े टूर्नामेंटों में अंपायरिंग नहीं करेंगे तो अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव कैसे मिलेगा।

कोरिया मास्टर्स सेमीफाइनल में आमने सामने होगी अश्मिता और रक्षिता रामराज



आसन (दक्षिण कोरिया)। भारत की अश्मिता चालिहा और रक्षिता रामराज ने शुक्रवार को यहां 250,000 अमेरिकी डॉलर इनामी कोरिया मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां वे आमने-सामने होंगी।

विश्व में 50वें नंबर की खिलाड़ी अश्मिता ने टूर्नामेंट का अब तक का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए क्वार्टर फाइनल के रोमांचक मुकाबले में जापान की विश्व में 22वें नंबर की खिलाड़ी और यहां शीर्ष वरीयता प्राप्त हिना अकेची को 20-22, 21-15, 21-19 से पराजित किया। इस जीत के साथ ही भारतीय खिलाड़ी ने पिछले साल मलेशिया सुपर 100 में हिना से मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया। रक्षिता ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए तीसरी वरीयता प्राप्त और हमवतन तन्वी शर्मा को 18-21, 21-19, 21-18 से हराकर उलटफेर किया। यह मुकाबला एक घंटे से अधिक समय तक चला। तन्वी के खिलाफ यह उनकी चौथी जीत है। तन्वी ने पिछले सप्ताह ताइपे ओपन में अपना पहला बीडब्ल्यूएफ खिताब जीता था। हिना ने अच्छी शुरुआत करते हुए 7-5 की बढ़त बना ली, जिसके बाद अश्मिता ने स्कोर 7-7 से बराबर कर दिया। लेकिन भारतीय खिलाड़ी की कुछ गलतियों से जापानी खिलाड़ी ने इंटरवल तक 11-9 की बढ़त हासिल कर ली। अश्मिता ने हालांकि कड़ी चुनौती पेश की। उन्होंने 12-12 और फिर 15-15 पर स्कोर बराबर कर लिया। इसके बाद उन्होंने 17-15 और 18-16 से बढ़त बना ली। हिना ने हालांकि अच्छी वापसी की और क्रॉस-कोर्ट विनर लगाकर पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में अश्मिता ने जोरदार वापसी की। स्कोर 7-7 से बराबर होने के बाद उन्होंने लगातार छह अंक जीतकर 13-7 की बढ़त बना ली। हालांकि हिना ने अंतर को कम करके 14-16 कर दिया, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने संयम बनाए रखा और अगले छह में से पांच अंक जीतकर मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया। निर्णायक गेम भी कुछ इसी तरह चला, जिसमें अश्मिता ने 9-3 की बढ़त बना ली और इंटरवल तक 11-9 की बढ़त बरकरार रखी। उन्होंने इसे 18-11 तक पहुंचाया, लेकिन हिना ने जोरदार वापसी करते हुए लगातार छह अंक जीतकर अंतर को 17-18 तक कम कर दिया। अश्मिता ने अंतिम क्षणों में अपना संयम बनाए रखा और यादगार जीत हासिल की। रक्षिता और तन्वी के बीच भी मुकाबला काफी रोमांचक रहा। पहले गेम में रक्षिता ने 13-8 की बढ़त बना ली, लेकिन तन्वी ने शानदार वापसी करते हुए अगले नौ में से आठ अंक हासिल किए और स्कोर को 8-13 से 16-14 तक ले जाने के बाद गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे और तीसरे गेम में भी दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। दोनों ने एक दूसरे से आगे निकलने में कोई कसर नहीं छोड़ी लेकिन तीसरे और निर्णायक गेम के आखिर में तन्वी की तीन गलतियां उन्हें भारी पड़ गई।

अरिहा पंगंबम ने एरोबिक जिम्नास्टिक्स एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता



एजेंसी

नयी दिल्ली। अरिहा पंगंबम एरोबिक जिम्नास्टिक्स एशियाई चैंपियनशिप की सीनियर महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय बन गई हैं।

भारतीय जिम्नास्ट ने फाइनल में 19.100 के स्कोर के साथ पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया और इस प्रतियोगिता में भारत का पहला स्वर्ण पदक जीता। अरिहा ने आर्टिस्ट्री के लिए 8.650, एक्ज़ीक्यूशन के लिए 7.600 और डिफ़िकल्टी के लिए 2.850 अंक हासिल करके खिताब अपने नाम किया। भारतीय जिम्नास्टिक महासंघ के अध्यक्ष सुधीर मित्तल ने कहा कि हमारे लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। उन्हें और उनके कोच को बधाई।

श्रीलंकाई स्पिनरों के खिलाफ रक्षात्मक नहीं हो सकते भारतीय बल्लेबाज : रहाणे



बेंगलुरू पूर्व कप्तान अजिंक्य रहाणे ने भारतीय बल्लेबाजों को श्रीलंका के खिलाफ 15 अगस्त से गॉल में शुरू हो रही दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में आक्रामक खेलने की सलाह दी है।

श्रीलंका के 2017 के दौरे पर 3 . 0 से मिली जीत में रहाणे ने अहम भूमिका निभाते हुए एक शतक और एक अर्धशतक लगाया था। उन्होंने ईटीपीएल द्वारा कराये गए इंटरव्यू में पीटीआई से कहा, मेरा मानना है कि श्रीलंका में पहले दिन का विकेट अच्छा होता है लेकिन गेंदबाज पर हावी होना जरूरी है। मैने श्रीलंका में यही सीखा है कि आप रक्षात्मक नहीं खेल सकते। उन्होंने कहा आपको अधिक आक्रामक होना होगा क्योंकि उनके विकेट स्पिनरों के मददगार है। श्रीलंका के पास बेहतरीन स्पिनर भी हैं और मेजबान टीम को हराना हमेशा कठिन होता है। इतने साल के अपने अनुभव पर मैं इतना ही कह सकता हूं कि किसी को हलके में नहीं लिया जा सकता। किसी समय भारत के लिये सभी प्रारूपों में खेलने वाले रहाणे ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजी पिछले कुछ साल में पूरी तरह से बदल गई है, खासकर जबकि टी20 प्रारूप इतना लोकप्रिय हो रहा है। उन्होंने कहा कि खेल बहुत बदल गया है। टेस्ट क्रिकेट की बात करें तो आप देखेंगे कि कितने टी20 क्रिकेटर भी टेस्ट खेल रहे हैं। स्कूप, लैप, स्विच हिट, रिवर्स स्वीप शॉट लगाये जा रहे हैं जो अच्छी बात है। खिलाड़ियों को आधुनिक क्रिकेट में हर प्रारूप की जरूरत के मुताबिक तेजी से ढलना होता है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बावजूद वह क्रिकेट के लिये योगदान देते रहना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मैं अभी भी खेलना चाहता हूं। यह नहीं कह सकता कि साल में कितने मैच खेलूंगा लेकिन यही कहूंगा कि अभी खेल सकता हूं। यही वजह है कि मैं ईटीपीएल खेल रहा हूं। आईपीएल टीम का मेंटोर बनकर भी खुशी होगी क्योंकि मेरे पास जो अनुभव है, उससे मैं खिलाड़ियों की मानसिकता बखूबी समझ सकता हूं।

यूपी टी-20 लीग ट्रॉफी टूर का आगाज, समीर-आर्यन ने स्टूडेंट्स संग साझा किये सफलता के मंत्र

लखनऊ। तालियों की गूंज, स्टूडेंट्स का जोश और क्रिकेट सितारों की मौजूदगी के बीच यूपी टी-20 लीग सीजन -4 के छह दिवसीय विशेष ट्रॉफी टूर अभियान का शानदार आगाज एसआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन, सीतापुर रोड से हुआ। यूपी टी-20 लीग की गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन डॉ. संजय कपूर ने अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आईपीएल स्टार समीर रिजवी और उत्तर प्रदेश रणजी टीम के कप्तान आर्यन जुयाल भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में एसआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के वाइस चेयरमैन पीयूष सिंह चौहान ने अतिथियों का स्वागत किया। खचाखच भरे सभागार में क्रिकेट और युवा ऊर्जा का अनूठा संगम देखने को मिला। संवाद सत्र के दौरान क्रिकेट सितारों ने स्टूडेंट्स के साथ अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने सफलता के पीछे अनुशासन, फिटनेस, निरंतर मेहनत और धैर्य के महत्व पर जोर दिया तथा खेल और करियर से जुड़े स्टूडेंट्स के सवालों के खुलकर जवाब दिए। खिलाड़ियों के साथ सेल्फी लेने और ट्रॉफी के साथ तस्वीरें खिंचवाने के लिए भी स्टूडेंट्स में उत्साह देखते ही बन रहा था। अपने संबोधन में डॉ. संजय कपूर ने कहा कि यूपी टी-20 लीग के पीछे उनके मार्गदर्शक राजीव शुक्ला का विजन है।



भारत में नहीं हुई ईंधन की किल्लत: पुरी

नयी दिल्ली। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को कहा कि इस साल होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से आपूर्ति बाधाएं पैदा होने के बावजूद भारत ने विविध स्रोतों, बढ़ी हुई रिफाइनिंग क्षमता और घरेलू उत्पादन के जरिए उपभोक्ताओं को किसी अभाव का सामना नहीं करने दिया।

पुरी ने कहा कि भारत ने ऊर्जा सुरक्षा को केवल हाइड्रोकार्बन की उपलब्धता तक सीमित रखने के बजाय आयात के विविधीकरण, रणनीतिक साझेदारियों, बुनियादी ढांचे के विस्तार और वैकल्पिक ईंधनों जैसे व्यापक दृष्टिकोण को अपनाया है। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते जहाजों का आवागमन बाधित होने के बावजूद देश में ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह सुचारू रही। पुरी ने कहा कि ईरान युद्ध शुरू होने से पहले भारत अपने कच्चे तेल का लगभग आधा आयात इसी मार्ग से जुड़े देशों से करता था, जबकि 90 प्रतिशत एलपीजी और 60 प्रतिशत गैस आयात भी इसी रास्ते से होता था। उन्होंने कहा कि आपूर्ति बाधित होने के बावजूद भारत ने स्रोतों में विविधता लाकर देश में कहीं भी कमी नहीं होने दी। उन्होंने कहा, 'मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि एक भी पेट्रोल पंप सूखा नहीं पड़ा। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि भारत ने कच्चे तेल के आयात स्रोतों को 27 से बढ़ाकर 41 देशों तक कर दिया है, जबकि पेट्रोल पंपों की संख्या 2014 के लगभग 52,000 से बढ़कर अब 1.07 लाख हो गई है। शहरी गैस वितरण नेटवर्क का विस्तार भी 55 क्षेत्रों से बढ़कर 309 तक हो गया है। उन्होंने कहा कि खाड़ी देशों से आयात में आई कमी की भरपाई के लिए घरेलू एलपीजी उत्पादन बढ़ाया गया। पुरी ने कहा कि आज अमेरिका भारत के लिए एलपीजी



का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बनकर उभरा है, जो कुल आयात का लगभग 67 प्रतिशत है। मंत्री ने कहा कि सरकार ने 84,000 करोड़ रुपये के समुद्र मंथन कार्यक्रम को मंजूरी दी है, जिसका उद्देश्य गहरे समुद्र में तेल और गैस की खोज को बढ़ावा देना है। इस योजना में निजी क्षेत्र की भागीदारी होगी और सरकार ड्रिलिंग लागत का 50 प्रतिशत या प्रति कुआं 650 करोड़ रुपये तक मदद देगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपतटीय क्षेत्रों को खोज के लिए खोला है और भविष्य में लाइसेंस के और अवसर दिए जाएंगे। साथ ही, कम्प्रेस्ड बायोगैस और एथनॉल मिश्रण कार्यक्रम को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने एथनॉल-मिश्रित पेट्रोल की गुणवत्ता पर उठ रहे सवालों को खारिज करते हुए कहा कि 1.07 लाख पेट्रोल पंपों में से केवल चार मामलों में गड़बड़ी पाई गई, जो किसी व्यापक समस्या का संकेत नहीं है। मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा उत्पाद शुल्क में कटौती के कारण कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में उतार-चढ़ाव का असर उपभोक्ताओं पर कम पड़ा है। पिछले कुछ वर्षों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में सीमित वृद्धि हुई, जिसे कर कटौती ने संतुलित कर दिया। भारत ने अब तक वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद खुद को काफी हद तक सुरक्षित रखा हुआ है, लेकिन वैश्विक चुनौतियां अभी बरकरार हैं। नई वैश्विक ऊर्जा व्यवस्था सुरक्षित, स्मार्ट और टिकाऊ होनी चाहिए।

ई-कॉमर्स मंचों से बढ़ायी जा सकती है हथकरघा उत्पादों की वैश्विक पहुंच



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि देश का हथकरघा क्षेत्र बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर प्रदान करता है और ई-कॉमर्स मंचों के माध्यम से इसके उत्पादों की वैश्विक पहुंच को और बढ़ाया जा सकता है।

राष्ट्रपति ने 12वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में लगभग 35 लाख लोग कार्यरत हैं, जिनमें 25 लाख से अधिक महिलाएं हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि यह क्षेत्र देश के समावेशी विकास और आत्मनिर्भरता की एक मजबूत नींव के रूप में काम करेगा। मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित समारोह में संत कबीर हथकरघा पुरस्कार और राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार 2025 भी प्रदान किए। राष्ट्रपति ने कहा कि इस क्षेत्र के टिकाऊविकास के लिए नई प्रौद्योगिकियों का समुचित उपयोग आवश्यक है। आधुनिक डिजिटल समाधानों के जरिए बाजार तक पहुंच को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही, ई-कॉमर्स मंचों के माध्यम से भारतीय हथकरघा उत्पादों की वैश्विक बाजारों तक पहुंच को उल्लेखनीय रूप से सुदृढ़ किया जा सकता है। मुर्मू ने कहा कि प्रौद्योगिकी और नवाचार से लैस कई प्रतिभाशाली युवा उद्यमी इस क्षेत्र में आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं और संस्थानों के माध्यम से युवाओं को सक्रिय सहयोग दिया जाना चाहिए, ताकि उनका उत्साह और कौशल इस क्षेत्र की दीर्घकालिक और बहुआयामी सफलता सुनिश्चित कर सके। राष्ट्रपति ने कहा कि युवा उद्यमी, डिजाइनर और स्टार्टअप पारंपरिक हस्तशिल्प को आधुनिक रुझानों, ब्रांड और वैश्विक मूल्य शृंखलाओं से जोड़कर नए अवसर पैदा कर सकते हैं।

संक्षेप


बस में हुए विस्फोट में 14 लोग घायल

जरामना (सीरिया)। सीरिया की राजधानी एक उपनगर में बृहस्पतिवार को हुए विस्फोट में 14 लोग घायल हो गए, जिनमें से तीन की हालत गंभीर है। सीरिया के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि इस घटना में किसी की मौत नहीं हुई है। हालांकि, स्वास्थ्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार रात को बताया था कि विस्फोट में दो लोगों की मौत हुई है। शुक्रवार को जारी एक बयान में मंत्रालय ने कहा कि मलबे से बरामद तीन कटे हुए अंगों के आधार पर मौत का आंकड़ा गलत तरीके से दर्ज कर लिया गया था। बयान के अनुसार, जांच के बाद यह पता चला कि ये अंग जीवित बचे मरीजों के हैं जिनकी सर्जरी की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि जरामना में धमाका एक मिनीवैन टैक्सी में लगाए गए विस्फोटक उपकरण के कारण हुआ। धमाके के समय टैक्सी में यात्री सवार थे। मिनबर अंसार अल-रसूल नामक एक कम चर्चित समूह ने एक बयान जारी कर हमले की जिम्मेदारी लेने का दावा किया है। सीरियाई अधिकारियों ने बम विस्फोट मामले में अब तक किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी या जांच के नतीजों की घोषणा नहीं की है। जरामना में ड्रूज धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय की बड़ी आबादी रहती है। यहां ड्रूज समुदाय के कुछ सदस्यों और देश की इस्लामवादी नेतृत्व वाली मौजूदा सरकार का समर्थन करने वाले सुन्नी मुसलमानों के बीच तनाव रहा है।

यूक्रेन के ड्रोन हमले से रूस की एक ऑनलाइन खुदरा कंपनी के गोदाम में लगी आग

मास्को। यूक्रेन ने लंबी दूरी तक मार करने वाले ड्रोन से यूराल पर्वत क्षेत्र में रूस की सबसे बड़ी ऑनलाइन खुदरा कंपनी के एक गोदाम को निशाना बनाया। स्थानीय अधिकारियों और कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

यह स्थान दोनों देशों की सीमा से 2,000 किलोमीटर से अधिक दूर है। यूक्रेन ने इस साल यूराल क्षेत्र में कई दूरस्थ ठिकानों को निशाना बनाया है। यूक्रेन ने इससे पहले पश्चिमी साइबेरिया में रूस की एक तेल रिफाइनरी पर भी हमला किया था, जो सीमा से करीब 2,500 किलोमीटर दूर है। रूस के चौथे सबसे बड़े शहर येकातेरिनबर्ग में वाइल्डबेरीज कंपनी के एक गोदाम में हमले के कारण आग लग गई। कंपनी के अनुसार, अधिकांश सामान को नुकसान नहीं पहुंचा। हाल के हफ्तों में यूक्रेन के हमलों



की चपेट में आए वाइल्डबेरीज के एक दर्जन से अधिक गोदाम जलकर खाक हो चुके हैं। यूक्रेन इन हमलों के जरिये रूस की जनता और सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है। क्षेत्रीय गवर्नर डेनिस पासलर ने बताया कि तीन ड्रोन ने गोदाम की छत को निशाना बनाया। अधिकारियों के अनुसार गोदाम से 800 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ।

किसानों के खातों में 5000 करोड़ रुपये से अधिक जमा: फडणवीस

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार ने कृषि ऋण माफी योजना के तहत राशि जारी करना शुरू कर दिया है। आधार प्रमाणीकरण पूरा होने के बाद 6.22 लाख किसानों के बैंक खातों में 5,000 करोड़ रुपये से अधिक की कर्जमाफी राशि जमा कर दी गई है। इस वर्ष शुरू की गई इस पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होल्कर कृषि ऋण माफी योजना के तहत पात्र किसानों के दो लाख रुपये तक के अल्पकालिक फसल ऋण माफ किए जा रहे हैं। योजना में वर्ष 2019 से 2025 के बीच लिए गए ऋण शामिल हैं। फडणवीस ने संवाददाताओं से कहा कि पहली सूची में करीब 16 लाख किसानों के नाम थे, जिसे जमीन के सत्यापन के लिए भेजा गया था। आधार प्रमाणीकरण के बाद करीब 6.22 लाख किसानों की पहली सूची अंतिम रूप से तैयार हुई और आज उनके बैंक खातों में 5,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जमा कर दी गई। जिन पात्र किसानों का आधार प्रमाणीकरण पूरा हो जाएगा।

चीन के निर्यात की वृद्धि दर घटी

बैंकॉक। उच्च प्रौद्योगिकी वाले इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों और वाहनों की मजबूत वैश्विक मांग के बावजूद जुलाई में चीन के निर्यात वृद्धि की रफ्तार पिछले महीने की तुलना में कुछ धीमी पड़ गई। सीमा शुल्क विभाग के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, जून में 125.6 अरब डॉलर रहा चीन का व्यापार अधिशेष जुलाई में घटकर 112.5 अरब डॉलर रह गया।

चीन का निर्यात जुलाई में सालाना आधार पर लगभग 24 प्रतिशत बढ़ा, जबकि इससे पिछले महीने जून में इसमें 27 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। वहीं, आयात जुलाई में सालाना आधार पर 27.5 प्रतिशत बढ़ा, जो जून में दर्ज




36 प्रतिशत की वृद्धि से कम रहा। जुलाई में चीन के व्यापार में तेजी कुछ कम हुई, लेकिन व्यापक तस्वीर यह है कि इलेक्ट्रॉनिक्स और हरित प्रौद्योगिकी उत्पादों की वैश्विक मांग मजबूत रहने से निर्यात और आयात का मूल्य उंचे स्तर पर बना हुआ है। ईरान युद्ध के कारण पश्चिम एशिया से एल्यूमीनियम की आपूर्ति प्रभावित हुई, जिससे चीन के एल्यूमीनियम निर्यात में वृद्धि हुई। व्यापार आंकड़ों से पता चलता है कि चीन अब मुख्य रूप से कम लागत वाले विनिर्माण से आगे बढ़कर उन्नत विनिर्माण के लिए आवश्यक मशीनरी और प्रमुख कलपुर्जों का प्रमुख आपूर्तिकर्ता बन गया है। जनवरी से जुलाई की अवधि के दौरान उच्च प्रौद्योगिकी वाले उत्पादों का निर्यात एक वर्ष पहले की समान अवधि की तुलना में लगभग 41 प्रतिशत बढ़ा। इस दौरान वाहनों का निर्यात 55 प्रतिशत और इलेक्ट्रॉनिक्स तथा मशीनरी का कुल निर्यात 26 प्रतिशत बढ़ा।

ब्रिक्स की अलग मुद्रा के पक्ष में नहीं है भारत

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत, ब्रिक्स समूह की अलग मुद्रा शुरू करने के पक्ष में नहीं है और ऐसी किसी योजना का समर्थन नहीं करता है।

ब्रिक्स समूह में दुनिया की उभरती और विकासशील 11 अर्थव्यवस्थाएं - ब्राजील, चीन, मिस्र, इथियोपिया, भारत, इंडोनेशिया, ईरान, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) शामिल हैं। यह समूह वैश्विक और क्षेत्रीय महत्व के समकालीन मुद्दों पर विचार-विमर्श तथा सहयोग के लिए एक मंच के रूप में काम करता है। जयपुर में ब्रिक्स देशों के व्यापार एवं उद्योग मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक के समापन के बाद गोयल ने संवाददाताओं से कहा, भारत ब्रिक्स मुद्रा के पक्ष में नहीं है। हम इसके पक्ष में नहीं हैं कि ब्रिक्स मुद्रा जैसी नयी योजना लाई जाय। भारत का उसपर



विरोध है। गोयल का यह बयान इसलिए अहम है क्योंकि वर्ष 2024 में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिक्स देशों को अमेरिकी डॉलर के स्थान पर किसी अन्य मुद्रा को बढ़ावा देने के प्रयासों के खिलाफ चेतावनी दी थी।

पिछले कुछ वर्षों में ब्रिक्स के सदस्य देश, खासकर रूस और चीन, अमेरिकी डॉलर के विकल्प की तलाश तथा अलग ब्रिक्स मुद्रा की संभावनाओं पर चर्चा करते रहे हैं। गोयल ने बताया कि बैठक में सदस्य देशों के बीच संतुलित व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के उपायों पर चर्चा हुई। सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए आसान तथा पर्याप्त वित्त उपलब्ध कराने के मुद्दे पर भी विचार-विमर्श किया गया।

इंटरटेनमेंट...

शूटिंग के दौरान रश्मिका मंधाना को लगी चोट

मुंबई। अभिनेत्री रश्मिका मंधाना ने पुष्टि की है कि अपनी आगामी फिल्म मायसा की शूटिंग के दौरान उनके दाहिने कूल्हे में चोट लग गई। अभिनेत्री ने बताया कि यह उनकी लगातार तीसरी चोट है। मंधाना ने सोमवार शाम इंस्टाग्राम पर अपनी सेहत को लेकर विस्तृत जानकारी साझा की। यह पोस्ट उन खबरों के बाद आई है, जिनमें कहा गया था कि डॉक्टरों ने उन्हें छह सप्ताह के पूर्ण आराम की सलाह दी है। उन्होंने लिखा, चोट लगना बहुत बुरा होता है। मैं चाहती थी कि किसी को इसके बारे में पता न चले, लेकिन अब सबको मालूम है। माफ कीजिए, मैं कुछ समय से गायब थी, लेकिन अब वापस आ गई हूं। यह कुछ समय पहले हुआ था और यह मेरी लगातार तीसरी चोट है। मुझे अपने शरीर को मशीन नहीं, इंसानी शरीर मानते हुए उसका ख्याल रखना सीखना चाहिए। अभिनेत्री ने बताया कि मायसा के एक डांस सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान उनके दाहिने कूल्हे से पैर को जोड़ने वाली टेंडन में से एक अलग हो गई।



उन्होंने कहा मेरे दाहिने कूल्हे की एक टेंडन अलग हो गई है। अब उसके दोबारा जुड़ने के बाद ही मैं सामान्य तरीके से पैर उठा पाऊंगी। यह मायसा के डांस की शूटिंग के दौरान हुआ। यह अब तक की मेरी सबसे चुनौतीपूर्ण फिल्म है। हालांकि, उन्होंने प्रशंसकों को भरोसा दिलाया कि उनकी तबीयत में सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा, दर्द है, लेकिन असहनीय नहीं। शायद भगवान मुझे यह कह रहे हैं कि अगर मैं खुद आराम नहीं करूंगी तो वह मुझे जबरन आराम करा देंगे। मंधाना ने इस चोट को अजीबोगरीब दुर्घटनो बताया और कहा कि वह पहेलियां (पजल्स) हल करके अपने इस मजबूरी के ब्रेक का पूरा सदुपयोग कर रही हैं। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि उन्हें अपने फिटनेस रूटीन की कमी सबसे ज्यादा खल रही है। उन्होंने लिखा, मैं पूरी कोशिश कर रही हूं कि मेरा वजन न बढ़े, क्योंकि मैं नियमित रूप से व्यायाम करती हूं। अब कुछ समय तक यह सब नहीं कर पाऊंगी। जब मैं व्यायाम नहीं करती तो बस खाना शुरू कर देती हूं और मिठाइयों की दीवानी बन जाती हूं। फिलहाल इतना ही, अगर कुछ और होगा तो जल्द बताऊंगी। आप सब चिंता मत कीजिए।

मेलबर्न में दिखायी जायेगी हुमा की फिल्म बयान

नयी दिल्ली। अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने भारतीय फिल्म महोत्सव मेलबर्न (आईएफएफएम) में अपनी आगामी फिल्म बयान की प्रस्तुति से पहले कहा कि इस फिल्म में उनकी भूमिका बेहद चुनौतीपूर्ण और



संतोषजनक रही है। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, बिकास रंजन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में हुमा रूही नाम की एक दृढ़ निश्चयी पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं, जो यौन उत्पीड़न के आरोपी एक प्रभावशाली नेता से जुड़े मामले की जांच करती है। उन्होंने एक बयान में कहा रूही एक ऐसी महिला है, जो भारी दबाव के बीच भी अपने सिद्धांतों पर अडिग रहती है। इस किरदार को निभाते हुए मुझे एक अभिनेत्री के रूप में कई तरह से अपनी सीमाओं से आगे बढ़ने का मौका दिया है। इस फिल्म की रोमांचक जांच-पड़ताल की कहानी के साथ-साथ सत्ता, सच और न्याय से जुड़े सवालों ने मुझे इसे करने के लिए आकर्षित किया।

आवारापन-2 में इमरान हाशमी फिर निभायेंगे शिवम पंडित का किरदार



मुंबई। फिल्म आवारापन के 19 साल बाद अभिनेता इमरान हाशमी एक बार फिर शिवम पंडित के किरदार में वापसी कर रहे हैं। विशेष फिल्म्स ने बुधवार को फिल्म का ट्रेलर जारी किया। फिल्म के ट्रेलर में उम्र और हालात से बदले शिवम की वापसी दिखाई गई है, जो अपने अतीत के नतीजों का सामना करते हुए बदला लेने के मिशन पर निकलता है। फिल्म में इमरान हाशमी मुख्य भूमिका में लौटे हैं, जबकि दिशा पटानी जारा के किरदार में नजर आएंगी। अभिनेत्री शबाना आजमी नफीसा की भूमिका अदा कर रही हैं। फिल्म में पूरन गब्बी (जोरावर), अनिरुद्ध रावल (सिकंदर), सुरेंद्र विक्की (जयदीप), विजयंत कोहली (महमूद) और अतुल कुमार (समर्थ) भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म के संगीत की जिम्मेदारी मिथुन, जीत गांगुली, अमाल मलिक, अंकित सचदेवा और वासिफ अहमद ने संभाली है, जबकि गीत सईद कादरी, रश्मि विराग, अखिल सचदेवा और सचिन सिंह चंदेल ने लिखे हैं।

ब्लूफ्लाई में रसेल क्रो के साथ दिखेंगी प्रियंका



लॉस एंजिलिस। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा फिल्म ब्लूफ्लाई में अभिनेता रसेल क्रो के साथ नजर आएंगी। द ब्लफ की अभिनेत्री ने बृहस्पतिवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट के जरिए यह खबर साझा की। पोस्ट में उन्होंने समाचार वेबसाइट डेडलाइन में छपे लेख की तस्वीर भी साझा की थी। उन्होंने इसके साथ लिखा, अब अगली फिल्म की ओर। डेडलाइन के अनुसार, विज्ञान पर आधारित काल्पनिक कथा वाली इस एक्शन थ्रिलर फिल्म का निर्देशन निमरोड एंटल ने किया है। फिल्म का निर्माण हाईलैंड फिल्म ग्रुप के तहत एरियन फ्रेजर और डेल्फिन पेरियर, पोलाइट सोसाइटी के तहत माइकल जेफरसन, ब्रोकन ओपन पिक्चर्स के लिए डेविड फ्रिगेरियो, जी2 डिस्पैच के तहत डेबोरा ग्लोवर एवं वैनेसा याओ गुओ ने किया है। फिल्म की आधिकारिक कहानी के अनुसार, गम में डूबे संयुक्त राष्ट्र के एक अनुवादक को कांगो के घने जंगलों में एक विमान को वापस लाने के गुप्त मिशन पर भेजा जाता है। इस मिशन का मकसद दुर्घटना का शिकार हुए एक ऐसे रहस्यमयी विमान को ढूंढना है।

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com